RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 293
लखनऊ, सोमवार, 15 अगस्त, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



गिल को तीसरे क्रम पर करनी पड़ सकती है बल्लेबाजी

स्पोर्ट्स-12

# देश के लिए सर्वस्व अर्पण करने का संकल्प लें

## ● भारत ने दुनिया को लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता का पता लगाने में मदद की: राष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि भारत ने दुनिया को लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता का पता लगाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि देश में आज संवेदनशीलता एवं करुणा के जीवन-मूल्यों को प्रमुखता दी जा रही है और इन जीवन-मूल्यों का मुख्य उद्देश्य वंचित, जरूरतमंद तथा समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों के कल्याण के वास्ते कार्य करना है।

मुर्मू ने 76वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में कहा कि प्रमुख आर्थिक सुधारों के साथ अभिनव कल्याणकारी पहल की जा रही है और दुनिया ने हाल के वर्षों में नए भारत को विकसित होते देखा है, विशेषकर कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद। राष्ट्रपति ने कहा कि जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तो दुनिया के कई नेता और विशेषज्ञ थे, जिन्हें उस समय गरीबी और निरक्षरता के कारण भारत में सरकार के लोकतांत्रिक स्वरूप की सफलता के बारे में संशय था। उन्होंने कहा, हम भारतीयों ने संदेह जताने वाले लोगों को गलत साबित किया। इस मिट्टी में न केवल लोकतंत्र की जड़ें बढ़ीं, बल्कि समृद्ध भी हुईं। उन्होंने कहा, हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, हमारा संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हम अपने स्वाधीनता सेनानियों के सपनों को पूरी तरह साकार कर लेंगे। इसी काल-खंड में हम बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में संविधान का निर्माण करने वाली विभूतियों के दृष्टिकोण को साकार कर चुके होंगे। एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हम पहले से ही तत्पर हैं। वह एक ऐसा भारत होगा जो अपनी संभावनाओं को साकार कर चुका होगा। मुर्मू ने कहा कि14 अगस्त के दिन को विभाजन-विभीषिका स्मृति-दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और इस स्मृति दिवस को मनाने का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, मानव सशक्तीकरण और एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, 15 अगस्त 1947 के दिन हमने औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों को काट दिया था। उस दिन हमने अपनी नियति को नया स्वरूप देने का निर्णय लिया था।

उन्होंने कहा, उस दिन की वर्षगांठ मनाते हुए हम लोग सभी स्वाधीनता सेनानियों को सादर नमन करते हैं। उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया ताकि हम सब एक स्वाधीन भारत में सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी हमारे साथ-साथ विश्व में हर लोकतंत्र समर्थक के लिए उत्सव का विषय है। अपने 17 मिनट के संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि विश्व में चल रही आर्थिक कठिनाई के विपरीत, भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय सरकार तथा नीति-निर्माताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि देश का विकास अधिक समावेशी होता जा रहा है और क्षेत्रीय असमानताएं भी कम हो रही हैं। उन्होंने कहा, इस कोविड महामारी का सामना हमने जिस तरह किया है उसकी सर्वत्र सराहना की गई है। हमने देश में ही निर्मित टीके के साथ मानव इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया। पिछले महीने हमने कोविड रोधी टीके की दो सौ करोड़ खुराक का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस महामारी का सामना करने में भारत की उपलब्धियां विश्व के अनेक विकसित देशों से अधिक रही हैं। उन्होंने कहा, इस प्रशंसनीय उपलब्धि के लिए हम अपने वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिक्स और टीकाकरण से जुड़े कर्मचारियों के आभारी हैं। इस आपदा में कोरोना योद्धाओं द्वारा किया गया योगदान विशेष रूप से प्रशंसनीय है। मुर्मू ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरे विश्व में मानव-जीवन और अर्थव्यवस्थाओं पर कठोर प्रहार किया है। उन्होंने कहा, जब दुनिया इस गंभीर संकट के आर्थिक परिणामों से जूझ रही थी, तब भारत ने स्वयं को संभाला और अब पुन: तीव्र गति से आगे बढ़ने लगा है। इस समय भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थ-व्यवस्थाओं में से एक है। भारत के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र का विश्व में ऊंचा स्थान है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। कन्नड़ भाषा के माध्यम से भारतीय साहित्य को समृद्ध करने वाले महान राष्ट्रवादी कवि कुवेम्पु ने कहा है: मैं नहीं रहूंगा, न रहोगे तुम, परन्तु हमारी अस्थियों पर उदित होगी, उदित होगी नए भारत की महागाथा।

उन्होंने कहा, उस महान कवि का यह स्पष्ट आह्वान है कि मातृभूमि तथा देशवासियों के उत्थान के लिए सर्वस्व बलिदान करना हमारा आदर्श होना चाहिए। इन आदर्शों को अपनाने के लिए मैं अपने देश के युवाओं से विशेष अनुरोध करती हूं। वे युवा ही 2047 के भारत का निर्माण करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में वोट देने का अधिकार प्राप्त करने के लिए महिलाओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन गणतंत्र की शुरुआत से ही भारत ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार आधुनिक भारत के निर्माताओं ने प्रत्एक वयस्क नागरिक को राष्ट्र-निर्माण की सामूहिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारत को यह श्रेय जाता है कि उसने विश्व समुदाय को लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप की सफलता, विशेष रूप से यूनिकॉर्न की बढ़ती संख्या औद्योगिक प्रगति का एक जबरदस्त ( शेष पेज 4 )

# समृद्ध, सुरक्षित भारत के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा: योगी




विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर लखनऊ में लोक भवन से सरदार पटेल पार्क स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तक मौन पद यात्रा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को देश के प्रति जिम्मेदारियों का अहसास कराते हुए कहा कि एक समृद्ध और सुरक्षित भारत के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत उत्तर प्रदेश होमगार्ड संगठन की ओर से आयोजित तिरंगा मार्च मोटरसाइकिल रैली के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, मेरा देश मेरे व्यक्तिगत जीवन, मेरे पारिवारिक जीवन, मेरे सामाजिक जीवन से भी महत्वपूर्ण होगा, इस भाव से जब हम कार्य करेंगे तो कोई कारण नहीं कि आगामी 25 वर्षों की जो कार्ययोजना मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) ने प्रस्तुत की है, उसमें भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगा।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी ने अगले 25 वर्षों के लिए एक अमृतकाल हम सबके सामने निर्धारित किया है। एक समृद्ध और सुरक्षित भारत के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। ईमानदारी के साथ किए गए प्रयास उतने ही सार्थक परिणाम हम सबके सामने प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, देश के प्रति भारत के हर नागरिक का अपना दायित्व है, हर व्यक्ति इस बात को जानता है कि हमारा अस्तित्व और हमारी अस्मिता इसलिए है, क्योंकि यह हमारा देश है और हमारा देश सुरक्षित है तो हम सुरक्षित है। उन्होंने कहाकि आजादी का अमृत महोत्सव से हर व्यक्ति को जोड़ने का जो कार्यक्रम बना है, उसका प्रमाण हम सबके सामने है।

इस सदी की सबसे बड़ी महामारी (कोरोना वायरस) से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बचाने के लिए जो प्रयास हुए वह अभिनंदनीय है और इसमें हर तबके का अपना योगदान है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मी, प्रशासन, शासन, पुलिस के कार्मिक और होमगार्ड के जवान और ( शेष पेज 4 )

## अवकाश सूचना




**स्वतंत्रता दिवस** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 15 अगस्त 2022 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 अगस्त 2022 को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,462 | |
| निफ्टी | 17,698 | |
| सोना | 52,915 | /10g |
| चांदी | 59,166 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रुश्दी का समर्थन करने वाली लेखिका को हत्या की धमकी

**लंदन, लॉस एंजिलिस।** हैरी पोर्टर की लेखिका जेके रॉउलिंग को मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी पर न्यूयॉर्क में हमले के बाद उनका समर्थन करने के लिए जान से मारने की धमकी मिली है, जिसकी जांच स्कॉटलैंड पुलिस कर रही है। पुलिस ने रविवार को बताया कि माना जा रहा है कि यह ऑनलाइन धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है और मामले की जांच की जा रही है। रॉउलिंग (57) ने धमकी का स्क्रीनशॉट ट्विटर पर साझा किया गया है, जिसमें लिखा गया है चिंता न करो, अगली तुम ही हो। रॉउलिंग को जिस ट्विटर एकाउंट से धमकी भेजी गई है, उसी पर न्यूयॉर्क में 75 वर्षीय रुश्दी पर हमला करने वाले की प्रशंसा करने वाले संदेश भी पोस्ट किए गए है। स्कॉटलैंड पुलिस ने कहा, हमें ऑनलाइन धमकी मिलने की सूचना मिली है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे है।

### कांग्रेस विधायक के इस्तीफे के बाद तेलंगाना में राजनीति तेज

**हैदराबाद।** कांग्रेस के विधायक के. राजगोपाल रेड्डी के अपने पद और पार्टी से इस्तीफा देने के साथ ही तेलंगाना में सियासी पारा चढ़ गया है। रेड्डी मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। माना जा रहा है कि रेड्डी के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई सीट पर होने वाले उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले दल को अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में बढ़त मिल सकती है। राजगोपाल रेड्डी ने आठ अगस्त को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया था, जिन्होंने इसे स्वीकार कर लिया था। इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट पर छह महीने के भीतर उपचुनाव कराने की आवश्यकता होगी। राजगोपाल रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी से और विधायक पद से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया।

# विभाजन हमारे इतिहास का दुखद काल: मोदी

## ● विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री ने उस दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी

## ● भाजपा ने विभाजन को मंजूरी देने के लिए कांग्रेस पर हमला बोला, जवाबदेही पूछी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर यात्रा निकालते भाजपा नेता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को याद करते हुए कहा कि 'ये दिन भारतीयों द्वारा भोगे गए कष्ट और त्याग की हमें याद दिलाता है। प्रधानमंत्री की तर्ज पर भाजपा ने इस मौके पर पूरे देश में शांति रैलियां निकाली तथा कार्यक्रमों का आयोजन किया। पार्टी ने विभाजन की अनुमति देने के लिए कांग्रेस पर भी हमला बोला।

भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी में जंतर-मंतर पर विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन मार्च निकाला। एक ट्वीट में पीएम ने कहा कि आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। विभाजन के दौरान जिन लोगों ने जान गंवाई है मैं उनको श्रद्धांजलि देता हूं और उन सभी लोगों की सराहना करता हूं जिन्होंने हमारे इतिहास के इस दुखद काल में तकलीफें झेली लेकिन अपना सब्र बनाए रखा। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया था कि 14 अगस्त को हर साल विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिससे कि देश को 1947 में विभाजन के दौरान भारतीयों के त्याग और तकलीफों को याद दिलाया जा सके।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लाखों लोगों को श्रद्धांजलि दी। सिलसिलेवार ट्वीट में शाह ने कहा कि 1947 में हुआ विभाजन भारतीय इतिहास का अमानवीय अध्याय है, इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा ने कांग्रेस का नाम लेते हुए एक वीड़ियो में यह जानना चाहा कि उन लोगों द्वारा जो सारे मसलों को देख रहे थे विभाजन क्यों नहीं रोका गया। भाजपा के वीडियो में सिरिल जॉन रेडक्लिफ का नक्शा दिखाया गया जिसमें पंजाब और बंगाल को लगभग आधा कर दिया गया है। पार्टी ने सवाल उठाया कि एक ऐसा व्यक्ति जिसे भारत की सांस्कृतिक विरासत के बारे में कुछ अता-पता नहीं था उसे कैसे ( शेष पेज 4 )

### सियासी लाभ लेना पीएम की मंशा: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रविवार को आरोप लगाया कि 14 अगस्त के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वास्तविक मंशा सबसे दुखद ऐतिहासिक घटनाओं को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि विभाजन की त्रासदी का इस्तेमाल नफरत और पूर्वाग्रह की भावना को भड़काने के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति हारेगी और कांग्रेस गांधी, नेहरू, पटेल तथा अन्य नेताओं की विरासत को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र को एकजुट करने का प्रयास जारी रखेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल घोषणा की थी कि लोगों के संघर्ष और बलिदान ( शेष पेज 4 )

# आतंकी मोहम्मद नदीम का साथी सैफुल्ला कानपुर से गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** एटीएस ने कुख्यात आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े एक और आतंकी हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला को रविवार को कानपुर से गिरफ्तार किया। सैफुल्ला सहारनपुर से गिरफ्तार मोहम्मद नदीम के भारतीय कनेक्शन से जुड़ा हुआ था। उसे पूछताछ के लिए फतेहपुर से कानपुर लाया गया था, जहां बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। नदीम के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान उससे प्रारंभिक पूछताछ में सैफुल्ला का नाम सामने आया। इसके बाद विवेचक के निर्देश पर उसे फतेहपुर से ( शेष पेज 4 )

# बिग बुल राकेश झुनझुनवाला नहीं रहे

## ● प्रधानमंत्री समेत कई गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया

**भाषा।** मुंबई



**शेयर** बाजार के दिग्गज निवेशक और भारत के वारेन बफे कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला का रविवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। उनकी नेटवर्थ 5.8 अरब डॉलर (46,000 करोड़ रुपए) थी। झुनझुनवाला की तरफ से हाल ही में शुरू की गई एयरलाइन आकाश एयर के एक सूत्र ने बताया कि झुनझुनवाला को रविवार सुबह दिल का दौरा पड़ा।

उन्हें फौरन ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने तक उनका निधन हो चुका था। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्हें गुर्दे को लेकर कुछ परेशानी थी। अपने आखिरी सार्वजनिक कार्यक्रम में वह व्हीलचेयर पर आए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झुनझुनवाला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने आर्थिक जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, राकेश झुनझुनवाला जिंदादिल, हाजिरजवाब और गहरी समझ वाले व्यक्ति थे। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने ट्वीट किया कि श्री राकेश झुनझुनवाला अब नहीं रहे। वह जोखिम लेने में काफी साहस दिखाते थे और शेयर बाजार को लेकर उनकी समझ जबर्दस्त थी।

मेरी उनके साथ कई बार बातचीत हुई। उनको भारत की ताकत और क्षमता में भरोसा था। देश के सबसे अमीर व्यक्ति और अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी ने कहा कि झुनझुनवाला पूरी पीढ़ी के लिए प्रेरणा थे। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि झुनझुनवाला को भारत ( शेष पेज 4 )

# महाराष्ट्र में शिंदे कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

## ● फडणवीस को गृह और वित्त, मुख्यमंत्री ने शहरी विकास अपने पास रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



फाइल चित्र

**मंत्रिपरिषद** में 18 मंत्रियों को शामिल करने के पांच दिन बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को विभागों का आवंटन कर दिया। उन्होंने नगर विकास और 11 अन्य विभाग जहां अपने पास रखे हैं, वहीं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अहम गृह विभाग आवंटित किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि भाजपा नेता फडणवीस वित्त और योजना विभाग भी संभालेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ही राधाकृष्ण विखे पाटिल नए राजस्व मंत्री होंगे। वह 2019 के विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के 41 दिन बाद नौ अगस्त को 18 मंत्रियों को शामिल कर अपनी दो सदस्यीय मंत्रिपरिषद का विस्तार किया था।

इसमें नौ मंत्री भाजपा से और नौ मंत्री शिवसेना के बागी खेमे से शामिल किए गए थे। मंत्रियों की सूची में किसी महिला का नाम नहीं था। मुख्यमंत्री ने शहरी विकास विभाग के अलावा सामान्य प्रशासन विभाग, लोक निर्माण विभाग (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम), सूचना एवं जनसंपर्क, परिवहन, विपणन, सामाजिक न्याय, आपदा प्रबंधन, राहत एवं पुनर्वास, मृदा एवं जल संरक्षण, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग अपने पास रखे हैं। फडणवीस, गृह, वित्त और योजना विभागों के अलावा कानून और न्यायपालिका, जल संसाधन, आवास, ऊर्जा और प्रोटोकॉल विभाग भी संभालेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाने वाले चंद्रकांत पाटिल नए उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री होंगे। इसके साथ ही ( शेष पेज 4 )

# सियाचिन में 38 साल पहले लापता जवान का अवशेष मिला

## ● उत्तराखंड के हल्द्वानी के रहने वाले थे लांस नायक चंद्रशेखर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लांस नायक चंद्रशेखर के चित्र के साथ उनके परिजन — फाइल चित्र

**सियाचिन** ग्लेशियर में सेना को 38 साल बाद एक जवान का शव मिला है। जवान की पहचान लांस नायक चंद्रशेखर के रूप में हुई है। विश्व के सबसे बड़े युद्ध के मैदान सियाचिन में आए एक बर्फीले तूफान के बाद यह जवान लापता हो गया था। एक खोजी दल को शनिवार को 16,000 फीट ऊंचाई पर एक पुराने बंकर से चंद्रशेखर के शरीर का अवशेष मिला।

कंकाल के गले से लिपटी प्लेट से की उसकी पहचान हुई। 19वीं कुमांयू रेजीमेंट में अपनी सेवा देने वाला जवान उत्तराखंड के हल्द्वानी का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी और दो बेटियां थीं। सूत्र ने बताया कि इस हादसे के समय उसकी बड़ी बेटी 8 साल की और छोटी बेटी 4 साल की थी। हल्द्वानी में जवान की शव यात्रा उसकी यूनिट के कई सेवानिवृत्त जवानों और परिजनों के शामिल होने की संभावना है। 1984 में जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, भारतीय सेना ने कुछ समय पहले ही एक टीम को तैनात किया था। शेखर भी उस टीम का हिस्सा थे जिसे 5965 प्वाइंट पर कब्जा करने के लिए भेजा गया था। इस पर पाकिस्तान भी आंख गड़ाए बैठा था। 19वीं कुमांयू रेजीमेंट भारतीय सेना की उस टुकड़ी का हिस्सा थी जिसे ग्लेशियर पर तैनात किया गया था। शेखर की टुकड़ी उस समय वहां ठहरी थी जब बर्फीला तूफान आया ( शेष पेज 4 )

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण करना हम सभी का कर्तव्य: योगी

● सीएम सहित दोनों उप मुख्यमंत्रियों व मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह स्वाधीनता दिवस विशिष्ट है। इस स्वतंत्रता दिवस पर हमारा देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्र अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वाधीनता के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का आदरपूर्वक स्मरण करना हम सभी का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यह कार्य आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव 75 वर्षों की विकास यात्रा के आत्मावलोकन के साथ-साथ आगामी 25 वर्ष के अमृत काल में नये भारत के निर्माण का अवसर है। सीएम ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए स्वाधीनता दिवस समारोह-2022 को मनाने की अपील की है।

वहीं इसके अलावा योगी सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री समेत मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बधाई संदेश में कहा कि देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। आज का दिन उनके त्याग और बलिदान को स्मरण करने का दिन है। शहीदों ने देश का भविष्य बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज का दिन उनको नमन करने का दिन है। मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रदेश के पशु एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कहा कि यह शुभ दिन देश की आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले तमाम ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन करने का दिन है। हम सभी को उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा ग्रहण करते हुए राष्ट्र निर्माण में जुट जाना चाहिए। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देश में आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। यह दिन हम सभी के लिए खास है देश के वीर सपूतों के बलिदान से हम विदेशी ताकतों को देश से बाहर खदेड़ने में सफल हुए। उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा ग्रहण करते हुए हमे राष्ट्र निर्माण में जुट जाना चाहिए ताकि उनके सपने साकार हो सकें। प्रदेश के होमगार्ड्स एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं जीपीओ पार्क हजरतगंज से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। धर्मवीर प्रजापति ने जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ बाइक पर सवार होकर इस मार्च के साक्षी बने। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लोग अपने घरों में तिरंगा लगाकर देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त प्रत्येक भारतीय के लिए खास दिन है, इसी दिन देश को गुलामी से आजादी मिली थी। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह दिन हम सभी के लिए खास है क्योंकि 15 अगस्त को ही देश को एक लम्बी लड़ाई के बाद गुलामी से मुक्ति मिली थी। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने बधाई संदेश में कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें आत्मचिन्तन करने तथा महान देशभक्तों के सपनों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान होने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि इन देश भक्तों को सदैव याद रखा जाएगा।

### स्वाधीनता दिवस देशवासियों में नई ऊर्जा और नवचेतना का संचार करेगा: आंनदी बेन

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि 15 अगस्त 2022 को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के साथ ही देश 76वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आजादी के अमृत महोत्सव के पुनीत अवसर पर स्वाधीनता दिवस का यह पर्व देशवासियों में नई ऊर्जा और नवचेतना का संचार करेगा।

### सौहार्द्र के साथ ही देश की अखण्डता को कायम रखने का संकल्प लेना है: महाना

**लखनऊ।** उप्र विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आजादी के अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर यह सांस्कृतिक राष्ट्रभाव की विजय स्मृति है। हम इस दिन को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। इस दिन हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करते हैं जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना प्राणोत्सर्ग कर दिया। राष्ट्र उत्सव के इस अवसर पर हमें आपसी सौहार्द के साथ ही देश की अखण्डता को कायम रखने का संकल्प लेना है।

## बंटवारे की त्रासदी के शिकार लोगों को सीएम ने दी मौन श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** हाथ में तिरंगा, चेहरे पर विभाजन का दंश झेलने वालों के लिए दु:ख और अपने मौन की गूंज से 75 वर्ष पहले हुई विश्व की सबसे बड़ी त्रासदी की याद दिलाने की कोशिश करता पैदल मौन मार्च। यह दृश्य रविवार को राजधानी के विधानभवन से सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा तक देखने को मिला। बंटवारे के दौरान अपनों को खोने के दर्द को महसूस करने और सबको याद दिलाने की कोशिश करते इस मार्च का नेतृत्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे थे। बगल में उनके दोनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य तो पीछे मंत्रियों का समूह और उनके साथ विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवारों के सदस्य मौन श्रद्धांजलि देते हुए चल रहे थे।

मार्च आगे बढते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तक पहुंचा। यहां सीएम योगी ने विभाजन के दंश को दर्शाती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में विभाजन की त्रासदी से जुड़ी तस्वीरें और उससे संबंधित जानकारियों को जनता के लिये प्रदर्शित किया गया था। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवारों के सदस्यों ने सीएम से अपना दर्द भी बांटा। साथ ही बंटवारे के वक्त पाकिस्तान में अपना सर्वस्व छोड़कर यहां आये परिवारों ने उन वस्तुओं को भी सीएम को दिखाया, जिन्हें वो अपने साथ लेकर आये थे। किसी के पास अपनी मां की याद से जुड़े सामान थे तो कोई पाकिस्तान से लेकर आये 1926 के बने बर्तनों को दिखा रहा था। भावुक कर देने वाली ये प्रदर्शनी सन् 1947 में हुई बर्बरता की याद तो दिला ही रही थीए साथ ही भारी कष्ट झेलकर पाकिस्तान से भारत आये शरणार्थी से पुरुषार्थी बने परिवारों के संघर्षों से भरी कहानी को भी बयां कर रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचे और राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## मायावती ने की राजस्थान सरकार को बर्खास्त करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजस्थान के** जालौर जिले के सुराणा में निजी स्कूल के एक शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत पर राजनीति शुरू हो गयी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटना पर नाराजगी जताई है और राजस्थान सरकार की आलोचना करते हुए उसे बर्खास्त कर राष्ट्पति शासन लगाने की मांग की है। रविवार को मायावती ने अपने ट्वीट में लिखा कि राजस्थान के जालौर जिले के सुराणा में प्राइवेट स्कूल के 9 साल के दलित छात्र द्वारा प्यास लगने पर मटके से पानी पीने पर सवर्ण जाति के जातिवादी सोच के शिक्षक ने उसे इतनी बेरहमी से पीटा कि कल उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना की जितनी निन्दा व भर्त्सना की जाए वह कम है। उन्होंने आगे लिखा कि राजस्थान में आए दिन ऐसी जातिवादी दर्दनाक घटनाएं होती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस की सरकार वहां खासकर दलितों, आदिवासियों व उपेक्षितों आदि के जान व इज्जत.आबरू की सुरक्षा करने में नाकाम है। अत: इस सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाये तो बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के एक निजी स्कूल में एक अध्यापक ने दलित बच्चे नौ वर्षीय इंद्र कुमार मेघवाल को पानी पीने के बर्तन को छूने के कारण कथित तौर पर पीटा था, जिससे बच्चे की मौत हो गई।






## सपा मुखिया ने स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को आजादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान के फलस्वरूप मिली है। इस आजादी की सुरक्षा में देशवासियों को आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना होगा। श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से समाजवादीए धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण में योगदान की अपील की है। अखिलेश यादव ने कहा है कि हम सब समाजवादी 9 से 15 अगस्त 2022 तक घर-घर तिरंगा अभियान में भागीदारी कर रहे है। राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव का प्रतीक है।

## स्वतंत्रता दिवस पर एडीजी व आईजी समेत 2688 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वतंत्रता दिवस** के मौके पर सोमवार को एडीजी, आईजी, डीआईजी व एसपी समेत 2658 पुलिसकर्मियों को विभिन्न पुरस्कार देने की घोषणा की है। इनमें डीजीपी का प्लेटिनम, गोल्ड व सिल्वर प्रशंसा चिह्न प्राप्त करने वाले 251 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इसके साथ ही पहली बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभाग के खिलाड़ियों को डीजीपी का प्रशंसा चिह्न सिल्वर दिया गया है। इसमें पुलिस के 24 खिलाड़ी शामिल हैं।

आपरेशनल-शौर्य के आधार पर डीजीपी प्रशंसा चिह्न प्लेटिनम के लिए मेरठ जोन के एडीजी राजीव सभरवाल, एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव, एडीजी पीएसी मुख्यालय लखनऊ डॉ केएस प्रताप कुमार, आईजी पीएसी पश्चिमी जोन मुरादाबाद अमित चंद्रा, आईजी लखनऊ रेंज लक्ष्मी सिंह और डीआईजी देवीपाटन रेंज उपेन्द्र अग्रवाल, एसपी सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान और एसपी बाराबंकी अनुराग वत्स समेत 12 पुलिसकर्मी शामिल हैं। शौर्य के लिए डीजीपी प्रशंसा चिह्न गोल्ड पाने वालों में एडीजी साइबर क्राइम सुभाष चंद्रा, एडीजी पुलिस आवास निगम प्रकाश डीए एडीजी जोन बरेली राज कुमार, आईजी-सचिव गृह तरुण गाबा, डीआईजी पीएसी मध्य जोन अर्पणा कुमार, डीआईजी मुरादाबाद रेंज शलभ माथुर व डीआईजी तकनीकी सेवाएं लखनऊ प्रतिभा अंबेडकर समेत 22 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसी तरह शार्य के लिए डीजीपी प्रशंसा चिह्न सिल्वर पाने वालों में आईजी कानपुर रेंज प्रशांत कुमार द्वितीय, आईजी आगरा रेंज नचिकेता झा और अपर पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट आनंद प्रकाश तिवारी समेत 216 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसके अलावा एसटीएफ के सब इंस्पेक्टर अंगद सिंह यादव को शौर्य के आधार पर डीजीपी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न दिया जाएगा। साथ ही 19 पुलिसकर्मियों को शौर्य के आधार पर डीजीपी का सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न दिया जाएगा। इसके अलावा 40 पुलिसकर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्नए 50 पुलिसकर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी का प्रशंसा चिह्न तथा 180 को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी का सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न दिया जाएगा।

### आईजी भगवान स्वरूप समेत 2133 को केंद्रीय गृह मंत्रालय का पदक

**आईजी इंटेलीजेंस** भगवान स्वरूप समेत 2123 पुलिसकर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय का उत्कृष्ट सेवा पदक और अति उत्कृष्ट सेवा पदक दिया जाएगा। सेवा अभिलेख के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय का उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में आईजी भगवान स्वरूप के अलावा लखनऊ कमिश्नरेट के आईजी पीयूष मोर्डिया, पुलिस भर्ती बोर्ड की आईजी पद्मजा चौहान व आईजी डीजीपी मुख्यालय डॉ संजीव गुप्ता समेत 972 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसी तरह सेवा अभिलेख के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय का अति उत्कृष्ट पदक प्राप्त करने वालों में डीजी मानवाधिकार संदीप सालुंके, एडीजी जोन लखनऊ बृज भूषण व आईजी प्रयागराज रेंज डॉ राकेश सिंह समेत 1151 पुलिसकर्मी शामिल हैं।






## बीजेपी ने विभाजन विभीषिका दिवस पर निकाला मौन जुलूस

**लखनऊ।** बीजेपी लखनऊ महानगर ईकाई की ओर से रविवार को शहर के विभिन्न इलाकों में विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस निकाला। इस दौरान देश बटवारे की दुखद घटना के बारे में लोगों को बताया गया। लखनऊ के सभी मंडलों में विभाजनविभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। आयोजन का मकसद युवाओं को बंटवारे से जुड़े उस इतिहास को बताना है जिसने देश के दो टुकड़े कर दिए। इस अवसर पर लखनऊ महानगर के सभी मंडलों में मौन जुलूस निकाला गया। चौक चौराहा, पुरनिया सीतापुर रोड, डालीगंज क्रॉसिंग, किरण गैस सर्विस पूरनिया, जानकीपुरम चौराहा, बुद्धेश्वर चौराहा, बालागंज, राम प्रसाद बिस्मिल पार्क राजाजीपुरम, संदोहन मंदिर चौपटिया, सुजानपुरा, पराग चौराहा दीनदयाल स्मृतिका, तोपखाना बाजार, पेपर मिल कॉलोनी, जगरानी हॉस्पिटल, मानसरोवर बैंक इंदिरा नगर, अरविंदो पार्क, मंत्री आवास गोमती नगर, अमौसी मेट्रो स्टेशन, बंगला बाजार, नीलमथा चौराहा में मौन पदयात्रा निकाली गई।


पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र सोहित सिंह व उसकी पत्नी साक्षी सिंह उर्फ जूली सिंह को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। रामसनेही सिंह पुत्र दिल्ली सिंह निवासी-ग्राम व पोस्ट बंजरिया, थाना इमलिया सुल्तानपुर, परगना-सीतापुर, तहसील-महोली, जिला-सीतापुर।








सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# शिक्षण संस्थानों ने मनाया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

## ● लखनऊ विवि में तिरंगे के साथ निकाली गयी प्रभात फेरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजादी के** अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को शिक्षण संस्थानों की तरफ से प्रभातफेरी निकाल कर तिरंगे के प्रति देश प्रेम को प्रकट किया गया, वहीं विभाजन स्मृतिका दिवस भी मनाया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी क्रीडांगन से रविवार को प्रात: 7 बजे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी शिवाजी क्रीडांगन से हनुमान सेतु, परिवर्तन चौक होते हुए जीपीओ के गांधी प्रतिमा से वापस लखनऊ विश्वविद्यालय तक निकाली गई। प्रभात फेरी का नेतृत्व विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने किया। प्रभात फेरी के शुभारंभ से ही मूसलाधार बारिश होने लगी किंतु छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की ऊर्जा कम नहीं हुई। सभी लगातार भारत माता की जय, वन्दे मातरम के जयघोष लगाते रहे। गांधी प्रतिमा पर पहुंच कर कुलपति ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में शिवाजी क्रीडांगन पर राष्ट्रगान के साथ इसका प्रभात फेरी का समापन किया गया। इसके उपरान्त विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अनूप कुमार भारतीय के पर्यवेक्षण में रविवार को विभाजन की भयावहता को याद करने के लिए एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस रहा। सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई। उद्घाटन पंडित दीन दयाल उपाध्याय एडवांस रिसर्च सेंटर में हुआ। दूसरे मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग ने आज भारत विभाजन की त्रासदी को याद करने के लिए श्भारत के विभाजन पर एक वार्ता का आयोजन किया। वक्ता प्रो रंजना मिश्रा ने भारत के विभाजन के कारणों और भारत के साथ-साथ पाकिस्तान की राजनीति, समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति पर इसके प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभाजन के एवज में समाज के कमजोर वर्ग के रूप में महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं और हिंसा पर भी चर्चा की।



**रन विद तिरंगा रैली निकली:** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम में रविवार को रन विद तिरंगा रैली निकाली गई। साथ ही क्विज स्लोगन लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता भी हुई। कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार मिश्र के निर्देशन में विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रोफेसर एमके दत्ता के नेतृत्व में झंडारोहण के बाद अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ लगाया । रैली सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के मुख्य द्वार से रन विद तिरंगा निकाला गया। साथ ही क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया। इस दौरान डॉ अनुज शर्मा राम कुमार पाठक सौरभ सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**भाषा विश्वविद्यालय में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन कुलपति प्रो एनबी सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, एनसीसी कैडेट्स, रोवर रेंजर तथा अन्य विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित भाषण, गायन तथा कविता पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा तथा डॉ बुशरा अलवेरा ने कार्यक्रम का उद्देश्य कथन तथा धन्यवाद ज्ञापन किया। विवि में आज 75 साल बेमिसाल विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों से 70 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर की प्रदर्शनी ने सभी को मोहित करने के साथ साथ विश्वविद्यालय परिसर में आज़ादी के उत्सव को नया रंग दिया।






केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव को यादगार बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों का नामांकरण किया गया है। जिनमें प्रशासनिक भवन को आचार्य नरेंद्र देव प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन को अबुल कलाम आज़ाद शैक्षणिक भवन, पुरुष छात्रावास को नेताजी सुभाष पुरुष छात्रावास, महिला छात्रावास को रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास, पुस्तकालय को राम प्रसाद बिस्मिल पुस्तकालय, अतिथिगृह को अशफाक उल्ला खाँ अतिथिगृह, दीक्षांत हॉल को अटल हॉल, जिमनेसियम को चंद्रशेखर आज़ाद व्यायामशाला, रूसा भवन को गणेश शंकर विद्यार्थी स्टडी सेंटर के नाम से जाना जाएगा।

**शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में याद की गयी विभाजन की त्रासदी:** डा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 75वें आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुरुष एवं महिला छात्रावास में विभाजन की त्रासदी, आजादी एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त के क्रम में पुरुष छात्रावास में सन 1947 में भारत में एक आंतरिक शांति और व्यवस्था के लिए भारत के विभाजन की अनिवार्यता विषय पर एक वाद. विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में विभाजन की त्रासदी, आजादी एवं राष्ट्रीय मूल्यों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम में महिला छात्रावास की प्रोवोस्ट डा विजेता दुआ, सहायक प्रोवोस्ट डा सुधा राव, डा अमिता शुक्ला, डा प्रज्ञा श्रीवास्तव महिला छात्रावास के समस्त कर्मचारीगण एवं आवासित छात्राओं ने प्रतिभाग किया किया।

**स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन:** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में पुलिस मित्र परिवार लखनऊ द्वारा एक वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक में किया गया। जिसका उदघाटन संस्थान निदेशक प्रो डॉ सोनिया नित्यानंद एवं आईजी कविन्द्र प्रताप सिंह, निलब्जा चौधरी जेसीपी लखनऊ ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी और उनके परिवार और अन्य स्वैच्छिक रक्तदाता उपस्थित थे।

# नगर विकास मंत्री ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर विकास** एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को सुबह अटल चौक हजरतगंज में 15 अगस्त को होने वाले राष्ट्रगान और इस दौरान निकलने वाली प्रभात फेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर लौह पुरुष राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया और राष्ट्रीय ध्वज लगाया। इस दौरान एके शर्मा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरा देश तिरंगा मय हो चुका है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त अभय पांडे, अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह मौजूद रहे। राष्ट्रभक्ति की यह लहर सभी गांव, कस्बों, शहरों, सभी संस्थानों, सभी समाजो व वर्गों में दौड़ रही है। उन्होंने आज हजारों की संख्या में कई मदरसों विद्यालयों के बच्चों द्वारा तिरंगा झंडा लेकर 15 अगस्त को निकलने वाली प्रभात फेरी के लिए हो रहे रिहर्सल में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।








# कारगिल के वीर शहीदों की जन्मभूमि से एकत्रित पवित्र रज से राजभवन में किया पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर संयुक्ता** भाटिया ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव पूर्ण क्षण है और इन भारत मां के वीर सपूतों को अपनी कोख से जन्मने वाली और पालन पोषण परवरिश कर उनको सूरमा बनाने वाली पूज्य मांओं को मैं शत शत नमन करती हूं। यह पंक्तियां महापौर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय उत्सव की वर्षगांठ पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित कारगिल युद्ध के 76 वीर बलिदानियों की जन्मभूमि से एकत्रित पवित्र रज (मिट्टी) पर पुष्पांजलि करते हुए कहा।

महापौर ने कहा कि पुण्य रज को अपने माथे पर लगाकर, पूजा अर्चना कर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्य रज (मिट्टी) से हरिशंकरी पौधा लगाकर पौधरोपण किया। महापौर ने बताया कि कारगिल विजय की वर्षगांठ अर्थात 26 जुलाई 2022 के दिन देश की सीमाओं की रक्षा के लिए जिन वीर सैनिकों ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया था, उनकी याद में श्रद्धांजलि स्वरूप यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उस समय महामहीम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित कारगिल युद्ध के 76 वीर बलिदानियों की मातृभूमि से एकत्रित पवित्र रज पर पुष्पांजलि अर्पित कर उसकी पूजा अर्चना कर उन सेनानियों को अपनी श्रद्धांजलि दी थी। इसी कड़ी में आज के दिन राजभवन प्रांगण में कारगिल शहीदों की जन्मभूमि से एकत्रित रजध् मिट्टी से हरी शंकरी वृक्ष महापौर द्वारा रोपित किया गया और इसका नामकरण भी कारगिल बलिदानी हरिशंकरी वृक्ष के रूप में किया गया। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया संग अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह, अध्यक्ष मातृशक्ति आशा सिंह, महासचिव करनॉल शिवबालक सिंह, लखनऊ महानगर के अध्यक्ष कैप्टन इंदल सिंह सहित पूर्व सैनिक परिषद के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## महापौर की सौगत, 15 से 17 तक चार भूमिगत पार्किंग निशुल्क

**लखनऊ।** महापौर संयुक्ता भाटिया ने आजादी के अमृत महोत्सव पर शहर की 4 भूमिगत पार्किंग स्थलों को 15 अगस्त से 17 अगस्त तक निशुल्क कर दिया। हजरतगंज की मल्टीलेवल भूमिगत पार्किंग, लालबाग की झण्डी वाला भूमिगत पार्किंग, दयानिधान भूमिगत पार्किंग और सरोजनी नाायडू भूमिगत पार्किंग में 15 अगस्त से 17 अगस्त तक प्रात: 6 बजे से शाम के 6 बजे तक पार्किंग शुल्क नही देना पड़ेगा। महापौर ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगाँठ, 16 अगस्त को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों और 17 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के समापन के कार्यक्रमो में जनता की सहभागिता को देखते हुए निर्णय लिया। महापौर ने इस विषय नगर आयुक्त को पत्र लिख कर निर्देशित किया। वहीं महापौर ने अपील की कि 15 अगस्त के बाद तिरंगे को सड़क पर या इधर उधर न फेंके। उन्हें अगले वर्ष के लिए सम्हाल कर रखे। यदि कोई ध्वज खराब हो जाता है तो वह नगर निगम के मुख्यालय पर दे दे।

# सीजी सिटी व जनेश्वर मिश्र पार्क में मंडलायुक्त ने रोपे पौधे

## ● हनुमान सेतु के पास गोमती रिवर फ्रंट और गोमती नगर विस्तार के सेक्टर चार स्थित पब्लिक पार्क में लगाए गए 900 पौधे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आजादी के** अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा रविवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त, लखनऊ डॉ रोशन जैकब के नेतृत्व में हनुमान सेतु के निकट गोमती रिवर फ्रंट और गोमतीनगर विस्तार में 900 पौधे लगाये गये। इसके अतिरिक्त जनेश्वर मिश्र पार्क, सीजी सिटी, मानसरोवर योजना और शारदा नगर विस्तार योजना में भी बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया।

रविवार को मंडलायुक्त रौशन जैकब ने गोमती रिवर फ्रंट पर वृक्षारोपण किया। सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी, सचिव पवन कुमार गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और डीएफओ रवि कुमार द्वारा सर्वप्रथम गोमती रिवर फ्रंट में हरिशंकरी बनाते हुए पीपल, बरगद और पिलखन के पौधे एक साथ लगाये गये। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स, समाज सेवी संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से यहां कुल 700 पौधे लगाये गये। इसके बाद गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर.4 स्थित पब्लिक पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया।







# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का प्रतिफल है आजादी

## ● स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान, सराहनीय कार्य : राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष से जनपद आगरा में माथुर वैश्य महासभा द्वारा आयोजित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के सम्मान समारोह को सम्बोधित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाना एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कल हम अपनी आजादी के 75 वर्षों का समारोह मनाएंगे। भारत की आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्षों और बलिदानों का प्रतिफल है। यह हमारा दायित्व है कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्रेरणा लें, उनके आदर्शों को आत्मसात करें।

राज्यपाल ने वैश्य समाज के योगदानों की सराहना करते हुए कहा कि वैश्य समाज एक सक्षम समाज है। इस समाज को आगे आकर बेटियों और महिलाओं के उत्थान में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा समाज में अभी भी दहेज प्रथा और बाल विवाह की कुरीतियां व्याप्त हैं। वैश्य समाज को सामाजिक रूढ़ियों से उत्पीड़ित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा वैश्य सबल और सम्पन्न समाज वर्ग है, इसलिए समाज की वे महिलाएं जो आर्थिक विपन्नता के कारण अपने परिवार को सम्बल देने के लिए स्वयं आत्मनिर्भर होने का प्रयास कर रही हैं, उन्हें सहायता प्रदान करें और अपने विभिन्न अभियानों से जोड़कर उन्हे सक्षम बनाएं। कार्यक्रम में लघु उद्योगों से जुड़े व्यवसायियों की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालयों से भी सहयोग ले सकते हैं। वे अपनी उद्योग.जनित आवश्यकताओं पर कुलपतियों से चर्चा करके आवश्यक तकनीकी सहायता के कार्य करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुलपतियों को यह निर्देश है कि वे अपने छात्रों को लघु उद्योगों के प्रशिक्षण कार्यों से जोड़ें, लघु व्यवसायियों की आवश्यकता अनुसार प्रोजेक्ट कार्य करवाएं। समारोह में राज्यपाल जी ने रक्षा बंधन की बधाई भी दी, साथ ही उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को 15 अगस्त के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता दिवस की विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने माथुर वैश्य समाज के 38 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संबंधित स्वतंत्रता सेनानी संक्षिप्त परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# शहीदों की स्मृति में दीप जलाकर किया नमन



**मोहनलालगंज।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को मोहनलालगंज बस अड्डे पर शहीदों की स्मृति में 2100 दीपक जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। कार्यक्रम का आयोजन पत्रकार एसोसिएशन और शिवाय सेवा समिति ने संयुक्त रुप से किया। इस दौरान एसडीएम हनुमान प्रसाद और एसीपी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी ने भी दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे और अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने भी दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल व तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# नवयुग की एनसीसी विंग ने किया फ्रीडम वॉक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा तिरंगा यात्रा फ्रीडम वॉक का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में प्रतिभाग किया।

यात्रा महाविद्यालय से आरंभ होकर डीएवी कॉलेज रोड से नाका हिंडोला, बासमंडी होते हुए एपी सेन रोड, स्टेशन रोड, रविंद्रालय, बांसमंडी चौराहा, गुरुद्वारा रोड, नाका हिंडोला चौराहा से रानीगंज रोड होते हुए भारती भवन के सामने से होकर वापस महाविद्यालय पहुंची। यात्रा के माध्यम से मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने जनमानस से से अपील की कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष प्रत्येक नागरिक को अपने अपने निवास और संस्थानों पर तिरंगा फहराने का अधिकार प्राप्त हुआ है, जिस के लिए हम सभी को गर्व होना चाहिए परंतु तिरंगा, जो कि हम भारतीयों के आन बान और शान का प्रतीक है, इसके मान सम्मान की रक्षा का दायित्व हम सबको लेना होगा, यही वास्तविक अर्थों में आजादी होगी।

तिरंगा यात्रा में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन से हवलदार स्टैंजिन यंगजोर, प्रिया यादव, दीपाली तिवारी, तनुजा कांडपाल, स्वाति त्रिपाठी, नंदिनी सिंह, हरशीन वसुंधरा, सगलगुन कौर, रूपा दीक्षित, अर्पिता पाल, कीर्ति मिश्रा, ज्योति, श्रद्धा, अनन्या, रिया, पंखुरी, सोनी, भावना, तनु, अनामिका, अंजलि, अंशिका, शिवानी, खुशी, ऋषिता, रोशनी, वर्षा, बंसरी, राबिया आदि ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा यात्रा में देशभक्ति गीत सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, यह देश है वीर जवानों का, विजई विश्व तिरंगा प्यारा और हर घर तिरंगा मेरी शान तिरंगा गाते हुए अनुशासित रूप से जन जन तक हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार प्रसार किया।

# लालबाग गर्ल्स इंटर कालेज ने निकाली प्रभात फेरी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार की सुबह लालबाग गर्ल्स इंटर कालेज ने प्रभाती फेरी निकाली जो कि विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए कालेज परिसर में समाप्त हुई। प्रभात फेरी बेलदारी लेन, नावेल्टी चौराहा होते हुए कालेज परिसर में समाप्त हुई। प्रभार फेरी को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी में प्रधानाचार्य निशा श्रीवास्तव, संयोजक आरती पांडे, पूजा श्रीवास्तव, दीपा तिवारी, दुर्गेश गौर, एस श्रीवास्तव ने हिस्सा लिया।

# महोना में निकली तिरंगा यात्रा जगाई देशभक्ति की अलख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नगर** पंचायत महोना लखनऊ में आज़ादी का 75वाँ अमृत महोत्सव के तहत आज नगर पंचायत अध्यक्ष एन इशरत बेग के नेतृत्व में नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में एक वृहद तिरंगा यात्रा निकाल कर देश भक्ति के अलख जगाने के साथ साथ पॉलीथिन का प्रयोग न करने एवं नगर को स्वच्छ बना कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया और हर घर तिरंगा लगाने की अपील की।उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शरद कुमार जैन ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में आज़ादी का 75वाँ अमृत महोत्सव के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में सभासद, निकाय के कर्मचारी, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य एवं सम्भ्रांत नागरिको द्वारा नगर पंचायत कार्यालय से वृहद तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई जो महोना बाजार होते हुए वार्ड केसरमऊ कला पश्चिम, वार्ड गोविंदपुरी से होते हुए कटरा मोहल्ला, शेख मोहल्ला होकर काज़ी मोहल्ला स्थित कार्यालय आकर समाप्त हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नागरिको से अपील की वह अपने घरों में सम्मानपूर्वक झंडा फहराये एवं नगर को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करे। वृहद तिरंगा रैली में चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन, सभासद समीर, फूलचंद, सुनील, रजनी, दिलीप मिश्रा, राम दुलारी, नामित सदस्य रेखा रावत, अजय मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सुहैल, फखरुद्दीन, असद अफज़ल, बिब्बो, रईस, वहीद सहित अन्य नागरिक शामिल हुए।

# हम सबको विभाजन से हुई त्रासदी से सबक लेना है: मुकेश शर्मा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अवसर पर विभाजन विभीषिका दिवस रविवार 14 अगस्त को राज्य संग्रहालय द्वारा विभाजन विभीषिका को दर्शाने वाली संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तैयार की गयी प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में विभाजन से हुई त्रासदी को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरान्त मुख्य अतिथि एमएलसी श्री शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी का प्रत्येक चित्र विभाजन से हुई विभीषिका को दर्शाता है। हम सबको विभाजन से हुई त्रासदी से सबक लेते हुए यह संकल्प लेना है कि हमारा देश अखंड रहे तथा भविष्य में ऐसी त्रासदी की पुनरावृत्ति न हो। मुख्य अतिथि ने उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को तिरंगा वितरित कर हर घर पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया। प्रदर्शनी के पश्चात मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने संग्रहालय परिसर में निर्मित स्वतंत्रता आन्दोलन पर आधारित झांकी का भी अवलोकन किया। निदेशक डॉ. आनन्द कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि श्री शर्मा का स्वागत कर आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर कर्मयोग सेवा संस्थान के संस्थापक अमित मिश्र, अलशाज फात्मी सहायक निदेशक, धनन्जय राय, विजय कुमार मिश्र, गौरव, अनिता चौरसिया, शशिकला राय, शालिनी श्रीवास्तव, संतोष कुमार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## क्विक न्यूज

### पीजीआई में निकाली गयी मौन रैली

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के कालेज ऑफ नर्सिंग द्वारा रविवार को भारत के विभाजन के स्मरण दिवस को याद करते हुए कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता और नर्सिंग छात्राओं द्वारा मौन रैली निकाली गई। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के नोडल अधिकारी प्रो संजय धीराज, संकाय सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के बाद मूक रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज ऑफ नर्सिंग में यह कोलाज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 8 नर्सिंग छात्रों ने भाग लिया। प्रोफेसर संजय धीराज, नोडल अधिकारी और शबाना खातून कार्यवाहक प्राचार्य नर्सिंग कॉलेज ने थीम के आधार पर कोलाज का मूल्यांकन किया। प्रथम पुरस्कार मानसी को, दूसरा पुरस्कार हर्षिता को और तीसरा पुरस्कार अंजलि छेत्री ने जीता।

### मुख्य सचिव 16 को सीएमएस में करेंगे रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन

**लखनऊ ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) में नवनर्मित विश्व स्तरीय 'रोबोटिक्स लैब' का भव्य उद्घाटन 16 अगस्त मंगलवार को होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव, दुर्गा शंकर मिश्र 'रोबोटिक्स लैब' का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस की विश्व स्तरीय रोबोटिक्स लैब में छात्रों को हैंड्स-आन रोबोटिक्स, एडवांस टेक साइंस एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स को सीखने व समझने का भरपूर अवसर मिलेगा एवं इसके माध्यम से उनमें विज्ञान के रचनात्मक उपयोग की भावना का भी विकास होगा।

### डॉ. राजेश हर्षवर्धन को मिला चन्द्रगुप्त एक युवा प्रशासक पुरस्कार

**लखनऊ।** संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के अस्पताल प्रशासन विभाग के विभाग प्रमुख डॉ राजेश हर्षवर्धन को अस्पताल प्रशासन के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए युवा अस्पताल प्रशासकों कि श्रेणी में चन्द्रगुप्त एक युवा प्रशासक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नीति आयोग भारत सरकार के सदस्य प्रो डॉ विनोद पौल द्वारा प्रदान किया गया।

### राजधानी में मिले कोरोना के 124 नये केस

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को कोरोना के 124 नये केस सामने आये हैं। इनमें 68 पुरूष एवं 56 महिला रोगी है। वहीं आज कुल 109 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या 757 है। आज प्रमुख रूप से जनपद के आलमबाग में 31, सरोजनीनगर में 19, चिनहट में 12, अलीगंज में 19, एनके रोड इलाके में 7, इन्दिरानगर में 6, रेडक्रास इलाके में 7, ऐशबाग में 2, काकोरी, माल और टुड़ियागंज में एक-एक कोराना के संक्रमित व्यक्ति की पहचान हुई है।

### बस की टक्कर से अधेड़ की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के तालकटोरा इलाके में अज्ञात बस चालक ने एक अधेड़ को जोर दार टक्कर मार दी जिससे उसकी इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार आलमनगर बादशाहखेड़ा तालकटोरा निवासी सूरज वर्मा ने सूचना दिया कि उनके पिता विजय पाल 50 मौसा के घर से वापस आ रहे थे जैसे ही इलाके में स्थित टैम्पो स्टैण्ड के पास पहुंचे एक इलेक्ट्रिक बस चालक नाम पता अज्ञात ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने ततकाल उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विराट रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

**मोहनलालगंज।** विराट रुद्र महायज्ञ के शुभारम्भ अवसर पर रविवार को मोहनलालगंज के दहियर गांव से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों मोटरसाइकिल व दर्जनों चौपहिया वाहन शामिल रहे।यात्रा की शुरुआत श्रीलखनेश्वर महादेव मंदिर से कर हजारों की तादात में शिवभक्त साधु.संतों के साथ डीजे की धुन पर नाचते.गाते हुए बाराबंकी जिले के शैलानी माता मंदिर तक गए। वहां शैलानी माता मंदिर में भजन.पूजन कर कलश में जल भरकर महिलाएं और भक्तजन वापस दहियर गांव में यज्ञशाला लेकर आए। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पूजन की विधि.विधान से शुरुआत की गई। सायंकाल यज्ञाचार्य स्वामी केशवाचार्य और स्वामी प्रमोदानन्द के द्वारा भजन.कीर्तन और श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर भक्तों को भक्तिरस से सराबोर किया गया। यज्ञाचार्य स्वामी केशवाचार्य ने बताया दहियर गांव में 14 अगस्त से विराट रुद्र महायज्ञ का शुभारम्भ किया गया है।

# प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी का हुआ तिरंगा श्रृंगार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजादी** के अमृत महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत लेटे हुए हनुमान जी महाराज का आज त्रिवेणी श्रृंगार किया गया। लखनऊ के पक्का पुल स्थित पंचवटी घाट पर प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में आज जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह, विधायक डॉ नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह, संजय चौधरी, डॉ राकेश त्रिवेदी ने आज हनुमानजी को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से निर्मित वस्त्र और त्रिवेणी माला अर्पित की। हनुमानजी की आरती पूजन के उपरांत भारत माता की आरती की गयी। इस अवसर पर स्वतंत्र देव सिंह ने 108 फीट के ध्वज का दर्शन किया और कहा कि गोमती तट पंचवटी घाट को शीघ्र धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। पातालपुरी हनुमानजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विवेक तांगड़ी, सचिव ठाकुर पंकज सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष ऋद्धि किशोर गौड़ ने मुख्य एवं विशिष्ट अथितियों को तिरंगा अंगवस्त्र एवं हनुमानजी का चित्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के सुरेन्द्र सूदन, अखिलेश कुमार, जगदीश श्रीवास्तव, अल्केश सोती, आशीष अग्रवाल, राजेश आनंद, अजय मेहरोत्रा, प्रदीप पटेल, लवलीन खोसला, तरुण शुक्ला एवं भारी संख्या में श्रद्धांलु भक्त सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मंदिर में संचालित अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से लगभग 300 गरीब एवं निराश्रित जनों को गणमान्य अतिथियों के द्वारा भोजन भी कराया गया।

# महापौर ने किया रेलवे कॉलोनी पार्क का शिलान्यास

**लखनऊ।** एआईआरएफ व एनआरएमयू के महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर आलमबाग लखनऊ स्थित एल डी रेलवे कॉलोनी में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी ने 72 वृक्ष कॉलोनी के पार्क में लगाए । इस मौके पर नगर निगम द्वारा निर्मित रेलवे कॉलोनी स्थित पार्क को नगर निगम द्वारा मजदूर नेता कामरेड मिश्र की स्वर्गीय पत्नी प्रभावती मिश्रा के नाम पर निर्मित पार्क का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर संयुक्ता भाटिया ने कामरेड शिव गोपाल मिश्र को दीर्घायु प्राप्त करने व इसी प्रकार श्रमिकों की समस्याओं के समाधान तल्लीन रहने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के मंडल मंत्री कामरेड आर के पांडेय, कारखाना मंडल से कामरेड अनूप बाजपेइ, लेखा मंडल से कामरेड उपेंद्र सिंह व वरिष्ठ नेता कामरेड यस यू शाह के साथ सैकड़ो रेल कर्मचारी व नेता उपस्थित रहे।

# आप ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का लिया संकल्प: अनूप पांडे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को पार्टी कार्यालय से समतामूलक चौराहे तक तिरंगा संकल्प यात्रा निकाली। यात्रा का नेतृत्व आप पार्टी के नेता एवं सांसद संजय सिंह ने किया। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी अनूप पांडे ने बताया कि आम आदमी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, रोज़गार को बढ़ाने, किसानों को उनकी फसल का दो गुना दाम दिलाने और माताओं बहनों की सुरक्षा दिलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कहा की आज़ादी के 75 वर्ष बाद पूर्व की सरकारें और विशेषकर भाजपा ने देश की जो हालत कर दी है वो अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने देश में अब न तो रोजगार है और न ही सरकार इस दिशा में कोई कारगर कदम उठा रही है। इसी का परिणाम है कि देश में बेरोजगारी काफी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा आप पार्टी ने संकल्प लिया है कि वो देश की जनता की हर समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्ष करेगी। साथ ही महात्मा गांधी, अम्बेडकर, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजद के मार्ग पर चलते हुए देश की समृद्धि के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने तिरंगा संकल्प यात्रा निकाल कर गरीबों की आवाज केन्द्र व प्रदेश की सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का जनहित के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सीएम को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपित सरफराज को साइबर क्राइम सेल की टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। सरफराज ने अपने चचेरे भाई शाहिद के नाम से यूपी.112 को व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर धमकाया था। पुलिस ने मोबाइल भी बरामद कर लिया है। सीएम को धमकी देने के मामले में यूपी.112 के आपरेशन कमाण्डर ने एफआईआर दर्ज करायी थी। इसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी और साइबर क्राइम सेल की टीम ने पड़ताल शुरू कर दी थी। मोबाइल नम्बर की डिटेल से पता चला कि यह धमकी राजस्थान के भरतपुर से दी गई है। साइबर क्राइम सेल के इंस्पेक्टर रणजीत राय के नेतृत्व में एक टीम सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस राजस्थान पहुंची। वहां सीमा के पास से पुलिस ने सरफराज नाम के युवक को पकड़ लिया। उसने पहले पुलिस से झूठ बोला लेकिन पुलिस के कई साक्ष्य दिखाने पर उसने सच कुबूल कर लिया।

**KOTAK MAHINDRA BANK LTD.** kotak

**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 09 (Nine) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
| --- | --- |
| **ALL THAT** the piece or parcel of property being admeasuring about 1650 Sq. ft. carpet area (approx.) on the ground floor of the building situate lying at Ground Floor, 3/894, Jankipuram extension, Near Bhawan Bazar Chauraha, Lucknow-226031-Uttar Pradesh. | MR. AJAY KUMAR SINGH, son of Mr. Lalta Bux Singh, residing at 3/894, Jankipuram Extension, Near Bhawan Bazar Chauraha, Lucknow-226031-Uttar Pradesh. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544 Fax–(022) 67259088

# पेज एक का शेष

## देश के...

उदाहरण है और इसका श्रेय नरेन्द्र मोदी सरकार को जाता है और विश्व में चल रही आर्थिक कठिनाई के विपरीत, भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय सरकार तथा नीति–निर्माताओं को जाता है। मुर्मू ने कहा, पिछले कुछ वर्षों के दौरान भौतिक और डिजिटल अवसंरचना के विकास में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। प्रगति के प्रति हमारे देश में दिखाई दे रहे उत्साह का श्रेय कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसान और मजदूर भाई–बहनों को भी जाता है। साथ ही व्यवसाय की सूझबूझ से समृद्धि का सृजन करने वाले हमारे उद्यमियों को भी जाता है। उन्होंने कहा, सबसे अधिक खुशी की बात यह है कि देश का आर्थिक विकास और अधिक समावेशी होता जा रहा है तथा क्षेत्रीय विषमताएं भी कम हो रही हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यह तो केवल शुरुआत ही है। दूरगामी परिणामों वाले सुधारों और नीतियों द्वारा इन परिवर्तनों की आधार–भूमि पहले से ही तैयार की जा रही थी।

## समृद्ध, सुरक्षित...

समाज के अलग–अलग तबके के लोगों द्वारा जो कार्य किया गया, वह इस सदी की सबसे बड़ी महामारी में दुनिया के सामने एक उदाहरण बना है। योगी ने कहा, हम सब जानते हैं कि 11 से लेकर 17 अगस्त के बीच अमृत महोत्सव सप्ताह पूरे देश के अंदर आयोजित किया जा रहा है और स्वाभाविक रूप से देश के अंदर सबसे बड़ी आबादी का राज्य होने के नाते उत्तर प्रदेश पर सबकी निगाहें भी हैं। मुझे प्रसन्नता है कि समाज का हर तबका बढ़–चढ़कर इसमें भागीदार बन रहा है। होमगार्ड विभाग में हर स्तर पर हर व्यक्ति स्वत: स्फूर्त भाव से इस महोत्सव से जुड़ता दिखाई दिया है। होमगार्डों के साथ सरकार द्वारा कभी भी भेदभाव नहीं किए जाने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा, मैं होमगार्ड के जवानों को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने विकास खंड स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक इस वृहद जागरूकता मार्च के माध्यम से राष्ट्रीयता का भाव प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए कार्य किया है।

## विभाजन हमारे...

कुछ ही हफ्तों में भारत के विभाजन की अनुमति दे दी गई। वीडियो में विभाजन की कहानी सुनाई गई है तथा इसमें देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की तस्वीरें भी हैं। वीडियो के साथ भाजपा ने ट्वीट किया कि उस समय वे लोग कहां थे जिनके पास विभाजनकारी ताकतों से लड़ने की जिम्मेदारी थी।

## सियासी लाभ...

की याद में 14 अगस्त के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। रमेश ने ट्वीट किया, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के पीछे प्रधानमंत्री की वास्तविक मंशा सबसे दुखद ऐतिहासिक घटनाओं को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की है। लाखों लोग विस्थापित हुए और जानें गईं। उनके बलिदानों को भुलाया या निरादर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा, बंटवारे की त्रासदी का दुरुपयोग नफरत और पूर्वाग्रह की भावना को भड़काने के लिए नहीं होना चाहिए। सच यह है कि सावरकर ने द्वि–राष्ट्र का सिद्धांत दिया और जिन्ना ने इसे आगे बढ़ाया।

## आतंकी मोहम्मद...

कानपुर लाकर पूछताछ की गई। सैफुल्ला ने स्वीकार किया कि वह नदीम को जानता था तथा दोनों एक ही आतंकी नेटवर्क जेम से जुड़े हुए थे। दोनों के संबंधों की पुष्टि होने के बाद एटीएस की कानपुर फील्ड यूनिट ने सैफुल्ला को गिरफ्तार किया गया। सैफुल्ला की उम्र अभी 19 वर्ष है और फतेहपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सैय्यदबाड़ा मोहल्ले का रहने वाला है। वैसे वह मूल रूप से बिहार के मोतिहारी जिले के रामगढ़वा कस्बे के निकट अधकपरिया गांव का रहने वाला है। सैफुल्ला के कब्ज़े से एक मोबाइल फोन और एक बटन द्वारा झटके से खुलने वाला चाकू बरामद हुआ है। सैफुल्ला वर्चुअल आईडी बनाने में एक्सपर्ट है। उसी ने नदीम सहित कई पाकिस्तानी एवं अफगानिस्तानी आतंकियों को लगभग 50 वर्चुअल आईडी बनाकर दी।

**हबीबुल इस्लाम के पिता मदरसे में हैं शिक्षक–:** लखनऊ एटीएस की गिरफ्त में आने वाला जैश ए मोहम्मद का आतंकी हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला के पिता शिक्षक है। वह पैतृक बिहार का रहने वाला है लेकिन सैफुल्ला फतेहपुर में जन्मा है। उसके पिता बिहार से करीब ढाई दशक पहले परिवार के साथ फतेहपुर में आए थे। सैफुल्ला का घर शहर के घनी आबादी वाले सैयदवाड़ा मोहल्ले में है।

## बिग बुल...

में भरोसा था और वह देश की क्षमता में विश्वास रखते थे। फोर्ब्स के अनुसार, झुनझुनवाला की नेटवर्थ 5.8 अरब डॉलर थी। फोर्ब्स की 2021 की सूची के अनुसार, वह भारत के 36वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। कई बार उनकी तुलना दिग्गज अमेरिकी निवेशक वारेन बफे से की जाती थी। उन्हें भारतीय बाजारों का बिग बुल भी कहा जाता था। उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में भारतीय शेयर बाजारों में निवेश की शुरुआत मात्र 5,000 रुपए की पूंजी से की थी।

## महाराष्ट्र में...

वह कपड़ा और संसदीय कार्य विभाग भी देखेंगे। पूर्व में, वह लोकनिर्माण और सहकारिता मंत्री थे। सुधीर मुनगंटीवार को वन, मत्स्य विकास और सांस्कृतिक मामलों के विभाग आवंटित किए गए हैं। साल 2014–19 तक वह वित्त और योजना के साथ–साथ वन मंत्री भी थे। भाजपा के अतुल सावे को सहकारिता और ओबीसी कल्याण विभाग दिया गया है, जबकि रवींद्र चव्हाण को लोकनिर्माण और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग दिया गया है। दोनों विगत में कुछ समय के लिए राज्य मंत्री रहे थे। भाजपा की मुंबई इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढ़ा को पर्यटन विकास, कौशल विकास और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय मिला है।

## सियाचिन में...

था। इस टुकड़ी में एक अधिकारी सेकेंड लेफ्टिनेंट पीएस पुंडीर समेत 18 जवान शामिल थे। ये सभी तूफान की चपेट में आ गए। बाद में तलाशी अभियान में 14 के शव मिले और जबकि पांच का कुछ पता नहीं चला था। शेखर का शव एक गश्ती दल को मिला। ये गश्ती दल गर्मी के महीनों में लापता जवानों को खोजने के लिए निकलते हैं। इससे पहले भी गश्ती दल को लापता जवानों के शव मिले हैं।

# सभी डाकघरों पर फहरेगा तिरंगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत मनाया जाने वाला इस बार का स्वतंत्रता दिवस कई नए आयामों को समेटे हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में 13-15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत परिक्षेत्र के डाकघरों से ढाई लाख तिरंगे ध्वजों की बिक्री की गई, जिसे लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर शान से फ्हरा रहे हैं। पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने बताया कि डाक विभाग द्वारा इस अभियान से जन जन को जोड़ने हेतु कुल 75 प्रभात फेरियों और तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लोगों के उत्साह को देखते हुए रविवार को भी डाक घरों से तिरंगों की बिक्री हुई और डाकियों ने ऑनलाइन बुक हुए ध्वजों को लोगों को वितरित किया। प्रधान डाकघरों में लगाए गए सेल्फी प्वाइंट पर तिरंगे के साथ सेल्फी लेने का बच्चों और युवाओं में काफी क्रेज देखा गया। सभी प्रधान डाकघरों में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनके परिजनों और विभीषिका का दंश झेल चुके शरणार्थियों के अनुभवों से युवा पीढ़ी को रूबरू कराया गया, ताकि आजादी की कीमत का उन्हें भी एहसास हो।

पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने बताया कि परिक्षेत्र के सभी 1716 डाकघरों में 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज उत्साह के साथ फ्हराया जाएगा और विभागीय भवनों को रंग बिरंगी रोशनी से सजावट की गई है। डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने घरों पर शान से तिरंगा फ्हराया हुआ है और लोगों को भी इस हेतु प्रेरित किया। इस अभियान के माध्यम से देश भक्ति की सामूहिक चेतना को घर-घर तक पहुँचाने और सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा पहुंचाने में भी डाक विभाग की अग्रणी भूमिका रही।

## गांधी आश्रम वाराणसी ने निकाला तिरंगा यात्रा

**वाराणसी।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में गांधी आश्रम वाराणसी अपनी शाखा सारनाथ के प्रांगण से सारनाथ म्यूजियम होते हुए चौराहे से डाक बंगले होते हुए हवेलिया चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाला, यात्रा की अगुवाई संस्था के अध्यक्ष कैलाश मिश्र एवम मंत्री श्री प्रकाश पांडे कर रहे थे साथ में संस्था से जुड़ी क कतिन बुनकर एवं संस्था में कार्यरत कार्यकर्ताओं में संतोष मिश्रा, संतोष दूबे, प्रभाकर त्रिपाठी सैकड़ों की बड़ी संख्या रही।

## उत्कर्ष तिरंगा थीम पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का समापन

**वाराणसी-** उत्कर्ष क्लासेस द्वारा शिक्षाविद एवं समाजसेवी तथा संस्था के संस्थापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत के 44वें जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार, 13 अगस्त को कमला नेहरू नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर, केशव परिसर में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक तिरंगा थीम पर आयोजित उच्च स्तरीय विशाल रक्तदान शिविर का समापन हजारों रक्तदाताओं के जोश व उत्साह के साथ हुआ बारिश के जोर के बाद भी युवाओं का जोश कम नहीं हुआ रक्तदान को लेकर रक्तदाताओं के जोश को कम नहीं कर पायी। विशेषकर विद्यार्थियों और युवा वर्ग का रक्तदान को लेकर जोश व उत्साह प्रशंसनीय रहा।

## कांग्रेस और माउंटबेटेन की मिलीभगत से भारत के टुकड़े कर दिए गए: नजमा परवीन

**वाराणसी।** आज की काली तारीख इतिहास में खून से लथपथ लाशों के साथ दर्ज है, जब जिन्ना के सीधी कार्यवाई के खौफऔर माउंटबेटेन की कुटिल चालों के आगे कांग्रेसियों ने नतमस्तक होकर देश के टुकड़े-टुकड़े होने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। इस काले दिन को हम सुभाषवादी कभी नहीं भूल सकते।परम पावन राष्ट्रदेवता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के महान आदर्शों पर चलने वाली भारतीय अवाम पार्टी ने लमही के मुंशी प्रेमचन्द स्मृति द्वार से राष्ट्रदेवता सुभाष मंदिर तक मौन जुलूस निकाल कर सवाल किया भारत विभाजन क्यों हाथों में काली तख्ती जिस पर सुभाषवादियों का सवाल खूनी लाल से लिखा था। न कोई नारा, न कोई संदेश, बस एक ही सवाल क्यों बांटा हमारे भारत को।पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नजमा परवीन के साथ पार्टी के कई मुस्लिम नेताओं ने मौन जुलूस में भाग लिया। जुलूस राष्ट्रदेवता सुभाष मंदिर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी।भारतीय अवाम पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष नजमा परवीन ने कहा कि कांग्रेस ने माउंटबेटेन से समझौता कर देश बांट दिया। भारत विभाजन के समय लाखो लोगों का कत्ल कर दिया गया, धार्मिक हिंसा में करोड़ो बेघर हो गए। मौन जुलूस में ज्ञान प्रकाश, अजय सिंह, अनिल पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, ओ0पी0 सिंह, राजकुमार, पीयूष पाण्डेय, अशोक कुमार विश्वकर्मा, समर बहादुर पटेल, किशन बनवासी, शहाबुद्दीन, फिरोज खान, देवेन्द्र पाण्डेय, आदि लोगों ने भाग लिया।

## दर्द से परेशान महिला के पेट से निकाले बड़े आकार के 18 फाइब्रोइड्स

**वाराणसी।** आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने समय के साथ इतनी तरक्की कर ली है कि जटिल समस्याओं का भी उपचार किया जा सकता है। वाराणसी में भी एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें 29 वर्षीय महिला के पेट से बड़े- बड़े आकार की 18 रसौली इन्दिरा आईवीएफ वाराणसी के एक्सपर्ट डॉक्टर द्वारा निकाली गयी, ऑपरेशन के बाद अभी महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। रसौली के कारण महिला का पेट गर्भावस्था के समान बड़ा हो गया था, दो बार सर्जरी के प्रयास विफल हो गये थे और असहनीय दर्द के साथ माहवारी में अत्यधिक रक्तस्त्राव होता था । इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप के सीईओ और कॉ-फाउण्डर डॉ. क्षितिज मुर्डिया ने इन्दिरा आईवीएफ वाराणसी के डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ को इस जोखिमपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. आर.वी. सिंह, डॉ. सुनील, डॉ. जिज्ञासा और डॉ. सृष्टि और डॉ. शेखर शामिल रहे।

# एनटीपीसी रिहंद में ओपेन हाउस फोरम का किया गया आयोजन




संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**एनटीपीसी** रिहंद स्टेशन के प्रशासनिक भवन के समन्वय प्रेक्षागृह में शनिवार को ओपेन हाउस फोरम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक रिहंद देवब्रत पॉल को पुष्प गुच्छ दे कर हुई। इस खुले मंच का आयोजन कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने एवं उनके समाधान हेतु किया गया था। कार्यक्रम में शुरुआती प्रस्तुतीकरण मानव संसाधन विभाग द्वारा दिया गया तत्पश्चात पी एंड एस, चिकित्सा, एडीएम, प्रचालन विभागों नें भी प्रस्तुति दी। कर्मचारियों द्वारा सवाल जवाब की प्रक्रिया शुरू की गयी जिसमें कर्मचारियों नें बढ़ चढ़-कर हिस्सा लिया। उन्होने बिजली का उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए के साथ-साथ परिसर की सुरक्षा की प्रकार की जाए इसके बारे मे भी चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में श्री पॉल ने अपने सम्बोधन में विद्युत का उत्पादन कैसे बढ़ाया जा सकता है एवं उसकी बचत कैसे कि जा सकती है, उन्होने सभी के सवाल का संतोषजनक जवाब दिया एवं सबको भरोसा भी दिलाया कि एनटीपीसी उनके लिए सदैव तत्पर रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्षगण विभिन्न यूनियन व एसोसीएसन के प्रतिनिधिगण के साथ-साथ अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# विभिषिका दिवस के रूप में मनाया गया 14 अगस्त




**सोनभद्र।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विभाजन की त्रासदी को स्मरण करते हुए 14 अगस्त विभाजन विभिषिका दिवस के रुप में मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 21 मण्डलों में मौन मार्च निकाला गया। सोनभद्र मुख्यालय पर भी मौन मार्च का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यअतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश सरकार समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड जिला प्रभारी अशोक चौरसिया जिलाध्यक्ष अजीत चौबे दुद्धी विधायक रामदुलारे गोंड उपस्थित रहे। मौन जुलुस स्वर्ण जयन्ती चौराहे से चाचा नेहरु पार्क मे भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्यरुप से सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, भाजपा नेता गोविन्द यादव अभिषेक सिंह चन्देल, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, बलराम सोनी संजय जायसवाल, पुष्पा सिंह, राजेश गुप्ता, संदीप सिंह चन्देल विनय श्रीवास्तव, एवं नगर की सम्भ्रांत जनमानस उपस्थित रहें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकाला

संवाददाता। मीरजापुर

**नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहन और भाइयों को अपनी जान गंवानी पड़ी, देश के बंटवारे में हुई हिंसा में 5 से 10 लाख निरपराध लोग मारे गये और 1 करोड़ 75 लाख से अधिक लोग अपने घरबार से उजड़ कर शरणार्थी हो गये**

**भाजपा** कार्यकर्ताओं व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से श्विभाजन विभीषिका स्मृति दिवसश् को मौन जुलूसनिकालकर देश के विभाजन के वक्त मारे गए निर्दोष देशवासियों को श्रद्धांजलि अर्पितकिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशीष पटेल मा0 कैबिनेट मंत्री प्राविधिकशिक्षाए उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट मापए उ0प्र0 सरकार रहे। मौन जुलूस प्रारम्भहोने से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा किदेश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफ्रत और हिंसा की वजह सेहमारे लाखों बहन और भाईयों को अपनी जान गंवानी पड़ी। देश के बंटवारे में हुई हिंसामें 05 से 10 लाख निरपराध लोग मारेगये। 01 करोड़ 75 लाख से अधिक लोग अपनेघर बार से उजड़ कर शरणार्थी हो गये। अपने घरों से पलायन करने के दौरान हजारोंबच्चों और बुजुर्गों ने भुखमरी एवं बीमारी से अपने प्राण गवायें। लाखों महिलाओं को अमानविय अत्याचारए बालात्कारए हिंसाएअसहनीय पीड़ाए विस्थापन एवं मानसिक वेदना सेगुजरना पड़ा। विभाजन के कारण पलायन करने को मजबूर हुए लाखों लोग ट्रेनों से वापसआते समय सांप्रदायिक दंगों की भेंट चढ़ गये। यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी विभीषिकाथी। विश्व की किसी भी त्रासदी में इतनी बड़ी संख्या में न तो लोगों ने अपने प्राणगवाएंए न तो अपने घरों से उजाड़े गये। नगर विधायक मा0रत्नाकर मिश्र ने कहा कि विभाजन की विभीषिका इतनी भयावह थी और इतनेलम्बे काल तक चली कि दशकों बाद तक लोग पाकिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या मेंपलायन करते रहे। यह त्रासदीपूर्ण पलायन किसी न किसी रूप में अब भी जारी है। पंजाबकी तुलना में बंगाल में दशकों तक विस्थापन की भयावहता इस बात से समझा जा सकता हैकि पूरी बंगाल के विस्थापितों को बांग्लादेश में किसी तरह की राहत देने से इंकारकर दिया गया। तत्पश्चात् जिलाध्यक्ष ने झण्डा दिखाकर मौन जुलूस प्रारंभ किया।जुलूस कलेक्ट्रेट परिसर से रामबागए वासलीगंजए घंटाघरए बसनई बाजारए त्रिमुहानीसे होते हुए शहीद उद्यान पहुँचा। वहाँ पहुँच कर विभाजनविभीषिका स्मृति दिवस पर लगे प्रदर्शनी को देखा।कार्यक्रम संयोजक ध् जिलामंत्री भाजपा हेमन्त त्रिपाठी ने बताया कि मौन जुलूस जिलेके सभी 24 मण्डलों में भी निकाला गया। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधिए जिला पदाधिकारीव वरिष्ठ कार्यकर्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पा0 चेयरमैनमनोज जायसवालए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तवए पूर्व विधायक मझवांसुचिस्मिता मौर्यए जिलामंत्री प्रमोद कुमार सिंहए कौशल श्रीवास्तवए जिलाकोषाध्यक्ष संजय यादवए जिलाध्यक्ष भाजयुमो सिद्धार्थ मिश्रए जिलाध्यक्ष पिछड़ामोर्चा रामकुमार विश्वकर्माए जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेश कुमारए जिलामहामंत्री किसान मोर्चा नागेश्वर तिवारीए मण्डल अध्यक्ष नगर पूर्वी मनीष गुप्ताएश्याम सिंहए जाह्नवी तिवारीए आशुकान्त चुनाहेए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमारी खत्रीए अमित कुमार सिंहए आनंद मैनी के साथद्द साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश दूबे ने दिया।

## 75वें स्वतंत्रता दिवस पर बीएचयू सहित विभिन्न संस्थाओं में होगा झंडारोहण

**वाराणसी।** 75वें स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बीएचयू के एम्पीथियेटर के मैदान में सुबह नौ बजे बीएचयू के कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार जैन झंडोत्तलन करेगें। जगतपुर पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ0 अनिल प्रताप सिंह सुबह नौ बजे महाविद्यालय प्रांगण में झंडोत्तलन करेगें। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 हरेराम त्रिपाठी सुबह नौ बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय पर झंडोत्तोलन करेगें। कारमाइकेल लाइब्रेरी एसोसिएशन, चौकाघाट के कार्यालय पर सुबह साढ़े दस बजे अध्यक्ष राजेश राय झंडारोहण करेगें। इस अवसर पर 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई है। यह जानकारी लाइब्रेरी के मंत्री सुशील कुमार मिश्र ने दी। पराड़कर स्मृति भवन के कार्यालय पर सुबह नौ बजे अध्यक्ष सुभाष चन्द्र सिंह झंडारोहण करेगें। इस अवसर पर सायंकाल गर्दे सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी वाराणसी प्रेस क्लब के मंत्री पंकज त्रिपाठी ने दी। कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कालेज के प्रांगण में सुबह साढ़े नौ बजे विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमाकांत मिश्र झंडारोहण करेगें तथा एनसीसी कैडेट द्वारा मार्च पार्श किया जाएगा।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर अपना दल एस ने नगर विधानसभा क्षेत्र में निकाली तिरंगा यात्रा

संवाददाता। मिर्जापुर

**अपना** दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर अपना दल एस के जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद के नेतृत्व में पैदल भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर केसरी ने भव्य तिरंगा यात्रा में अगुवाई की। मिर्जापुर नगर विधानसभा में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर अपना दल एस ने भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय घोष के साथ पटेल चौक ;भरुहनाद्ध सांसद जनसंपर्क कार्यालय से शुरू की। युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल ने कहा कि माननीय मंत्री जी के निर्देश पर लोगों को राष्ट्र व तिरंगा प्रेम के प्रति जागरूक किया साथ ही तिरंगा झंडा वितरण किया गया। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे पूरे देश मे 13 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर झण्डा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत नगर में लगभग 12 किलोमीटर का भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सभी सम्मानित जनता व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया हैं। भव्य तिरंगा यात्रा मे राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत गीत के साथ साथ भारत माता कि जयकारे व वन्दे मातरम के नारे भी पूरे समय लगते रहें। आज नगर विधानसभा में हर घर तिरंगा फ्हराने का संदेश दिया। स्थान रू सांसद जनसंपर्क कार्यालय भरुहना से तहसील चौराहाए रमई पट्टीए कचहरीए जिला अस्पतालए रामबागए संकट मोचन मंदिरए वासलीगंजए गिरधर चौराहाए तहसील चौराहाए रेलवे स्टेशनए बस स्टेशन होते हुए भरुहना जनसंपर्क कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई। युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल ने कहा कि माननीय मंत्री जी के निर्देश पर लोगों को राष्ट्र व तिरंगा प्रेम के प्रति जागरूक किया साथ ही तिरंगा झंडा वितरण किया गया। तिरंगा यात्रा में अनुसूचित मंच प्रदेश सचिव ज्ञानचंद कनौजियाए प्रदेश सचिव युवा मंच रामवृक्ष बिंदए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मंच श्रीमती किर्ति केसरीए योगेश पटेलए श्रीमती नमिता केसरवानीए श्रीमती अर्चना अग्रहरिए श्रीमती रीता सिंहए श्रीमती पूनम सिंहए श्रीमती मंनू प्रियदर्शनीए सतीश चंद केसरवानीए राम आसरे शर्माए हेमंत बिंदएसंतोष विश्वकर्माए मनोज कुमार बिंदए सूरज सोनीए विकास कुशवाहाए कृष्ण कुमार बिंदए अनुराग विश्वकर्माए नसीम कुरैशीए आरिफअली मंसूरीए आफाक खानए जयदेव सिंहए शिवम अग्रहरीए झल्लू राम कनौजियाए किशन जयसवालए अजय केसरवानीए दुर्गा प्रसाद केसरवानीए रतन जयसवालए विशंभर पांडेए सिंधु शर्माए डॉ श्याम कुशवाहाए गोलू पांडेए लक्ष्य पांडेए साधो पटेलए जय किशनए सोहन लाल बिंदए अमित विक्रम सिंहए जय प्रकाश सोनकरए जयदीप पाठकए यश विश्वकर्माए आशीष सिंहए अमन सिंहए यश चौरसियाए राजकुमार विश्वकर्माए हरि सिंह जयसवालए पवन गुप्ताए अफ्जलए सुशील सिंहए उदय प्रताप मिश्रा आदि सभी लोग शामिल हुएं। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

## सकलडीहा पीजी कॉलेज में मनाया गया भारत विभाजन विभीषिका दिवस

**सकलडीहा चन्दौली।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को महाविद्यालय में भारत विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर क्या भारत विभाजन अनिवार्य था। विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों ने अपना विचार विस्तार से रखा। अंत में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि भारत का गौरवशाली इतिहास है। यह एक लोकतांत्रिक देश है। जहां सब धर्म के लोग रहते है। लेकिन भारत की एकता और अखंडता पर कोई प्रहार करे यह संभव नही है। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्रोफेसर दया निधि सिंह यादवए डाण् शमीम राईनए डाण् अभय वर्माए डाण् राजेश यादवए संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने जमकर उठाया लुत्फ

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र




**स्वतंत्रता** दिवस के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के कर्मचारियों की संस्था कर्मचारी कल्याण संघ व मानव संसाधन विभाग के संयुक्त सौजन्य से शनिवार की रात्रि स्टेशन के इंद्रधनुष प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रोताओं ने देर रात्रि तक जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक रिहंद देबब्रत पॉल ने अन्य सहतिथियो के साथ संयुक्तरूप से प्रज्ञादीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने संबोधन में श्री पॉल ने कहा कि कविगण जहाँ अपने-अपने कविता के माध्यम से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन करते हैं वही समाज में फैली अच्छाइयों व कुरीतियों को भी लोगों के समक्ष रखकर लोगों को आइना दिखाने का भी कार्य करते हैं। इसके पूर्व उन्होंने वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा ऋतुपर्णा पॉल के साथ कविगणों व कवयित्री को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत भी किया। कार्यक्रम के शुरुआती दौर में सी एस आर अनुभाग की मोक्षदा जोगी ने अपने संबोधन में आगंतुकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के संदर्भ में लोगों को अवगत कराया। काव्यमंच की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार व राष्ट्रीय कवि पंडित अजय शेखर ने किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मध्यप्रदेश प्रान्त के जबलपुर से पधारी हुई मनिका दुबे के द्वारा सरस्वती वंदना आरती की थाली सजाओं जी, वीणा वादिनी मां को रिझाओ जी से करके वातावरण में भक्तिरस का संचार किया गया। पुनः कार्यक्रम के दौरान कवियों द्वारा बीर शृंगार हास्य, करुण, आदि रसों के साथ साथ सुमधुर गीत से ओतप्रोत कविता सुनाकर श्रोताओं को देर रात्रि तक बांधे रखा गया। कार्यक्रम में कवि मंच की अध्यक्षता कर रहे सोनभद्र मुख्यालय से पधारे हुए पंडित अजय शेखर सुप्रसिद्ध गीतकार मनमोहन मिश्र मुम्बई से आए कवि मंच का संचालन कर रहे दिनेश बावरा, दिल्ली से पधारे हुए मो0 हसन सोनभद्री व शंभु शिखर, पंकज शिखर, बाराबंकी के अमरीश अम्बर, वाराणसी के कुँवर सिंह कुँवर व सुनील कुमार तंग ने हम किसी से कम नही की कहावत को चरितार्थ करते हुए एक से बढ़कर एक कविता सुनाकर श्रोताओं का दिल जीतते हुए उन्हें वाह-वाह कहने व तालियां बजाने पर बाध्य कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण, विभगध्यक्षगण, कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारी व सदस्य, वर्तिका महिला मंडल की पदाधिकारी महिलाए, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, डी सी सीआईएसएफ प्रदीप कुमार, रेंजर जरहां राजेश सिंह, स्टेशन के समीपवर्ती ग्रामों के ग्राम प्रधान, कर्मचारीगण के अलावा काफी संख्या में अन्य साहित्यकार आदि उपस्थित थे।

# आजादी की पूर्व संध्या पर अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता। मऊ



**उत्तर** प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के तत्वावधान में रविवार को आजादी की पूर्व संध्या पर नगर क्षेत्र के सिंधी कालोनी स्थित शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारियों ने शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित करते हुए शहीदों के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। सभा को सम्बोधित करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव यह संदेश देता है कि हमें यह आजादी काफी संघर्ष एवं बलिदान के बाद मिला हैए इसलिए इस आजादी को अक्षुण्य रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल ने कहा कि देश की आजादी में व्यापारियों की काफी महत्वपूर्ण भूमिका रहा हैए जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिला उपाध्यक्ष जमाल अख्तर अर्पण ने कहा कि देश की आजादी हमें यह संदेश देता है कि हम अपनी पूरी ऊर्जा देश के विकास एवं उत्थान में लगा दें। ताकि हमारा देश विकास के मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष अजय साहूए जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवालए जिला उपाध्यक्ष जमाल अख्तर अर्पणए जफर अहमद जनताए युवा जिला उपाध्यक्ष हसीबुर्रहमानए युवा जिलाध्यक्ष इशरत इकबाल लारीए अखिलेश मद्धेशियाए विवेक बरनवालए रोशन सिंधीए गुड्डू सिंहए अमिनेश तिवारीए नफीस अहमदए रवि तनेजा आदि काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## वैश्विक आतंकी

### चीन द्वारा बचाव

**भारत** और अमेरिका जैशे मुहम्मद के उप-प्रमुख व वांछित आतंकी अब्दुल रऊफ़ अजहर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करना चाहते हैं। चीन ने पाकिस्तान में रहने वाले लश्करे तैयबा-एलईटी के उप-प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित होने से बचाने के एक महीने बाद चीन ने ऐसा ही काम किया है। उसने जैशे मुहम्मद-जेईएम के उप-प्रमुख अब्दुल रऊफ़ अज़हर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने के भारत व अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव पर वीटो कर दिया। वह एक और हत्यारे जिहादी व जेईएम के संस्थापिक मौलाना मसूद अजहर का छोटा भाई है। इस पर स्वाभाविक रूप से भारत ने चीन की खिंचाई करते हुए आतंक के खिलाफ युद्ध में उसकी 'दोमुंही बातों' व 'दुहरे मानकों' की ओर संकेत किया है। वास्तव में चीन का यह दोमुंहापन लंबे समय से जारी है। पिछले एक दशक में द पायनियर ने खबरें दी हैं कि उसने आधा दर्जन बार खूंखार जिहादियों का बचाव किया है। अकेले मसूद अजहर की ही उसने चार बार सहायता की है। चीन ने अपने कृत्य का बचाव करने के लिए परंपरागत लच्छेदार भाषा का इस्तेमाल किया है। संरा. में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने एक खबरिया एजेंसी को बताया कि उसे 'मामले का अध्ययन करने के लिए थोड़ा और समय चाहिए।' चीन राजनयिक शब्दावली व तकनीकी बिंदुओं के पीछे छिप कर आतंकियों का बचाव कर रहा है। यह एक प्रकार से आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान की तात्कालिक सहायता है जिससे अनेक उद्देश्य पूरे होते हैं। लेकिन इससे धीरे-धीरे सबसे बड़े 'दुष्ट देश' के रूप में चीन की असलियत उजागर होती है जो नियमित रूप से छोटे दुष्ट देशों-पाकिस्तान व उत्तर कोरिया की सहायता करता है। वास्तव में, अमेरिकन इतिहासकार व नीति विश्लेषक माइकेल ए. लीडीन के शब्दों में चीन पहले ही एक परिपक्व 'फासीवादी' राज्य के रूप में सामने आ चुका था। यह संभवत: चीन का सर्वाधिक उपयुक्त विश्लेषण है।



अमेरिकी विद्वान का तर्क है कि चीन में मार्क्सवाद फासीवाद में बदल गया। लीडीन ने लिखा था कि परंपरागत संस्कृति को नापसंद करने वाले परंपरागत कम्युनिस्ट तानाशाहों से उलट माओ ने इसे बंजर मार्क्सवाद-लेनिनवाद के स्थान पर रख दिया। महान नेता के सर्वाधिक माओवादी वारिस शी जिनपिंग ने सर्वाधिक जोश के सथ चीन के लंबे इतिहास की गरिमा को गले लगाया। हालांकि, चीन का फासीवाद कभी ढका-छिपा नहीं था, लेकिन पिछले कुछ साल से दुनिया देख रही है कि एक फासीवादी राज्य कितनी बड़ी विभीषिका का कारण बन सकता है। खतरा खासकर उसके नाभिकीय हथियारों व हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस होने पर और गंभीर हो जाता है। सभी जानते हैं कि आज चीन अमेरिका तथा कुछ सीमा तक रूस को छोड़ कर दुनिया का सर्वाधिक शक्तिशाली देश है। साथ ही इस तथ्य से भी सभी परिचित हैं कि वह लगातार भारी समस्यायें पैदा करता रहता है। दुनिया भर में पूरी बेशर्मी से व जानबूझ कर कोरोनावायरस फैलाने के बाद उसने जून, 2020 में गलवान में भारतीय सैनिकों पर क्रूर हमला बोला। इसके साथ ही वह ताइवान को डरा कर पड़ोस के अन्य देशों का उत्पीड़न करना चाहता है। उसने कुख्यात 'बेल्ट एंड रोड' पहल से दुनिया भर के गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसा लिया है और वह जिहादी आतंकियों का बचाव करते हुए भी अपने देश में धार्मिक व नस्ली अल्पसंख्यकों का नरसंहार कर रहा है। इस प्रकार दुनिया में ऐसा कोई अपराध या पाप नहीं है जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी न कर सकती हो। यदि उन्होंने पहले ही ऐसे कदम न उठाए हों तो भारत और अन्य लोकतंत्रों को उससे अपनी रक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए। उनको चीन से जिम्मेदारी भरे व्यवहार की उम्मीदें या अवधारणायें छोड़ देनी चाहिए। उनको इस आधार पर अपनी नीतियां व रणनीतियां बनानी चाहिए कि चीन सुधरने वाला नहीं है।

# बाजार शक्तियों को तय करने दें कीमतें

कृषि बाजार की शक्तियां कृषि उत्पादों के दाम तय करने में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं, इसलिए मूल्य भुगतान में डीपीपीएस व्यवस्था लागू होनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र ने 6 जुलाई 2022 को 'कृषि बाजारों में सुधार' पर एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने डिफीसिएन्सी प्राइस पेमेंट सिस्टम-डीपीपीएस की पैरवी की जो वर्तमान समय में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से फसलें खरीदने का विकल्प होगा। सवाल है कि एमएसपी आधारित व्यवस्था की क्या समस्या है? और डीपीपीएस इससे उबरने में कैसे सहायता कर सकती है? वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकार की एजेंसियां गेंहूं, चावल-धान व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद किसानों से एमएसपी पर खरीदती हैं और उनको उचित मूल्य की दूकानों के नेटवर्क से 1,2,3 रुपये प्रति किलो की सस्ती कीमतों पर वितरित करती हैं, जिसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस कहा जाता है। इसका उद्देश्य भारत के गरीबों की आवयकतायें पूरी करना है। 1,2,3 रुपये कीमत से अधिक एमएसपी तथा हैंडलिंग, भंडारण व वितरण खर्च-एचएसडी का सब्सिडी के रूप में भुगतान किया जाता है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी की संस्तुतियों के आधार पर सरकार ने खरीफ और रबी फसलों की 22-23 फसलों के एमएसपी तय किए हैं। लेकिन एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खरीद मुख्यत: केवल चावल व गेंहूं तक सीमित है। दालों व तिलहन जैसी अन्य महत्वपूर्ण फसलों की खरीद नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया लिमिटेड-नैफेड द्वारा की जाती है।

इस व्यवस्था का उद्देश्य 800 मिलियन से अधिक लोगों को 'खाद्य सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए 'सस्ती' कीमतों पर अनाज उपलब्ध कराना है। यह संसद द्वारा 2013 में बनाए गए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अनुपालन में होता है जो इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किसानों को उसकी फसलों की आकर्षक कीमतें देना इस मुख्य लक्ष्य की पूर्ति में सहायक है। 1960 के दशक में एक कार्यकारी आदेश से लागू एमएसपी व्यवस्था किसानों को पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 'हरित क्रांति' के माध्यम से धान व गेंहूं का अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए थी। हालांकि, उन दिनों इसके पीछे इरादा खाद्यान्नों की कमी को संबोधित करना था, पर आज देश अतिरिक्त खाद्यान्न पैदा करने लगा है। इस मूलभूत परिवर्तन के बावजूद सरकार एक बड़े अंतर के साथ एमएसपी व्यवस्था लगातार चला रही है। जहां पहले राज्य की एजेंसियां केवल पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यक मात्रा के अनुरूप खरीद करती थी, पर आज इनमें कोई संबंध नहीं रह गया है। आज सरकार एक खुली खरीद नीति चला रही है जहां एजेंसियां लगातार बढ़ती एमएसपी पर यथासंभव अधिकाधिक मात्रा में अनाज खरीदती हैं। सत्तारूढ़ अवस्थापना इस मामले में एक प्रकार से चुनावों द्वारा संचालित है। अगला कार्यकाल पाने के लिए सरकारों का मूल्यांकन इस आधार पर होता है कि उन्होंने एमएसपी में कितनी वृद्धि की तथा किसानों से कितनी खरीद की गई। यह अभियान एक मिशनरी भावना से संचालित होता है और इस बात की चिन्ता नहीं की जाती है कि खरीदे गए अनाज की आवश्यकता है या नहीं। इस व्यवस्था ने अनेक समस्यायें पैदा की हैं। अक्सर अनाज की खरीद एजेंसियों की भंडारण क्षमता से अधिक होती है, उनकी अक्षमताओं व अधिक खर्च के कारण भारी बरबादी होती है, बड़े पैमाने पर अनाज का दुरुपयोग व अन्य कामों में उपयोग होता है, सब्सिडी में असाधारण रूप से वृद्धि होती है तथा भारत द्वारा डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का खतरा पैदा होता है। यह स्थिति तब है जब केवल 6 प्रतिशत किसानों को एमएसपी का लाभ मिल पाता है, एमएसपी केवल कुछ ही फसलों पर लागू होता है तथा एजेंसियां उत्पादित गेंहूं व चावल का लगभग 30 प्रतिशत ही खरीदती हैं। सभी 22-23 फसलों व अतिरिक्त उत्पाद बेचने के इच्छुक 'सभी' किसानों पर योजना लागू करने के लिए शोर-शराबा मचाया जा रहा है। यदि ये मांगें मान ली जाएं तथा किसानों के साल भर चले आंदोलन की मांग मानते हुए इसकी 'कानूनी गारंटी' दे दी जाए तो यह निश्चित रूप से आर्थिक विभीषिका तथा केन्द्र सरकार के वित्तीय दीवालिया होने का कारण बनेगा।

डीपीपीएस योजना के अंतर्गत सरकार को केवल चयनित फसलों के लिए मंडी में बिक्री व एमएसपी के बीच अंतर का मुआवजा देना होगा। यह वर्तमान व्यवस्था से उलट है जहां राज्य एजेंसियां वास्तव में एमएसपी पर किसानों का उत्पाद खरीदती हैं। प्रस्तावित व्यवस्था में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। मध्य प्रदेश ने पहले चयनित फसलों पर डीपीपीएस का प्रयोग किया है, वहीं हरियाणा कुछ वस्तुओं के लिए इसे लागू करने की तैयारी कर रहा है। रमेश चंद्र चाहते हैं कि केन्द्र सरकार इस योजना को अखिल भारतीय स्तर पर लागू करने के लिए विचार करे। यदि सरकार केवल पीडीएस की आवश्यकता के अनुसार कृषि उत्पादों की खरीद करे तो डीपीपीएस की उस सीमा तक कोई प्रासांगिकता नहीं होगी। यह केवल उस मात्रा का स्थान लेगी जो एजेंसियां वर्तमान समय में पीडीएस की आवश्यकता से अधिक खरीदती हैं अथवा इनमें दालों व तिलहन जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं जिनकी खरीद नैफेड किसानों की सहायता के लिए करता है। डिफीसियेंसी मूल्य व्यवस्था के अंतर्गत इस खरीद को स्थानापन्न करने से सरकार का वह पैसा बचेगा जो वह वर्तमान समय में हैंडलिंग व कैरीइंग कास्ट-एचएंडसीसी पर खर्च करती है। इसके साथ ही वह उस नुकसान से भी बचेगी जो वह एमएसपी से कम कीमत पर खेली बाजार बिक्री योजना-ओएमएसएस में अनाज बेच कर उठाती है। उदाहरण के लिए, यदि एक किलो गेंहू का एमएसपी 20 रुपये तथा एचएंडसीसी 10 रुपये हो और एजेंसी उसे 15 रुपये में बेचे तो नई योजना से 15 रुपये की बचत होगी। सिद्धान्त रूप से डिफीसियेंसी मूल्य भुगतान के पक्ष में निर्णय करने पर सरकार को इसे सभी किसानों तक विस्तारित करना होगा तथा सभी फसलों को इसमें शामिल करना होगा, जबकि वर्तमान व्यवस्था में एमएसपी समर्थन 'केवल उन लोगों तक सीमित है जिनसे वह खरीदती है'। लेकिन डीपीपीएस के अंतर्गत कवरेज के काफी विस्तार के कारण न खरीदने के कारण होने वाली बचत अधिक खर्च से निरर्थक हो जाएगी। इसका परिणाम यह होगा कि प्रस्तावित योजना के अंतर्गत भी सब्सिडी बढ़ने को रोकना संभव नहीं होगा। वर्तमान योजना योजना के अंतर्गत एमएसपी की गणना खेती पर खर्च की औसत अखिल भारतीय लागत के आधार पर की जाती है। यदि यह गणना किसानों के व्यक्तिगत स्तर पर खर्च के आधार पर की जाए तो यह विभिन्न स्थानों पर निर्भर करेगी। ऐसा होने पर उन किसानों को लाभ होगा जिनका वास्तविक खर्च औसत से कम होता है, हालांकि इसका उल्टा भी हो सकता है। यदि डीपीपीएस के अंतर्गत एमएसपी की गणना स्थानीय मंडी से तुलना कर की जाए तो भी विकृति बनी रहेगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर एमएसपी की गणना कर उसकी तुलना स्थानीय मंडी से करनी होगी। यह डेटा संग्रह, विश्लेषण व क्रियान्वयन के लिए भारी चुनौती पेश करेगी। इस प्रकार चाहे एमएसपी की व्यवस्था हो अथवा प्रस्तावित डीपीपीएस, दोनों में सब्सिडी का बोझ बढ़ता रहेगा और यह डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का कारण बन सकता है।

ऐसे में आगे बढ़ने का क्या रास्ता है? राज्य की ओर से ऐसी सहायक व्यवस्था बनाना असंभव है जो सभी किसानों व सभी फसलों की देखभाल कर सके। यह काम पूरी तरह बाजार शक्तियों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऐसी परिस्थिति पैदा करनी चाहिए जिसमें सभी किसानों के सामने अपनी फसल बेचने के अनेक विकल्प हों तथा उनको अच्छी कीमत मिल सके। इसके लिए तीन केन्द्रीय कृषि कानूनों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता हो सकती है। आवश्यकता होने पर सरकार गरीब किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता दे सकती है। वर्तमान समय में पीएम किसान सम्मान निधि में सभी किसान शामिल हैं, इसे बढ़ी धनराशि के साथ गरीब किसानों तक सीमित किया जा सकता है। यह व्यवस्था उन विकृतियों से मुक्त होगी जो एमपीएस-डीपीपीएस को प्रभावित करती हैं। इससे डब्लूटीओ में भी भारत से सवाल नहीं पूछा जाएगा। खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यकता के लिए बाजार से खरीद सकती है। आदर्श रूप से वह लाभार्थी को सीधे भी सब्सिडी दे सकती है जिससे वह अपनी आवश्यकता बाजार से पूरी कर सकता है। उदाहरणार्थ, एक किलो गेंहूं के लिए वह 28 रुपये लाभार्थी के खाते में भेज सकती है जिससे वह 2 रुपये अपनी जेब से खर्च कर 30 रुपये की पूरी कीमत पर अनाज खरीद सकता है।

# जवाहिरी का सफाया महत्वपूर्ण घटना

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



अफगानिस्तान में अयमान अल जवाहिरी की उपस्थिति दोहा में 29 फरवरी, 2020 को हस्ताक्षरित अमेरिका-तालिबान समझौते तथा स्वयं तालिबान द्वारा दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था। उसे 31 जुलाई, 2022 को काबुल में एक अमेरिकी ड्रोन ने दो एजीएम 114आर9एक्स हेलफायर मिसाइलें दाग कर मार डाला। समझौते के भाग दो की पहली धारा के अनुसार तालिबान 'अपने किसी सदस्यों तथा अलकायदा समेत अन्य व्यक्तियों व समूहों को अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग संयुक्त राज्य अमेरिका या उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने के लिए करने की अनुमति नहीं देंगे।' दूसरी धारा में कहा गया है कि तालिबान 'उन लोगों को स्पष्ट संदेश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों का अफगानिस्तान में कोई स्थान नहीं है। वे अपने सदस्यों को निर्देश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले ऐसे समूहों या व्यक्तियों के साथ सहयोग न करें।' तीसरी धारा में कहा गया था कि 'तालिबान अफगानिस्तान में ऐसे समूह या व्यक्ति पर रोक लगाएंगे जो संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरे में डालेगा तथा उसे भर्ती, प्रशिक्षण व पैसा एकत्र करने से रोकेंगे और इस समझौते की प्रतिबद्धता के अनुरूप उसे अतिथि नहीं बनाएंगे।'

धारा 4 के अनुसार तालिबान ने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'अफगानिस्तान में शरण लेने या रहने की इच्छा करने वालों के साथ अंतरराष्ट्रीय आप्रवासी कानून और इस समझौते की प्रतिबद्धताओं के अनुसार व्यवहार करेंगे ताकि ऐसे व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा न पैदा कर सकें।'

धारा 5 के अनुसार उन्होंने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों को वीसा, पासपोर्ट या यात्रा परमिट या अन्य विधिक दस्तावेज नहीं प्रदान करेंगे।' जहां तक आश्वासनों का सवाल है, 17 अगस्त, 2021 को काबुल में अपनी पहली आधिकारिक प्रेस कान्फ्रेंस में तालिबान प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा था कि तालिबान अन्य देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहते हैं और किसी भी समूह को अफगान क्षेत्र का प्रयोग अन्य देशों पर हमलों के लिए नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने अमेरिका समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त किया था कि 'किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। हम कोई भीतरी या बाहरी दुश्मन नहीं चाहते हैं।'



अल जवाहिरी उसी समय से अलकायदा के नेता थे जब अमेरिकी नैवी सील की टीम ने मई, 2011 में ओसामा बिन लादेन को मारा था। उन्होंने अमेरिका पर 9-11 आतंकी हमले के साथ अनेक अन्य हमलों की योजना बनाने में प्रमुख भूमिका अदा की थी। उन्होंने कई बार मुसलमानों से अमेरिकनों की हत्या का आह्वान किया था। ऐसे में कोई संदेह नहीं कि अल जवाहिरी किसके पक्ष में थे। आश्चर्य नहीं कि अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने एक बयान में कहा था कि अल जवाहिरी की काबुल में उपस्थिति 'दोहा समझौते तथा दुनिया को बार-बार दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था कि तालिबान अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग उन आतंकियों को नहीं करने देंगे जो अन्य देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।' यह बात समझी जा सकती है कि वैश्विक मान्यता के लिए अत्यधिक प्रयासरत तथा विदेशों में जब्त धन व सहायता प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले तालिबानों ने स्वयं को इस मामले से अलग रखने के प्रयास किए हैं। ड्रोन हमले की निन्दा करते हुए उन्होंने 4 अगस्त, 2022 को जारी बयान में अल जवाहिरी के आने व काबुल में रहने की जानकारी से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'खुफिया एजेंसियों से पूरे मामले की जांच करने के साथ ही घटना के विभिन्न आयामों की एक समग्र व गंभीर जांच के निर्देश दिए हैं।' उन्होंने यह आश्वासन भी दिया है कि 'अफगानिस्तान की धरती से अमेरिका समेत किसी देश को कोई खतरा नहीं है।'

इसके साथ ही उनका कहना है कि इस्लामी अमीरात दोहा समझौते का क्रियान्वयन तथा उसके उल्लंघनों की समाप्ति चाहता है। लेकिन उनका यह बयान एक प्रकार से हास्यास्पद लगता है। यदि अमेरिका अल जवाहिरी का पता लगा कर उसे मार सकता है तो यह संभव नहीं कि तालिबानों के उसके काबुल में आने व वहां ठहरने का पता न हो। मई, 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शन्स मानीटरिंग टीम-एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट के अनुसार, अलकायदा व तालिबान के बीच नजदीकी संबंध बने हुए हैं। यह अफगानिस्तान व क्षेत्र में अलकायदा की उपस्थिति से रेखांकित होता है। अलकायदा के प्रमुख नेता तथा उनसे जुड़े समूहों, जैसे भारतीय उप-महाद्वीप के अलकायदा-एक्यूआईएस की उपस्थिति वहां बनी हुई है। पता चला है कि अल जवाहिरी एक घर में रह रहा था जो सिराजुद्दीन हक्कानी के एक वरिष्ठ सहायक का था। वह तालिबान का उप नेता, तालिबान सरकार में आंतरिक मामलों का मंत्री तथा हक्कानी आतंकी नेटवर्क का प्रमुख था जिसके हमेशा अलकायदा से नजदीकी संपर्क रहे हैं। एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि तालिबान जैशे मुहम्मद व लश्करे तैयबा को भी शरण देते रहे हैं। यह तर्क गले नहीं उतरने वाला है कि उनको अफगानिस्तान में रहने की अनुमति थी, पर उन पर कठोर निगरानी की जा रही थी। एस्मेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान के प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्राविंस-आईएसकेपी या अलकायदा 'विश्वास किया जाता है कि कम से कम 2023 तक अंतरराष्ट्रीय हमले करने में सक्षम नहीं होंगे, भले ही उनका इरादा चाहे जो हो अथवा तालिबान उन पर नियंत्रण करने में सक्षम हों या नहीं।' इसलिए यह तर्क उचित नहीं लगता कि तालिबान ने उनको कमजोर कर दिया है। कहा जाता है कि ये समूह अफगानिस्तान में तालिबान गुटों के समर्थन के कारण बने हुए हैं। इससे यह सवाल भी उठता है कि क्या आंशिक समर्थन उनको बड़े पैमाने पर आतंकी हमले करने में सक्षम नहीं बनाता है ताकि वैश्विक स्तर पर शरीया की स्थापना की जा सके? वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इसका जवाब 'हां' है। दुनिया को आगामी एक-दो साल में आतंकी हमलों की नई लहर का सामना करना पड़ सकता है।

## आप की बात

### स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**भारत** माता को गुलामी की जंजीरों से आज़ाद हुए आज 75 वर्ष हो गए हैं। आज भारत अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस माना रहा है। अब इस सुनहरे पल के चलते भारत इस तारीख को और खास बनाने में जुटा हुआ है, एक ओर जहां आज़ादी का अमृत महोत्सव के चलते विकास कार्य किए जा रहा है वही दूसरी ओर मुहीम जैसे हर घर तिरंगा के जरिए लोगों को आजादी का महत्व समझाया जा रहा है। आमजन भी इस दिन को और यादगार बनाने की कोशिश कर रहा है जो उसके प्रयासों से झलकता भी है। आज़ादी मिलने तक का सफर भारत के लिए काफ़ी चौनौतीपूर्ण रहा; यह लोग समझें इसलिए सरकार हर तरीके से भारतीय वीरों और वीरांगनाओं के कामों से लोगो को रूबरू करवा रही है। आज हर भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। लेकिन एक सच्चे भारतीय के रूप में अगर हमें उभरना है तो इस दिन को साक्षी मानकर हमें भारत को स्वच्छ और सेहतमंद बनाने की ओर कार्य करने होंगे। अगले 75 वर्षों में विकसित भारत के रूप में उभरने का यही रास्ता है। ख़ैर हर भारतीय के लिए आज खास दिन है; सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

– **निखिल रस्तोगी**, बरेली

### स्वागतयोग्य कदम

**पंजाब** सरकार द्वारा एक विधायक एक पेंशन संबंधित विधेयक को मंजूरी प्रदान की हैं जो कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में लिया गया स्वागत योग्य कदम है देश में पंजाब एकमात्र राज्य हो गया है जहां यह महत्वपूर्ण एवं दूरगामी परिणाम वाली व्यवस्था लागू की गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की है और कहा की पंजाब की जनता का 80 करोड रुपए बचेगा जिसको जनता के हित में खर्च किया जाएगा। देखा जाए तो किसी राज्य के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक, साहसिक एवं अभूतपूर्व कदम है जिसके माध्यम से राजनेताओं को यह संदेश दिया गया है कि राज्य को अनावश्यक खर्चे से बचना होगा । देश के सभी राज्यों में जन प्रतिनिधियों को जितनी बार विधायक और सांसद बनते हैं उसी अनुपात में पेंशन दी जाती है जिस पर केंद्र एवम राज्य सरकार को अरबों रुपए खर्च करना पड़ता ह जिस पर अब विरोध खड़ा हो गया है और संभवत सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला लंबित हैं। देश में ऐसे उदाहरण हैं कि एक विधायक अथवा सांसद पांच रुपया 5 लाख की मासिक पेंशन का हकदार है। वर्तमान आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए इस तरह का प्रावधान सभी राज्यों को करना होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

### जातीयता का दंश

**राजस्थान** में कक्षा 3 के छात्र द्वारा हेडमास्टर की मटकी का पानी पीने पर इतनी बेरहमी से पिटाई की कि दलित छात्र की 23 दिन बाद जान चली गई। ऐसी कई खबरें आए दिन आती रहती है। जो आजादी के 75 वर्ष बाद, अमृत महोत्सव में बदनुमा दाग लगाती है। एक तरफ हम हमारी अनेकता में एकता पर गुमान करते हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी अगड़े पिछड़े, हरिजन, दलित के दलदल से बाहर निकल नहीं पा रहे है। आखिर इस प्रकार के भेदभाव वाले प्रकरण कब तक देश की एकता में पलीता लगाते रहेंगे। होना तो यह चाहिए कि हम सबको मिलकर %जो देश हमें सब कुछ देता है%, उस देश का सामूहिक प्रयास से कंधे से कंधा मिलाकर विकास निर्माण करें । मगर जातिवाद का ऊंचा नीचा भेदभाव अभी भी अमृत काल में विष की तरह भरा हुआ है । अब तो इस प्रकार की भेदभाव व कटुता वाली दूरियां खत्म होनी ही चाहिए । तभी हमारा यह अमृत काल स्वर्ण काल में बदल पाएगा, वर्ना ऐसी घटिया व बीमार मानसिकता अमृत महोत्सव जैसे गौरवान्वित करने वाले क्षणों की सार्थकता पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहेंगे!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**हम** प्रयास कर रहे हैं। हम अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन का सर्वोत्तम प्रयास करेंगे।

– **नीतीश कुमार**
बिहार के मुख्यमंत्री

**मैं** शहबाज गिल के खिलाफ हिंसा की निन्दा करता हूं। किसके आदेश से उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है।

– **इमरान खान**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री





**लालू**-नीतीश के नए गठबंधन पर लालू से-'सांप आपके घर में घुस गया है।'

– **गिरिराज सिंह**
भाजपा नेता

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सांसद ने किया क्षेत्र का दौरा

● कई घरों पर फहराया झण्डा तिरंगा लगाने की अपील भी की


संसदीय क्षेत्र पहुंची सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी।

**प्रयागराज।** भारतीय स्वतंत्रता के स्वीधनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त हर घर तिरंगा के अन्तर्गत सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने रविवार को करछना विधान के ग्राम गलिबाबाद में मो शफ़ीक उर्फनन्कू के घर पर तिरंगा झण्डा फहराया। वहां पर उपस्थित लोगों से अपील की आप लोग अपने अपने घर पर तिरंगा झण्डा फहराएं एवं अपने देश पर गर्व महसूस करिए। इसके उपरान्त प्रो रीता बहुगुणा जोशी मेजा विधान सभा के मेजा रोड चौराहे पर स्थित पर स्थित ब्लाक प्रमुख राम स्वरूप पाण्डेय उर्फ बब्बऊ पाण्डेय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रो जोशी ने मेजा क्षेत्र के महान जनसेवक सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपनी योगदान देने वाले स्व ब्रदीनाथ तिवारी इंटर कालेज के प्रांगण में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और एनसीसी कैडेटों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं। मेजा रोड चौराहे पर हर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत झण्डा वितरित किया और सभी को अपने घर पर झण्डा लगाने की अपील की। डा रीता बहुगुणा जोशी ने भीरपुर करछना में खन्ना भाई की प्रसिद्ध चाय एवं लस्सी की दुकान पर पहुंचकर झण्डा लगाया और लोगों से अपील किया की आप लोग अपने प्रतिष्ठानों पर झण्डा लगाएं। उसके उपरान्त प्रो जोशी ने जिला प्रशासन प्रयागराज द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाए जा रहे कार्यक्रम 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जूलुस में इलाहाबाद विवि के विजय नगरम हाल से होकर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क स्थित गेट नं तीन पर अभिलेख प्रदर्शनी स्थल पर शान्ति पाठ में सम्मिलित हुईं। पूर्व विधायक आनन्द पाण्डेय उर्फ कलेक्टर पाण्डेय जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेमशंकर शुक्ल उर्फ मुन्नन शुक्ला जिला महामंत्री राजेश शुक्ला सन्त प्रसाद पाण्डेय आर के पाण्डेय अभिषेक शुक्ला राजेश त्रिपाठी शिवशंकर बाबा ओझा तपस्वी तिवारी राजेश पाण्डेय आशीष मिश्रा अमरेश तिवारी प्रदीप पाण्डेय मण्डल अध्यक्ष विनोद तिवारी वीरेन्द्र तिवारी संजय विश्वकर्मा विष्णु शुक्ला स्वप्निल द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा निकाल कर मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव और भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिटीमॉल कम्युनिटी लीडर्स ने तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष भाजपा ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने खुद कम्युनिटी लीडर्स के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाया। शहर के सीएमपी से लेकर के पी सामुदायिक केंद्र तक सिटी मॉल कम्युनिटी लीडर्स ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में सिटीमॉल कम्युनिटी लीडर्स के अलावा शहर के और भी कई लोग शामिल थे। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों में देश के प्रति उत्साह था। रैली में शामिल सभी लोगों ने आज़ादी के अमृत महोत्सव पर यह संकल्प लिया की वो देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएंगे। सिटीमॉल की तिरंगा यात्रा में बोलते हुए श्री चौधरी ने कहा 75 स्वतंत्रता दिवस पर जब पूरा देश आत्मनिर्भर बनने की तरफ मज़बूत कदम बढ़ा रहा है। मुझे खुशी है कि सिटीमॉल भारत के निम्न और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए सहारा बना है। हम सबको अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेना चाहिए।अनिल यादव जो आठ महीने पहले सिटीमॉल के कम्युनिटी लीडर बने। उन्होंने कहा जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तब हम सब देश में और चीज़ों से आज़ादी का संकल्प भी ले रहे हैं।

## फांसी इमली शहीद स्थल को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की मांग

● पूर्व काबीना मंत्री और विधायक मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सीएम को लिखा पत्र


सिद्धार्थ नाथ सिंह।

**प्रयागराज।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर फांसी इमली शहीद स्थल को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की मांग की है। 1857 की क्रांति के दौर में प्रयागराज सुलेमसराय में स्थित फांसी इमली शहीद स्थल बन गया था। बताया कि ब्रिटिश साम्राज्य की सरकार के हुकूमत ने लगभग 600 भारतीयों को फांसी इमली के पेड़ में लगा दी गयी थी। अंग्रेजों ने आसपास 8 गांव को पूरी तरह जलाकर बर्बाद कर दिया गया था। यह भी कहा जाता है कि आठ गांवों को जलाने के बाद बसा था प्रयागराज का सिविल लाइंस 1857 में आधारशिला रखी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर देश की आजादी के 75 वर्ष होने पर अमृत महोत्सव के रूप हर घर तिरंगा फहराने का जनजागरण अभियान में हर प्रयागराज वासी जुटा है। विगत दिनों तिरंगा यात्रा के दौरान स्थानीय नागरिकों ने फांसी इमली शहीद स्थल को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की ज्ञापन पत्र सौंपा था। समाचार पत्र लेख लिखकर हर नागरिकों को जनजागृति करने का प्रयास कर रहे है। फांसी इमली शहीद स्थल पर कई निर्दोष भारतीयों को फॉसी लगाने की मर्मम कांड ने झकझोर दिया था। हर प्रयागराजवासी यादकर शहीदों को नमन कर रहा है। ऐतिहासिक स्थल विकसित न होने से काफी दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। कई वर्षो से स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की मांग करते चले आ रहे है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने लिखे पत्र में 1857 की क्रांति में प्रयागराज के बलिदान के इतिहास को उल्लेखित करते हुए राष्ट्रीय धरोहर स्मारक के रूप में विकसित कराने की मांग किया है।

## भाजपा कार्यकर्ता निकले लेकर तिरंगा, गूंजे देशभक्ति के नारे



**अयोध्या।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता कई कार्यक्रमों में सम्मलित हुए। कौशलपुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा निकाली गयी तिरंगा यात्राए रिकाबगंज से चौक बाईक रैली का उन्होने नेतृत्व किया। बाईक रैली के दौरान सभी दुकानों पर उन्होने तिरंगा ध्वज लगवाया तथा सिविल लाइन से चौक फतेहगंज तक चंद्रा ऑटो के द्वारा बाइक रैली में शामिल हुए और आटो, ईरिक्शा व अन्य वाहन चालको को तिरंगा वितरित किया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सामूहिक शक्ति का परिचय देना चाहिए। राष्ट्रहित सर्वोपरि का भाव सभी के भीतर समाहित होना चाहिए। केन्द्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलकर सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। इसमें सभी का प्रयास सम्मलित है। अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। सरकार की प्राथमिकता में गरीबों का विकास रहा है। चंद्र प्रकाश गुप्ता तरुण मित्तल अनुराग सिंह रवि सोनकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## बच्चों के संग निकाली तिरंगा यात्रा जागरूकता रैली



**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर अगस्त क्रांति तिरंगा पदयात्रा विकास खंड बसखारी के बुढनापुर में स्थित सहदेई देवी बालिका इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली शनिवार को निकाली गयी जागरूकता रैली के पूर्व में फैजाबाद अंबेडकर नगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य अजय कुमार ऊर्फ विशाल वर्मा ने अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर हर घर तिरंगा अभियान जागरूकता रैली का शुभारंभ किया इस दौरान पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा ने कहा कि देश के वीर जवानों को याद करने की जरूरत है देश की आजादी के रण कुंवारों की वीर गाथा को याद करते हुए नमन किया इस दौरान पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा कई सैकड़ों की संख्या में तिरंगा झंडा वितरण किया हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली को जगह जगह ग्रामीणों ने रैली को फूल मालाओं से स्वागत किया गया इस रैली में बच्चों द्वारा नारों से गूंजता रहा बच्चों द्वारा गर्व से बोलो साथ में तिरंगा हमारे हाथ में एकता हमारा नारा है भारत देश हमारा है नहीं झुका है नहीं झुकेगा हमारा तिरंगा नहीं झुकेगा वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से जागरूकता रैली मे गुजता रहा रहा कई ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए मोतिगरपुर में भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा माला अर्पण करते हुए नमन किया और बच्चों द्वारा रैली पुन: विद्यालय परिसर में पहुंचा और कार्यक्रम को समापन किया गया। विकासखंड बसखारी से पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय वर्मा माथुर प्रमोद चौरसिया सहदेई देबी बालिका इन्टर कालेज के प्रधानाचार्या शकुंतला वर्मा अध्यापिका इंद्रावती बर्मा अध्यापक धनराज नरेंद्र बहादुर घनश्याम वर्मा संतोष कुमार डॉक्टर आत्मा राम वर्मा चांद खान दिनेश वर्मा इंद्रदेव मौर्या इंद्रदेव मौर्य फूलचंद वर्मा ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार ग्राम प्रधान दिनेश वर्मा पूर्व प्रधान रवि शंकर आनन्द रविंद्र यादव ललित यादव बृहस्पति यादव रामकेवल वर्मा राम वर्मा सहित लोग तिरंगा यात्रा मे आदि लोग मौजूद रहे इस रैली अभियान में सुरक्षा व्यवस्था में बसखारी थाना क्षेत्र के पुलिस के जवान भी आगे आगे चल रहे थे।

## 75वें स्वतंत्रता दिवस पर कलाकारों ने जगाया देशभक्ति का जज़्बा

**प्रयागराज।** 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुंडली भाग्य के शक्ति अरोड़ा और अंजुम फकीह भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे मिठाई की देबत्तमा सहा प्यार का पहला नाम राधा मोहन की निहारिका रॉय और कुमकुम भाग्य की रेहना पंडित जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने भारत का एक जिम्मेदार नागरिक होने पर अपने विचार रखे और अपने बचपन की कुछ यादें साझा कीं। ज़ी टीवी के कुंडली भाग्य में अर्जुन की भूमिका निभाने वाले शक्ति अरोड़ा ने कहा स्वतंत्रता दिवस पर पूरा देश गर्व और स्वतंत्रता की भावना महसूस करता है। हर कोई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले देश का हिस्सा बनकर खुश होता है। स्कूल के दिनों में स्वतंत्रता दिवस पर सभी छात्र झंडा फहराने के लिए एक साथ इकट्ठा होते थे। राष्ट्रगान गाते थे और सफेद यूनिफॉर्म पहनते थे। भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी की भूमिका निभाने वालीं ऐश्वर्या खरे ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है।

## क्विक न्यूज

### मण्डलायुक्त और विधायक ने निर्माणाधीन विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**अयोध्या।** मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने आज तहसील रुदौली के अमराई गांव में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। आयुक्त के साथ क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र यादव भी उपस्थित रहे तथा विकास के बिन्दुओं पर चर्चा की। क्षेत्र में साफसफाई का ध्यान देनेए सरकारी योजनाओं को समय से पूरा करें तथा आजादी के कार्यक्रम को सफलता के साथ मनाये जाने की अपील की। उन्होंने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता के साथ.साथ जल निकासी हेतु सम्बन्धित नाले की सफाई आ रही समस्याओं के दृष्टिगत नाले का भी स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कामाख्या धाम स्थित गोमती नदी घाट तथा इको पार्क हेतु प्रस्तावित भूमि स्थल को मौके पर जाकर देखा तथा माँ कामाख्या धाम समीप सुनबा गांव में निर्मित किये जा रहे अमृत सरोवर का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप श्रमायुक्त, डीएफओ, एसडीएम रुदौली सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निकली तिरंगा यात्रा

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को तिरंगा जुलूस निकालकर लोगों को किया जागृत भारतीय जनता पार्टी की पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब सिंह के नेतृत्व में राम बाबा बाजार से महमदपुर चपरा अतरडिहा पीठा पुर तरसावा केवटाही मेढवा रघुवंशी होते हुए राम बाबा बाजार गुलाब सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को जलपान की व्यवस्था की गई मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रमाशंकर सिंह मंडल अध्यक्ष दिलीप तिवारी मंडल महामंत्री रानश पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी राम बक्स सिंह कुलदीप अग्रहरी आचार्य द्वारका प्रसाद मिश्रा बजरंग बर्मा नसीब उल्लाह राकेश सिंह डॉक्टर अयोध्या प्रसाद एवं क्षेत्र के जनमानस ने बढ़ चढ़कर भाग लिया वंदे मातरम की धुन से गूंज उठा राम बाबा।

### लोक अदालत में निस्तारित हुए मुकदमे

**अम्बेडकरनगर।** जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले में हुए विभिन्न वादों का निस्तारण हुआ। मोटर दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, बैंकों के ऋण, राजस्व के प्रकरण निस्तरित किए गए।इस एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर का न्यायालय परिसर में शुभारंभ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने मां सरवस्ती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जलवित करके किया। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत मे वादकारियों के लंबित मामलों को सुलह-सफाई के आधार पर निपटाया जाना है। इससे जहां वादकारियों को त्वरित न्याय मिल सकेगा। लंबित प्रकरणों की संख्या में कमी आयेगी। उन्होंने वादकारियों से कहा कि वे अपने अपने वादों को लोक अदालत मे लगवायें और अनावश्यक कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने से बचें। सबके लिए की परिकल्पना को लोक अदालत के माध्यम से साकार किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत का संचालन प्रियंका सिंह ने किया ।

### निकाली रैली

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** आजादी का अमृत महोत्सव में खजूरी करौदी प्रधान राम सुरेश वर्मा की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई।खजूरी से निकली यात्रा मालीपुर हरिपालपुर गानेपुर कोठीभार आदि गांवों का भ्रमण करते हुए खजूरी बाजार में समाप्त हुई। डीजे से निकलती हुई देश भक्ति गीत की धुन के बीच हाथो में तिरंगा झंडा बुलंद किए नव जवानों का जोश देश भक्ति की भावना को और परवान चढ़ा रहा था। मंडल अध्यक्ष हरी दर्शन राजभर, मनीष मिश्र आदि युवाओं का उत्साह वर्धन कर रहे थे।

### मौलिकता, रचनात्मकता और हो लेखन की गुणवत्ता

**प्रयागराज।** किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट की एन्ट्रीज़ को जमा करने की अंतिम समय सीमा एक और महीने के लिए दस अक्टूबर तक बढ़ाने की घोषणा अमेजन ने की है। पांचवें एडिशन का आयोजन उत्साही लेखकों का बेहतरीन ऑथर बनने के अपने सपने को हकीकत में बदलने के सपने के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य के साथ इस साल जुलाई में शुरू किया गया था। अमेजन केडीपी की इस फ्लैगशिप प्रतियोगिता के पांचवें संस्करण में सुदीप नागरकर सुधा नायर सत्य व्यास विजय काकवानी और नागा चोकन सहित प्रसिद्ध लेखकों का एक निर्णायक पैनल होगा।

## पूर्व प्राचार्य को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** बाबा बरुआ दास पी जी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य ड्रा श्रवण कुमार त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर मानस सेवा संस्थान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।मौजूद सभी शिक्षकों ,बुद्धिजीवियों ने स्व त्रिपाठी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके शैक्षणिक योगदान की चर्चा की।ड्रा जे पी पांडेय ने स्व त्रिपाठी को मृदुभाषी ,योग्य शिक्षक बताया । शिक्षक ड्रा गोविंद तिवारी ने पी जी।कॉलेज के प्रथम दीक्षांत समारोह में स्व त्रिपाठी द्वारा किए गए योगदान को पी जी कॉलेज के विकास लिए मील का पत्थर बताया ड्रा गोविंद तिवारी ने कहा कि स्व त्रिपाठी हमेशा शिक्षको और छात्र छात्राओं के बीच हमेशा जीवित रहेंगे। डा. एस बी सिंह ने स्व त्रिपाठी के प्राचार्य के रूप कार्यकाल को पी जी कॉलेज अतुलनीय बताया और कहा कि वह समय भुलाया नहीं जा सकता है।स्व त्रिपाठी सेवानिवृति के बाद सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे।

## एडीएम ने निर्माण कार्य का लिया जायजा



**अम्बेडकरनगर।** एडीएम अशोक कुमार कनौजिया द्वारा नगर पालिका क्षेत्र टांडा में किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र टांडा के वार्ड नंबर- 2 मोहल्ला- छज्जापुर, मोहल्ला- मीरानपुर, वार्ड नंबर -4 मोहल्ला- सिकंदराबाद एवं वार्ड नंबर -9 के मोहल्ला फालतूपट्टी मे नाली एवं इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। मौके पर किए जा रहे कई कार्यों की गुणवत्ता ठीक नहीं पाई गई, गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही थी। बिना अतिक्रमण हटाए कार्य किया जा रहा था। इंटरलॉकिंग भी कहीं-कहीं दब गई थी और नाली का स्लैब सही नहीं ढाला गया था। इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित जे0ई0 और संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य करने की नसीहत दी गई साथ ही साथ कमियों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। एवं जिस कार्य को अभी तक ठेकेदार द्वारा शुरू नहीं किया गया है उस पर ठेकेदार को नोटिस भी देने का निर्देश दिया गया। एसडीएम टांडा, प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका क्षेत्र टांडा एवं अवर अभियंता टांडा उपस्थित रहे।

## सपा ने पूर्व सैनिकों को तिरंगा झंडा बांटा



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी ने आज तारा जी पुरम गौरा पट्टी में सभी पूर्व सैनिकों को झंडा वितरण किया प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाने की जिम्मेदारी सौंपते हुए पूर्व सैनिकों को बड़ी तादाद में तिरंगा झंडा सौंपा। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों से कहा कि आजादी के लिए हमारे देश के शहीदों ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया एउन शहीदों के सम्मान के लिए हम सभी को आगे बढ़कर प्रयास करना होगा ।श्री पांडे ने कहा कि आज केंद्र और प्रदेश दोनों ही सरकारें जनविरोधी नीतियों को लागू करके समाज के हर वर्ग को परेशान कर रहीं हैं ऐसे में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वह लोगों से मिलें और उन्हें समाजवादी पार्टी की नीतियों और रीतियों से अवगत कराते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मदद मांगे ।श्री पांडे ने कहा कि आजादी के 75 साल होने को है और देश ने अब तक वह तरक्की नहीं प्राप्त की है जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी यदि लोकसभा चुनाव में एक बड़ी पार्टी के रूप में उभरी तो केंद्र की सत्ता समाजवादी पार्टी के हाथों में होगी एऐसे में कार्यकर्ता पार्टी को जिताने के लिए अभी से अपनी कमर कस लें ।

पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज तारा जी पूरम गौरा पट्टी में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने बड़ी तादाद में तिरंगा झंडे को पूर्व सैनिकों को सौंपा और उनसे यह निवेदन किया कि सभी घरों पर तिरंगा झंडा जरूर लहराए जिससे लोगों के मन में देशभक्ति का भाव पैदा हो। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सूबेदार जी पी बैठा, पूर्व सूबेदार राजेश कुमार, पूर्व नायक सूबेदार एपी उपाध्याय, ओम प्रकाश सिंह, पूर्व नायक गोविंद मणि त्रिपाठी, पूर्व नायक राजेश सिंह, पूर्व हवलदार चंदन सिंह, पूर्व नायक रामानुज सिंह, राजू, अंकेश वर्मा, राजा, नोमी लाल, आशीष राज, राम अनुज यादव, मोतीलाल, उपेंद्र प्रताप सिंह, गणेश सिंह, प्रदीप बैठा, राकेश पांडे कपिल देव मिश्रा शकुंतलाए संतोष, शांति शर्मा आदि मौजूद रहे ।

## हजारों वर्षों से सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र है राष्ट्रः त्रिपाठी


तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

**प्रयागराज।** कांस्टीट्यूशनल एवं सोसल रिफार्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी का कहना है कि संविधान ने स्वतंत्रता का अधिकार दिया है किन्तु यह अनियंत्रित अधिकार नहीं है। कोई भी उसी सीमा तक स्वतंत्र है। जहां तक उसकी आजादी दूसरे के अधिकारों का उल्लघंन नहीं कर देती। त्रिपाठी ने कहा कि भारत हजारों वर्षों से सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र राष्ट्र है। आज भी जंबू द्वीपे भरत खंडे आर्यावर्तेक देशे का संकल्प लिया जाता है। अंग्रेजों ने 1947 में देश विभाजन के साथ सत्ता हस्तांतरण किया। सत्ता मिलने के साथ ही संविधान सभा बनी जिसने विश्व की मान्यताओं को समाहित करते हुए 1949 में भारतीय संविधान को अंगीकार किया। जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। त्रिपाठी ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में ही नागरिकों की स्वतंत्रता का खाका खींच दिया गया है और अनुच्छेद 19 में सात स्वतंत्रताओ में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी गई है। जो गणतंत्र की रीढ़ है। किंतु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता स्वच्छंद नहीं है। सरकार द्वारा नियंत्रित है। त्रिपाठी ने कहा कि संविधान सभा ने जहां नागरिकों के मूल अधिकार तय किए वहीं सरकार के लिए भविष्य के नीति निर्देशक सिद्धांत भी दिये।यह महत्वपूर्ण है किन्तु सरकारों ने राजनीतिक कारणों से इनकी उपेक्षा ही की। त्रिपाठी ने कहा कि संविधान में अधिकार थे किन्तु नागरिकों के कर्तव्य नहीं थे। जिसे 42 वें संशोधन से संविधान में जोड़ा गया। जहां गौरवशाली जीवन के लिए स्वतंत्रता जरूरी है वहीं कर्तव्य भी तय होने ही चाहिए। इन दोनों के बिना मनुष्य जीवन अस्तित्व विहीन होगा।लिंकन ने ठीक ही कहा है कि प्रत्येक नागरिक ऐसा काम करें जिससे लोग उसे याद रखें। थामस जैफर्सन ने कहा अखबार और सरकार में चुनना पड़े तो वह अखबार चुनेंगे। इसलिए सोसल मीडिया जरूरी है जो सरकार को आईना दिखाती है किन्तु इसे अनियंत्रित नहीं छोड़ा जा सकता। मनुष्य स्वतंत्र पैदा होता है उसके बाद सामाजिक बंधन में जीवन बिताता है। अधिकार से कर्तव्य का अधिक महत्व है। एक का कर्तव्य ही दूसरे के अधिकारों का सृजन करता है।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने परिषदीय विद्यालय के बच्चों को बांटा तिरंगा झंडा

**मिल्कीपुर अयोध्या।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज के सामाजिक कार्यकर्ता सूरज कौशल द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय बवां कुमारगंज, शिवनगर कुमारगंज व अकमा में पठन.पाठन करने वाले छात्र छात्राओं को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। नि:शुल्क 500 छात्र छात्राओं को झंडा वितरण कियाए झंडा पाते ही बच्चे खुशी से झूम उठे तथा सूरज कौशल ने बच्चों से कहा कि आप लोग झंडे को अपने घर पर फहराना और 15 अगस्त को अपने साथ विद्यालय भी ले आना। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जा रहा है। 13 से 15 अगस्त के बीच नागरिकों द्वारा अपने घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए सूरज कौशल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और समर्पण का अभियान है।

## जनपद में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित

● सभी शासकीय भवनों पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण होगा



**अयोध्या।** स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश एवं भगवान श्रीराम की पावन धार्मिक नगरी जनपद अयोध्या में भी मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, डीएम नितिश कुमार एवं जिला प्रशासन की देख.रेख में गरिमामय ढंग से हर्षोउल्लाह के साथ मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि दिनांक 15 अगस्त को 75वीं स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर प्रात: 8 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण के साथ.साथए सरकारी तथा गैर.सरकारी इमारतों, शैक्षणिक संस्थान, वाणिज्यिक/ औद्योगिक प्रतिष्ठान आदि पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेंगा तथा झण्डा, अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। 14 अगस्त को कलेक्ट्रेट प्रांगण, निकट निर्वाचन कार्यालय अयोध्या में सायं 6:30 से 8:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम मिथिलेश लोक गायक की प्रस्तुति की गयी। 15 अगस्त को प्रात: 8:30 से 10:30 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण, निकट निर्वाचन कार्यालय अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम समापन प्रेमचन्द्र तिवारी व सुश्री आराध्या गौतम लोक गायक/नृत्य के द्वारा आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर जोर दिया जाये तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करने के साथ साथ लोगों की परम्परागत एकता प्रदर्शित करने के लिए मानव श्रृंखला बनाने पर भी विचार किया जाय। सभी विद्यालयों, मुहल्लों से प्रभात फेरियां निकाली जायं जिसमें झण्डा गीत एवं अन्य राष्ट्रभक्ति के गीतों का गायन किया जाय। कल्याणकारी कार्यक्रमों/ योजनाओं के साथ ही शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देने वाले कार्यक्रम भी आयोजित किये जाये।

15 अगस्त को 8 बजे समस्त राजकीय तथा गैर राजकीय भवनों/ सभी पंचायत भवनों/प्रत्येक विद्यालयों में ध्वजारोहण, पंथ निरपेक्षता, सामाजिक समरसता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर जोर दिया जाये तथा स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास एवं देश के अन्य भागों में शहीद हुये देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहरायें जायें, जिनसे राष्ट्रीय चेतना जागृत हो। झंडारोहण के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम तथा कलेक्ट्रेट परिसर एवं जनपद के सभी विभागों द्वारा पूर्व में प्रदत्त वृक्षारोपण के लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण का कार्यक्रम। प्रात: 8:30 बजे जनपद में स्थापित सभी शहीदों/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण। प्रात: 9 बजे जनपद की सभी मलिन बस्तियोंए कुष्ठ आश्रमों में स्वतंत्रता कार्यक्रम। प्रात: 10 बजे फल वितरण कार्यक्रम. जिला चिकित्सालय अयोध्याए जिला महिला चिकित्सालय अयोध्या, श्रीराम अस्पताल अयोध्या, जिला संयुक्त चिकित्सालय दर्शननगर, कुष्ठ आश्रम अयोध्या, मूक.बधिर विवि अयोध्या में आयोजित है। प्रात: 11 बजे जिला कारागार के बंदियों को खाने के साथ फल एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम है। इसके पूर्व प्रात: 6 बजे ग्राम स्वावलम्बी विद्यालय खादी आश्रम द्वारा कताई एवं सर्वधर्म प्रार्थना होगी। प्रात: 6:30 बजे क्रासकन्ट्री रेड डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम डाभासेमर में आयोजित किया जायेगा।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 15 अगस्त, 2022



# महिला पुलिसकर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाल नारी शक्ति का दिया संदेश

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर सीतापुर की सड़कों पर महिला पुलिस कर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर नारी शक्ति का संदेश दिया। पुलिस लाइन से महिला पुलिस कर्मियों की तिरंगा यात्रा लालबाग चौराहा, आंख अस्पताल, तरणताल से जीआईसी होते हुए वापस पुलिस लाइन में आकर समाप्त हो गई। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ सिटी पियूष कुमार सिंह, सीओ लाइन एसके दुबे, टीआई फरीद अहमद और महिला थाना प्रभारी पूजा यादव कर रही थी। देश भक्ति के गीतों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी सड़कों पर कदम ताल कर रहे थे, तो पीछे-पीछे तिरंगा लेकर चल रहीं महिला पुलिस कर्मी भी संदेश दे रही थी कि हम किसी से कम नहीं। इस तिरंगा यात्रा के दौरान मां तुझे सलाम और सारे जहां से अच्छा गीत बज रहा था। इससे पहले पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने यूपी 112 वाहनों तिरंगा मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूपी 112 वाहनों का तिरंगा मार्च पास्ट पुलिस से प्रारंभ होकर खैराबाद टोल प्लाजा पहुंचकर टोल प्लाजा के कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से टोल प्लाजा के कार्यालय पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरीय डा. राजीव दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेन्द्र प्रताप सिंह, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन सुजीत दुबे, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु शोभित, प्रतिसार निरीक्षक राज कुमार, 112 के प्रभारी राकेश सिंह व अन्य कर्मी मौजूद रहे। इससे पूर्व आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 99 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने पुलिस लाइन में अंगवस्त्र व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद पुलिस लाइन में ही उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले जनपद के 75 उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, महिला मुख्य आरक्षी, आरक्षी, महिला आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान द्वारा प्रशंसा पत्र एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया।

### लालबाग पार्क में शहीदों को नमन करने के लिए उमड़े लोग

# मौन जुलूस निकालकर शहीदों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

संवाददाता। सीतापुर

- कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा
- भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व विधायक महेन्द्र यादव भी हुए शामिल

**डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने भी दी श्रद्धांजलि**

**देश को** आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में सीतापुर में स्कूली बच्चों ने मौन जुलूस निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर जीआईसी से बड़े पैमान पर स्कूली बच्चों ने मौन जुलूस की तिरंगा यात्रा निकालकर लालबाग पार्क पहुंचे, जिनकी अगुवाई कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही कर रहे थे, लालबाग पार्क में शहीद स्तंभ पर राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व विधायक महेन्द्र यादव ने श्रद्धांजलि दी, साथ में जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चन्द्रभान और जिले के अन्य अधिकारियों ने भी शहीदों की याद में शहीद स्तंभ मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में सीएमओ डा. मधु गैरोला, एडीएम रामभरत तिवारी, सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, बीएसए अजीत कुमार, डीपीआरओ मनोज कुमार, पीडी ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, ईओ वैभव त्रिपाठी आदि शामिल रहे। सीतापुर के लालबाग पार्क का भी अपना इतिहास है 18 अगस्त 1942 को अंग्रेजों के खिलाफबिगुल फूंकने पर अंग्रेज जिलाधिकारी ने देश प्रेमी आंदोलनकारियों पर गोलियां चला दी थी, जिसमें 6 लोग शहीद हो गए थे, उन्हीं शहीदों के स्तंभ पर जाकर लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## क्विक न्यूज

### इफको नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी



**बरेली।** इफको नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी जी ने आंवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी से कार्य प्रगति का जायजा लिया किसान भाइयों को नैनो यूरिया उपलब्ध कराने के लिए आंवला इकाई पर संयंत्र निर्माणाधीन है जल्द ही नैनो की तरल यूरिया बोतल का उत्पादन इफको आंवला से शुरू हो जाएगा पूर्णतया अत्याधुनिक संयंत्र को बनाने के लिए दिन रात इंजीनियरों की विशेष टीम कार्य कर रही है नैनो संयंत्र के भ्रमण के दौरान प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी जी ने कार्य में जुटे इंजीनियरों के दल और कर्मियों से निर्माणाधीन संयंत्र प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। प्रबंध निदेशक महोदय ने निरीक्षण के दौरान इस बात पर ज्यादा बल दिया कि किसानों को उन्नत पैदावार से फसल ज्यादा मुनाफा दे इसके लिए महत्वकांक्षी परियोजना नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र उत्पादन के लिए जल्द से जल्द तैयार हो।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत गल्ला मण्डी में निकाली रैली

**सीतापुर।** गल्ला मण्डी सीतापुर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कृषि उत्पादन मण्डी समिति सीतापुर के तत्वावधान में हर घर तिरंगा के तहत मण्डी सचिव डी.पी. सिंह की अगुवाई में गल्ला मण्डी सीतापुर के सभी व्यापारी/मिलर्स/ श्रमिक एवं किसान भाइयों ने एक भव्य विशाल जागरूकता रैली गल्ला मण्डी मेन गेट से पुरानी गल्ला मण्डी/नई गल्ला मण्डी एवं सब्जी मंडी में निकाली गई। मण्डी सचिव डी.पी. सिंह, मण्डी निरीक्षक विवेक शुक्ला, मण्डी निरीक्षक संजय कुमार, राम सहाय पाल, सीतापुर कच्चा आढ़ती एवं ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विनय गुप्ता, विजय बंसल, मुन्ना गुप्ता (लम्बू), राधेश्याम गुप्ता, मनीष राठौर, संदीप भरतिया, तेजनारायन भरतिया, विमल गुप्ता, दीपू गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, रजनीश गुप्ता, मोहित मिश्रा, मुरारी जी,रामकुमार जायसवाल, गौरव जायसवाल, पंकज गुप्ता, सौरभ जायसवाल, रामकिशोर, सुहास शाह, नरेन्द्र बंसल (पप्पू), उत्कर्ष गुप्ता, कपिल गुप्ता, सचिन गुप्ता, सुजीत गुप्ता, मोहसिन, सईद, लालजी राठौर, मुन्ना लाल राठौर, रामनाथ गुप्ता, मुस्कान, फूल सिंह आदि ने रैली में भाग लिया।

### क्रास कंट्री रेस का आयोजन

**सीतापुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जिला खेल कार्यालय सीतापुर की ओर से दो वर्गो में क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में लगभग 170 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुरुष ओपेन वर्ग में अभिषेक प्रथम, अतुल द्वितीय तथा संदीप कुमार तृतीय स्थान पर रहे। नमन मिश्रा, श्रेष्ठ मिश्रा व फजल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह महिला ओपेन वर्ग में कोमल राजपूत प्रथम, रुचि द्वितीय व अंजली तृतीय स्थान पर रहीं। शालू, अनुष्का व दिव्या को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### बेघरों को सौंपे स्वामित्व प्रमाण पत्र



**संडीला(हरदोई)।** नगर के सैकड़ों बेघर लोगों की आंखों में इस समय खुशी के आंसू छलक उठे, जब उन्हें स्वामित्व प्रमाण पत्र क्षेत्रीय विधायक द्वारा सौंपे गए। नगर पालिका परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में आसरा योजना के अंतर्गत रेलवे केबिन के पीछे बेगमगंज में बेघरों के लिए आवासों का निर्माण डूडा द्वारा किया गया था। इनमें से 96 पात्र लोगों को नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में जिसकी अध्यक्षता अधिशसी अधिकारी रुद्र प्रताप सिंह ने की। इसमें क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने बेघरों को स्वामित्व के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्रीमती अर्कवंशी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकारें लगातार कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से भेदभाव रहित होकर गरीबों के कल्याणमें लगी हैं। इस अवसर पर एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह भी मौजूद रहे और उन्होंनें सभी लाभार्थियों को बधाई दी।

# अभ्युदय योजना की क्लास में डीएम ने बताए सफलता के मंत्र

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

75वें स्वतंत्रता दिवस सप्ताह पर आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव पर रविवार को कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत विशेष प्रेरक कक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें खीरी के डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने रविवार को एक टीचर के रूप में नजर आए। वह मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को पढ़ाते दिखे।

डीएम ने सिविल सर्विस में आने वाले निबंध व जनरल स्टडी के पेपर की तैयारी के टिप्स दिए। रविवार को करीब दो घंटे तक डीएम ने क्लास ली। उन्होने सिविल सर्विसेज में सफलता के मंत्र दिए। संवाद भी कायम किया और प्रतिभागियों की जिज्ञासाएं दूर की। उन्होंने यूपीएससी में सफलता के तैयारी करने के बारे में तो बताया ही, साथ ही यह भी बताया कि विषयों का चयन कैसे करें। नोट्स तैयार के साथ ही पत्र-पत्रिकाओं के पढ़ने से जानकारी करने के बारे में बताया। कहा कि नए युग में अब स्मार्ट फोन पर काफी कुछ मिल जा रहा है, तैयारी काफी आसान हो सकती है। पूरी क्लास में शिक्षक की तरह डीएम नजर आए और प्रतिभागियों से पढ़ाने के दौरान जुड़ते चले गए। डीएम ने निबंध, सामान्य अध्ययन ए उत्तर लेखन में समय प्रबंधन जैसे विषयों पर टिप्स दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सिविल सेवा परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए प्रत्येक माह लक्ष्य बना का तैयारी करें और प्रत्येक विषय को समान समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबिल से पढ़ाई करें। जो विशेष कमजोर लग रहे हो। उस पर विशेष ध्यान देते हुए तैयारी करें। डीएम ने कहा कि रटना नहीं बल्कि पढ़ना व समझना महत्वपूर्ण है। विषय वस्तु को लिंककर आपस में जोड़कर नोट्स बनाएं। शिक्षा सरलता से अच्छी से अच्छी बुलंदी दिला सकती है। एनसीईआरटी की बुक्स पढ़कर विषय वस्तु की समझ को विकसित करें। ष्एक सीट मेरी हैष् लक्ष्य बनाकर ईमानदारी से उसे हासिल करने में जुट जाएं। सभी में प्रतिभा है बशर्ते मेहनत से उसे निखरना होगा। खीरी की लाइब्रेरी को बेहतर बनाया जा रहा है। कॉन्फिडेंस को कतई लूज़ ना करें। जीवन में सीखने की अपार संभावनाएं हैं। डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर ने अभ्युदय क्लासेस में प्रवेश की प्रक्रिया समझाई। कोई भी बच्चा उनसे या डाइट में संचालित अभ्युदय कक्षाओं में जाकर अपना पंजीकरण करा सकता है। जिले में संचालित सभी स्कूलों से मेधावी एवं प्रतिभावान बच्चों के नाम भी मांगे हैंए जो तैयारी करना चाह रहे हैं। सभी अभिभावक बच्चे का पंजीकरण कराएं। विशेष प्रेरक कक्षा में सीडीओ अनिल कुमार सिंहए अभ्युदय योजना के नोडल जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सहित बड़ी संख्या में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर बालक एवं बालिकाओं अपने अभिभावक के साथ मौजूद रहे।

# इफको फूलपुर-भारतीय कृषि में बदलाव

**इंडियन** फार्म फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड, जिसे इफको के नाम से जाना जाता है, न केवल भारत में बल्कि दुनिया में उर्वरक उद्योग में अग्रणी है। इसकी स्थापना 3 नवंबर, 1967 को हुई थी। इफको पूरे देश में पांच मेगा उर्वरक परिसरों का संचालन कर रहा है। इफको भारत से लगभग 32% फॉस्फोरिक और 21% नाइट्रोजन उर्वरकों की मांग में योगदान दे रहा है। आज इफको एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसकी वैश्विक उपस्थिति सेनेगल, ओमान, दुबई और जॉर्डन में है। अपने मुख्य उर्वरक व्यवसाय के अलावा इफको ने सामान्य बीमा, ग्रामीण मोबाइल टेलीफोनी, ग्रामीण ई-कॉमर्स, एसईजेड, कमोडिटी ट्रेडिंग, एग्रोकेमिकल्स और कृषि इनपुट ग्रामीण खुदरा, आदि में विविधता लाई है। इसने किसानों को अपने कृषि उत्पादन में वृद्धि करने और इष्टतम लाभ प्राप्त करने में एक महान भूमिका निभाई है। इफको ने अपने उत्पादों को अपने ई-कॉमर्स उद्यम ई-बाजार के माध्यम से किसानों के दरवाजे पर उपलब्ध कराया है और इस प्रकार डिजिटल क्षेत्र में जगह बनाई है। हम इफको संगठन में सहकारी समितियों और किसानों की सेवा करने की दिशा में काम करते हैं और किसान की आय को दोगुना करने के लिए हमारे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करते हैं। इफको प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के लिए भी प्रतिबद्ध है और देश भर में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए समर्पित है। आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वें वर्ष में इफको ने इस वर्ष माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में सार्थक व मजबूत कदम बढ़ाये है जिसमें इफको ने हाल ही में नैनो प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद हमारे दूरदर्शी प्रबंध निदेशक डॉ यू.एस. अवस्थी के नेतृत्व में संभव हुआ है जो मिट्टी के पोषक तत्वों के आशाजनक विकल्प के रूप में उभरे हैं। नैनो उर्वरक उच्च पोषक तत्व दक्षता के साथ पर्यावरण के अनुकूल है और उनका उपयोग भूमिगत जल की गुणवत्ता पर एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव देगा और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण कमी को बढ़ावा देगा। इससे भारत को उर्वरकों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। नैनो यूरिया का वाणिज्यिक उत्पादन कलोल इकाई में शुरू हो चुका है, अब तक 4.0 करोड़ 500 मिलीलीटर बोतल (18.0 लाख मीट्रिक टन यूरिया के बराबर) का उत्पादन किया गया है और इसी तरह के संयंत्रों को फूलपुर सहित पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने का प्रस्ताव दिया गया है, और पौधों पर नैनो यूरिया के घोल के अनुप्रयोग के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए स्प्रे सहित किसानों को नियमित छिड़काव प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में फूलपुर इकाई ने लगभग 14.78 लाख मीट्रिक टन उत्पादन किया है। 1981 में अपनी स्थापना के बाद से, इफको की फूलपुर इकाई ने 472 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया उर्वरक का उत्पादन किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में वार्षिक अनुरक्षण कार्य सफलतापूर्वक किया गया है और आशा है कि इस वर्ष हम नए मील के पत्थर हासिल करने में सक्षम होंगे।

# जिले भर में शान से निकाली गई तिरंगा यात्रा

- मंडी से कुंवर विकेंस के नेतृत्व में निकली यात्रा
- सदर विधायक व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य ने संयुक्त रूप से दिखाई हरी झंडी
- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने विलोबी से निकाली रैली
- ढखेरवा में डाक्टरों ने तो बेहजम में पत्रकारों ने किया तिरंगा यात्रा का आगाज









संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

शहर के युवा कुंवर विकेंस के आवाहन पर भव्य तिरंगा रैली राजापुर मंडी गेट से निकाली गई। सदर विधायक योगेश वर्मा व प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति के सदस्य रवि शंकर हवलेकर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के आगे चल रहे साउंड पर देशभक्ति के गाने बजाकर युवाओं का जोश दोगुना किया जा रहा था। जगह.जगह युवा रैली में शामिल होने के लिए बाइक पर तिरंगा झंडा लगाकर शामिल होते रहे। सुबह 10:30 बजे सदर विधायक योगेश वर्मा व प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति के सदस्य रवि शंकर हवलेकर ने कुंवर विकेंस की अगुवाई में भारी संख्या में मौजूद बाइक कों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम की सदाएं गुंजायमान करती यात्रा सौजन्या चौरहा पहुंची। यहां यात्रा का स्वागत हुआ और पहले से मौजूद सैकड़ों युवा रैली में शामिल हुए। यहां से यात्रा गुरु गोविंद सिंह चौक पहुंची जहां यात्रा में शामिल युवाओं ने देशभक्तों के सम्मान में जयघोष किए। हीरा लाल धर्मशाला पर ओवरब्रिज से तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद यात्रा संकटा देवी चौराहा पर कुंवर विकेन्स की मां प्रमिला, बहन वैशाली, वीना व सरिता ने टीका लगा कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सर्राफा बाजार बाईक रैली पहुंची तो दिनेश कुमार गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बड़ा चौराहा, हमदर्द दवाखाना चौराहा पर श्याम किशोर बेचैन, राम बाबू वाल्मीकि ने पुष्प वर्षा की। शाहपुरा कोठी चौराहा व कचेहरी रोड होते हुए अम्बेडकर पार्क पहुंची तो सारा शमां जय भीम के नारों से गूंज उठा। अम्बेडकर पार्क में रविशंकर हवेलकर व कुंवर विकेंस, दिव्यांशु यादव एडवोकेट, युवा साहित्यकार देव कुमार, चंदन लाल, डा. ऋषभ ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री हवेलकर ने कुंवर विकेंस से इसी तरह युवाओं को देश की प्रगति में सहयोग के लिए नेतृत्व करने की अपील की। साथ ही देश की मजबूती में बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान का जिक्र करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलकर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने की आवाहन किया। कुंवर विकेंस ने युवाओं को देश के प्रति सर्वस्व न्यौछावर करने की शपथ दिलाई। बाइक रैली में कुंवर आयुष्मान, नमन मिश्रा, अभिषेक, विकास, अनमोल सागर, आनन्द कुमार, तुषार, अंशु, पपिल, अभिषेक, उदय, सचिन, अमन, विशाल, अनूप, भानु, शिवा, हर्षित, सूरज, अंकेश, शौर्य, विशाल व कुलदीप आदि ने विशेष योगदान दिया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पुष्कर एवं परिषद के जिला मंत्री इं. अजय कुमार पाठक के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में विलोबी मेमोरियल हाल में एकत्रित होकर मोटर साइकिल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली बिलोबी मेमोरियल हाल के प्रांगण से शहपुरा कोठी से इमली चौराहा होते हुए मेला मैदान से संकटा देवी चौराहे से हीरालाल धर्म शाला होते हुए सौजन्या चौराहे से डी सी रोड़ होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव में मोटर साइकिल तिरंगा रैली का समापन किया गया। तिरंगा रैली में परिषद् के घटक संघों के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष बलराम सिंह, अमर सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कोषाध्यक्ष गया प्रसाद, लोक निर्माण विभाग से इं. डीएबी सिंह, जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सीतापुर, इं. प्रमोद कुमार, इं. अज़ीज़ खां, इं. वकील अहमद, इं. देवानंद सागर, इं. नैमिष, इं. रोहित चौधरी, विनोद गुप्ता, सिंचाई खंड के जिलाध्यक्ष रहीश पाल सिंह, फरमान अली खां, मंत्री सुरेंद्र कुमार मौर्य, प्राविधिक सहायक कृषि के जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रजापति, मंत्री गोकुल प्रसाद, ग्राम विकास अधिकारी संघ के विजय कुमार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, विद्युत विभाग के अजय कुमार हंस, राजेश कुमार गौतम, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ से विकास अवस्थी, आशीष सिन्हा, अटेवा संघ के संयोजक विश्वनाथ मौर्या, अमीन संघ के तहसील अध्यक्ष दिलीप वर्मा व सर्वेश त्रिवेदी इत्यादि हज़ारों राज्य कर्मचारी सामिल हुए।

ढखेरवा संवाददाता के अनुसार, आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अजीत सिंह के नेतृत्व में जनपद के पशुधन प्रसार अधिकारियों के द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन पशु चिकित्सालय सदर से हीरा लाल धर्मशाला चौराहा होते हुए विकास भवन तक निकाली गई तथा वापस पशु चिकित्सालय सदर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा वेटरनरी फार्मासिस्ट मौजूद रहे। विशेष रुप से इस अवसर पर आरपी ओझा, अशोक श्रीवास्तव सेवानिवृत्त पशुधन प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे।

बेहजम संवाददाता के अनुसार, आजादी के अमृत महोत्सव के रंग में देश पूरी तरह रंगा हुआ है। प्रशासनिक अमले से लेकर आम जनमानस तक तिरंगा यात्रा रैली व हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वहीं बेहजम के पत्रकार भी किसी से पीछे नहीं है। आजादी पाने में पत्रकारिता के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। रविवार को बेहजम ब्लॉक कार्यालय से क्षेत्र के पत्रकार बन्धुओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर अमृत महोत्सव का संदेश दिया। पत्रकारों द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली का नेतृत्व पंडित सुशील शर्मा के साथ वरिष्ठ पत्रकार अश्विन बाजपेयी के द्वारा किया गया। पत्रकार बन्धुओं ने बाईक पर सवार होकर कस्बे के सदर चौराहे से लखनापुर चौराहा होते हुए भूलनपुर मार्ग से स्टील प्लांट के रास्ते से बेहजम गांव पहुंच कर बाबा गौरीशंकर मंदिर पर वीर शहीदों को याद कर जन गण मन राष्ट्र गान गाते हुए तिरंगा रैली का समापन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में वंदे मातरम भारत माता की जय इंकलाब जिंदाबाद जब तक सूरज चांद रहेगा भारत तेरा नाम रहेगा के जयघोष लगाते हो लोग हाथों में तिरंगा झंडा लेकर बाईक पर चल रहे थे। सभी के हाथ में तिरंगा शान से लहरा रहा है तिरंगा रैली में एस के सिंह ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेहजम कस्बे में भी आजादी का महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र के पत्रकार बन्धुओं ने अपने साथियों के साथ ब्लॉक परिसर से तिरंगा यात्रा की बाइक रैली में संजय दीक्षित, राजेश शुक्ला, एसके सिंह, धीरज तिवारी, सुनील तिवारी, दिनेश शर्मा, ब्रजेश सिंह, अविनाश सिंह, अजय पाल चौधरी, आदित्य शुक्ला, आकाश मिश्रा सोमू, प्रियांशु शुक्ला, रामू शुक्ला, सतीश मिश्रा व सब्बे खान सहित कई लोग तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

### 4056 मोतियाबिंद के मरीजों का हुआ आपरेशन

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अब तक चार हजार से अधिक नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किये गये। अभियान में कुछ संस्थाओं ने भी स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतर काम किया है। सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता की देखरेख में संचालित हो रहा है। जिसके जरिए नेत्र रोगियों खासतौर से मोतियाबिंद के मरीजों का इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैसे तो स्वास्थ्य विभाग स्वयं नेत्र रोग विभाग संचालित कर ऐसे रोगियों का ऑपरेशन व इलाज करता है। जिसके चलते जिले की सभी सीएचसी पर नेत्र परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैए लेकिन मोतियाबिंद के रोगियों को और बेहतर सुविधाओं के साथ इलाज कराने के लिए कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है।

## विभाजन विभीषिका पर निकला मौन जुलूस



**मितौली खीरी।** 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर जिला मंत्री भाजपा बृजेश सिंह की अध्यक्षता में दुधवा सती शिव मंदिर से होते हुए ब्लाक सभागार से बड़ागांव तिराहा तक यात्रा का आयोजन कर काला दिवस मनाया गया। जिलामहामंत्री बृजेश सिंह ने विभाजन की त्रासदी को लेकर देश में मची उथल-पुथल में लाखों लोगों को जान गवानी पड़ी थी भारत का विभाजन हुआ था। उसी को लेकर आज मितौली कस्बे में काला दिवस मनाते हुए मौन जुलूस निकालकर हाथ में पट्टिका लेकर मौन जुलूस निकालकर देश के बंटवारे में शहीद हुए लोगों को नमन किया गया कार्यक्रम आयोजक मितौली मंडल के अध्यक्ष सर्वेश सिंह देश विभाजन की त्रासदी को मानवता का सबसे बड़ा कलंक बताया। अवध क्षेत्र के अध्यक्ष व देश विभाजन को लेकर शहीद हुए लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना प्रकट की। वहीं कस्ता कस्बे में कार्यक्रम आयोजक भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद वर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ल उर्फ रिंकू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख डा. राम राखन पाल, स्वयं प्रकाश अवस्थी, शिव कुमार कटियार, विनोद गुप्त, संदीप सिंह, सुधाकर मिश्र व अखिलेश मिश्र सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता सम्मानित नागरिक पत्रकार मौजूद रहे।

# असंख्य बलिदानों से मिली आजादी की रक्षा हमारा कर्तव्यः कुंवर वीरेन्द्र



**संडीला( हरदोई )।** ब्लाक प्रमुख संघ हरदोई के संरक्षक एवं क्षेत्र के अतिसम्मानित नेता कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए असंख्य बलिदान किए गए हैं। इसके देश का विभाजन हुआ और तमाम प्रासदियों को झेलते हुए आजादी की भावना अक्षुण बनए रखने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। श्री सिंह विशाल बाइक रैली को संबोधित कर रहे थे।

मलेहरा हाउस परिसर में इस विशाल बाइक रैली के रवाना होने से पूर्व क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत, विधायक अलका अर्कवंशी के अलावा ब्लाक प्रमुख पति अमित गुप्ता, समाजसेवी अब्दुल वली, प्रधानसंघ के अध्यक्ष उमेश सूर्या, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुंवर सत्येंद्र सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रमुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आजादी के 75वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसलिए देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस आजादी को प्राप्त करने के लिए भारत को विभाजन की विभिषिका से गुजरना पड़ा है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों का पलायन और अपनी जमीन से बिछड़ने का दंश झेलना पड़ा है। तमाम कटु अनुभवों को भुलाकर भारत लगातार उन्नती के मार्ग पर अग्रसर रहा है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की एक सशक्ति आवाज बनकर संसार के सामने है। उन्होंनें कहा कि हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण रखेंगे। इसी अवसर पर सांसद अशोक रावत और विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लेकर हम देश की एकता को और मजबूत कर सकते हैं। इस विशाल मोटरसाइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर कुवंर वीरेन्द्र सिंह ने रवाना किया जो संडीला के इमलियाबाग से मुख्यमार्ग होती हुई, ब्लाक कार्यालय पहुंची। जहां बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने इसका स्वागत किया। इसके अलावा मण्डी समिति कार्यालय में विभाजन विभिषिक स्मृति दिवस मनाया गया जिसमें मण्डी सचिव आरके अग्रवाल ने 1947 में देश के विभाजन पर आम जनमानस की प्रासदी और परिवारों के विघटन पर चर्चा की गयी। उन्होंनें कहा कि कुछ लोगों ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने के लिए देश बटवारा किया। उसका हल आज भी नहीं निकला फिर भी भारत ने अपने गरिमामयी इतिहास को बनाए रखा।

# विविधता सहेजने के लिए पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि विविधता को सहेजने के लिए पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर शहर में भारत एट 2047 : माय विजन माय एक्शन पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक अखंड भारत का निर्माण तभी होगा, जब लोग भयभीत होना छोड़ देंगे। आरएसएस प्रमुख ने कहा, जब विविधता को प्रभावी तरीके से सहेजने की बात की जाती है, तो विश्व भारत की ओर देखता है। दुनिया विरोधाभासों से भरी हुई है लेकिन द्वंद्व से निपटने का हुनर केवल भारत के पास है।

भागवत ने कहा, ऐसी कई ऐतिहासिक घटनाएं हुई हैं, जो हमें कभी नहीं बताई गईं और न ही उपयुक्त तरीके से कभी पढ़ाई गईं। उदाहरण के लिए संस्कृत का व्याकरण जिस स्थान से उपजा, वह भारत में नहीं है। क्या हमने कभी सवाल किया कि ऐसा क्यों है? उन्होंने कहा, यह मुख्य रूप से इसलिए हुआ कि सबसे पहले हम अपना विवेक और ज्ञान भूल गए और बाद में हमारी जमीन पर विदेशी आक्रांताओं ने कब्जा कर लिया जो मुख्यत: उत्तर-पश्चिम क्षेत्र से आए थे। हम अनावश्यक रूप से जाति और ऐसी ही अन्य व्यवस्थाओं को महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि काम के लिए बनाई गई व्यवस्था का इस्तेमाल लोगों तथा समुदायों के बीच मतभेद पैदा करने के लिए किया गया।

संघ प्रमुख ने कहा, हमारी भाषा, वेशभूषा, संस्कृतियों में मामूली अंतर हैं लेकिन हमें एक वृहद तस्वीर देखने तथा इन चीजों पर अटके नहीं रहने की समझ बनानी होगी। आरएसएस प्रमुख ने कहा, देश में सभी भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं, विभिन्न जाति के सभी लोग अपने हैं, हमें ऐसा प्रेम दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम अखंड भारत की बात करते हैं तो हमें डरना क्यों चाहिए? भागवत ने कहा, लोग आश्चर्य जताते हैं कि ऐसा कब होगा। ऐसा होगा, जब हम भयभीत होना छोड़ देंगे। हालांकि, हमें ऐसा भारत बनाने और ऐसे भारत का सपना देखने की जरूरत है।

भागवत ने यह जानने की इच्छा पर भी जोर दिया कि भारत क्या है? उन्होंने कहा कि भारत पूरे विश्व को एकता और अहिंसा का मंत्र देता है। साथ ही भारत क्षमा भी कर सकता है और दंड भी दे सकता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आधुनिक विश्व में जर्मनी शक्तिशाली हुआ तो हिटलर का जन्म हुआ और जब अमेरिका शक्तिशाली हुआ तो हिरोशिमा और नागासाकी पर (परमाणु) हमला हुआ। अब जब चीन थोड़ा शक्तिशाली हो रहा है, हम देख सकते हैं कि दुनिया भर में क्या हो रहा है। लेकिन, जब भारत शक्तिशाली होता है, तो वह दुनिया को बचाने के लिए अपनी शक्तियों का उपयोग करता है। भारत अहिंसा का पुजारी है।

# शाह ने विभाजन पर कहा, भारतीय इतिहास के अमानवीय अध्याय को कभी भुलाया नही जा सकता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने विभाजन की कीमत चुकाई। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास के अमानवीय अध्याय को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस युवा पीढी को देशवासियों द्वारा सही गई यातना और पीड़ा की याद दिलाएगा और नागरिकों को हमेशा शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा। शाह ने कहा, 1947 में हुआ देश का विभाजन भारतीय इतिहास का वो अमानवीय अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन की हिंसा और घृणा ने लाखों लोगों की जान ली व असंख्य लोगों को विस्थापित करवाया।

उन्होंने कहा, आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन का दंश झेलने वाले लाखों लोगों को नमन करता हूं। गौरतलब है कि पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने विभाजन के दौरान लोगों के संघर्ष और बलिदान को याद करने के लिए हर साल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी।

गृहमंत्री अमित शाह ने रेखांकित किया कि नासमझ घृणा और हिंसा की वजह से लाखों लोग विस्थापित हुए और कई की जान गई। गौरतलब है कि ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से 1947 में आजादी मिलने के वक्त मुस्लिम बहुल इलाकों को अलग कर पाकिस्तान के नाम से नया देश बनाया गया था। इस दौरान हुई हिंसा में बड़े पैमानों पर लोगों की जान गई थी और लाखों लोग विस्थापित हुए थे।



अहमदाबाद में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सजे हुए ऐतिहासिक गेट तिरंगे के रंग में।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब पुलिस ने रविवार को दावा किया कि उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन को पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब और हरियाणा तथा उनकी साझा राजधानी चंडीगढ़ में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाओं पर वाहनों की जांच की जा रही है और असामाजिक तत्वों के मंसूबे को नाकाम करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

पंजाब पुलिस ने ट्वीट किया, स्वतंत्रता दिवस से पहले, पंजाब पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से बड़े आतंकी खतरे को नाकाम किया और पाक-आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। कनाडा के अर्श डल्ला और ऑस्ट्रेलिया के गुरजंत सिंह से जुड़े मॉड्यूल के चार सदस्य गिरफ्तार। पंजाब पुलिस ने एक अन्य ट्वीट में कहा, तीन हथगोले (पी-86), एक आईईडी, दो पिस्तौल और 40 कारतूस बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार, उन स्थानों के चारों ओर सुरक्षा का घेरा बनाया गया है, जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों सहित गणमान्य व्यक्ति 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों के आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी जांच की और होटल, गेस्ट हाउस तथा टैक्सी सेवाओं के मालिकों को लोगों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की आवाजाही पर सूचित करने के लिए कहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को लुधियाना में राज्य स्तरीय समारोह में तिरंगा फहराएंगे, वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पानीपत के समालखा में झंडा फहराएंगे।

# श्रीलंका को भारत की उदारतापूर्ण सहायता सराहनीय है: राष्ट्रमंडल महासचिव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने कहा है कि श्रीलंका को उसके अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने में मदद करने के लिए भारत की उदारतापूर्ण और बहुआयामी सहायता सराहनीय है। स्कॉटलैंड ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में वैश्विक खाद्य संकट से निपटने में भारत की प्रमुख भूमिका के बारे में भी बात की। राष्ट्रमंडल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण लाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कोविड-19 महामारी से निपटने में बड़ी संख्या में देशों की सहायता करने के लिए भारत की सराहना की और इसे अंतरराष्ट्रीय सेवा और नेतृत्व का उल्लेखनीय कार्य बताया।

राष्ट्रमंडल महासचिव पिछले सप्ताह चार दिवसीय यात्रा पर भारत में थीं और उन्होंने जलवायु परिवर्तन, महामारी के बाद आर्थिक सुधार और व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों जैसे कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर अपने भारतीय वार्ताकारों के साथ बातचीत की। स्कॉटलैंड ने कहा, श्रीलंका को उसके अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने में मदद करने के लिए भारत की उदारतापूर्वक सहायता सराहनीय है। यह राष्ट्रमंडल की भावना और मूल्यों दोनों का उदाहरण है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रों का एक परिवार हैं, और परिवार जरूरत के समय में एक दूसरे की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकतांत्रिक तरीकों, संस्थानों और संवैधानिक ढांचे के माध्यम से स्थिरता और आर्थिक सुधार के लिए श्रीलंका के लोगों की मदद करने के वास्ते हाल में भारत की ओर से समर्थन व्यक्त किया था।

भारत ने इस साल श्रीलंका को आर्थिक संकट से निपटने में मदद के लिए 3.8 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की सहायता प्रदान की है। स्कॉटलैंड ने कहा, श्रीलंका जिन अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनसे निपटने के लिए उसे अपने नेताओं के समर्पण भाव और दृढ़ता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन की आवश्यकता है। वैश्विक खाद्य संकट पर, स्कॉटलैंड ने कहा कि संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 के आर्थिक प्रभावों जैसे कई कारकों के कारण दुनिया इसका सामना कर रही है। राष्ट्रमंडल महासचिव ने कहा कि कई राष्ट्रमंडल देश खुद को इस संकट के करीब पा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने तीव्र संकट को दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया है, जिसमें भारत एक प्रमुख हिस्सा है, जो सबसे ज्यादा मदद चाहने वाले देशों और समुदायों को तत्काल व्यावहारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जून में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (चोगम) में नेताओं ने एक घोषणा पत्र (चार्टर) की पुष्टि करके खाद्य सुरक्षा के लिए एक नया और अधिक समग्र दृष्टिकोण लाने के समूह के प्रयासों का समर्थन किया था।

# राजू श्रीवास्तव की हालत में कोई सुधार नही, अब भी वेंटीलेटर पर

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय हास्य कलाकार-अभिनेता राजू श्रीवास्तव की स्थिति में कोई सुधार नहीं है और वह अब भी यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। अस्पताल के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीवास्तव (58) को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद एम्स में भर्ती किया गया था। उसी दिन उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। श्रीवास्तव की हालत नाजुक है और वह जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। वह अब भी बेहोश हैं। दिल का दौरा पड़ने के बाद उनके मस्तिष्क को क्षति पहुंची है।

शुक्रवार को श्रीवास्तव के परिवार ने उनके इंस्टाग्राम पेज पर एक आधिकारिक बयान जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि उनकी हालत स्थिर है। परिवार ने बयान में कहा था, राजू श्रीवास्तव जी की हालत स्थिर है। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं और अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। निरंतर प्रेम और समर्थन के लिए सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद।

परिजनों ने लोगों से किसी भी अफवाह अथवा गलत खबर पर ध्यान नहीं देने का भी अनुरोध किया था। यहां एक होटल के जिम में व्यायाम के दौरान कॉमेडियन को दिल का दौरा पड़ा था। श्रीवास्तव, 1980 के दशक के अंत से मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे हैं। उन्हें 2005 में स्टैंड-अप कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के पहले सीजन में भाग लेने के बाद पहचान मिली थी। उन्होंने मैंने प्यार किया , बाजीगर , बॉम्बे टू गोवा (रीमेक) और आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। वह बिग बॉस सीजन तीन के प्रतियोगियों में से एक थे।

# हिंदू कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग समुदाय के प्रेमी जोड़े को रास्ते में रोका

**मेंगलुरु।** दक्षिणपंथी हिंदू कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग समुदायों के प्रेमी युगल को सुब्रमण्या जाने के रास्ते में बीच में रोक दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलग-अलग समुदायों से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति और उसकी प्रेमिका को दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल में ठहरने की जगह नहीं मिली थी, जिसके बाद वे सुब्रमण्या जा रहे थे। गडग निवासी रफीक (26) और उसकी 28 वर्षीय प्रेमिका शनिवार को धर्मस्थल गए थे, जहां उन्होंने भगवान मंजूनाथेश्वर के दर्शन किए और वहां ठहरने की जगह तलाशने की कोशिश की। एक लॉज के प्रबंधक ने उन्हें कमरा देने से इनकार कर दिया क्योंकि वे अलग-अलग समुदायों से थे। अन्य होटलों में भी कमरा न मिलने के बाद वे सुब्रमण्या के लिए रवाना हो गए। यह सूचना मिलने के बाद एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुत्तूर तालुका में कपिना बागिलु में रोक लिया और उन्हें उप्पतिनांगदी पुलिस को सौंप दिया।



बीकानेर में हर घर तिरंगा अभियान में झण्डा लहराते हुए ब्रह्मकुमारियां।

# डिजनी किड्स मनाएगा स्वतंत्रता दिवस का जश्न

**मुंबई।** इस बार 15 अगस्त पर हंगामा टीवी एक नई सीरीज भैयाजी बलवान् लॉन्चत कर रहा है, जबकि डिज़्नी चैनल गैजट गुरू गणेशका ताज़ा एपिसोड्स लेकर आ रहा है। इस बार के स्वेतंत्रता दिवस पर डिजनी किड्स नेटवर्क प्रासंगिक किरदारों और रोजाना के किस्सोंड पर विशेष ध्यागन के साथ बच्चों और परिवारों का संपूर्ण मनोरंजन करने के लिये तैयार है। भैयाजी बलवान में बच्चे गोमतीपुर नामक आश्चचर्यों से भरी एक जगह पर जाएंगे, जहाँ एक आकर्षक, युवा और होशियार शहरी लड़का भैयाजी रहता है। उसे गाँव के लोग समस्यानाएं सुलझाने की उसकी चतुराइ,भरी और सरल क्षमता के कारण प्यार करते हैं। वह अपने ग्रामीण जीवन का पूरा मजा लेता है, लेकिन अपने गाँव की बेहतरी के लिये काम भी करता है। इस सीरीज के कथानक में बहुत सारी मस्ती। गैजट गुरू गणेशमें फैंस दुबई के सफ़र पर जाएंगे जहाँ गणेश गुरू और उनका पूरा गैंग छुट्टियाँ मना रहा है। अपने साहसी और निडर अवतार में यह गैंग दुबई में मस्तीर से भरे कारनामे करने के लिये ज्याशदा तेजी और चतुराई दिखाएगा। इस सीरीज में लोट.पोट कर देने वाली कॉमेडी से भरे दुबई के रहस्यन भी होंगे और इसे देखने वालों को हँसी की भरपूर खुराक मिलेगी।

# मंडल व कमंडल दोनों अब भाजपा के साथ: सुशील मोदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने अगले आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्षी उम्मीदवार के रूप में जनता दल (यू) सुप्रीमो नीतीश कुमार के उभरने की संभावनाओं को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कुमार कहीं नहीं टिकते हैं और इतना ही नहीं, भाजपा के पास अब मंडल और कमंडल दोनों का समर्थन है। राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कुमार की उम्मीदवारी की संभावना खारिज करते हुए कहा कि इस कतार में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के मुखिया के. चंद्रशेखर राव जैसे बड़े दावेदार मौजूद हैं। कुमार के साथ कभी अच्छा तालमेल रखने वाले और उनकी सरकार में तीन से अधिक बार उपमुख्यमंत्री की भूमिका निभा चुके सुशील मोदी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में दावा किया कि जद (यू) प्रमुख का प्रभाव उनके गृह राज्य बिहार में भी घट रहा है।

उन्होंने कहा, राज्यों में उनसे (नीतीश से) अधिक ताकतवर नेता हैं, जैसे टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, टीआरएस सुप्रीमो और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल। मोदी ने कहा, नीतीश प्रधानमंत्री मोदी के आगे कहीं नहीं टिकते। उनके पास बिहार के बाहर कुछ भी नहीं है और राज्य के नेता के रूप में भी उनका प्रभाव कम हो रहा है। उनकी लोकप्रियता और जनाधार दोनों में गिरावट आई है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा को अब समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है और यह मंडल-कमंडल युग्मक (बाइनरी) से प्रभावित नहीं है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, आज की भाजपा मंडल और कमंडल दोनों का प्रतिनिधित्व करती है। मंडल और कमंडल दोनों पार्टी के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी देश में ओबीसी की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्ष 1990 में मंडल आयोग-विरोधी आंदोलन के बाद, मंडल शब्द अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जातियों को शामिल करने वाली राजनीति के लिए गढ़ा गया था, जिसमें कई क्षेत्रीय दलों ने इन समुदायों को अपना प्रमुख समर्थक बताया था।

साधुओं, तपस्वियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला पानी का बर्तन कमंडल भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति का एक रूपक बन गया, खासकर इसलिए भी कि इसकी तुकबंदी मंडल के साथ अच्छी बैठती है। इस सप्ताह की शुरुआत में, जब कुमार ने सहयोगी भाजपा से नाता तोड़ लिया था और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ विपक्षी खेमे में शामिल हो गए थे, तो राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि भगवा पार्टी फिर से मंडल बनाम कमंडल की राजनीति की चुनौती का सामना कैसे कर सकती है। सुशील मोदी ने दावा किया कि नीतीश कुमार राज्य की राजनीति में संतृप्ति बिंदु पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दावा किया, वह देश का उपराष्ट्रपति भी बनना चाहते थे और उनकी पार्टी के नेताओं ने इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से संपर्क भी किया था।

# चीनी पोत के प्रवेश से उपजी चुनौतियों से निपटने में सक्षम भारत: सोनोवाल

**भाषा।** चेन्नई

**केंद्रीय मंत्री** सर्वानंद सोनोवाल ने रविवार को कहा कि श्रीलंका द्वारा अपनी समुद्री सीमा में उन्नत तकनीक वाले चीनी अनुसंधान पोत को प्रवेश देने की अनुमति के कारण पैदा होने वाली किसी भी तरह की चुनौतियों से निपटने में भारत पूरी तरह सक्षम है। सोनोवाल के बयान से एक दिन पहले श्रीलंका ने कहा था कि उसने आवश्यक आपूर्ति के पुनर्भंडारण के लिए हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी सेना के एक पोत को 16 अगस्त से 22 अगस्त तक रुकने की इजाजत दी है। भारत ने श्रीलंका के इस कदम पर चिंता जताई थी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सोनोवाल ने यहां संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम किसी भी प्रकार की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह बिलकुल स्पष्ट होना चाहिए।



पूर्वी तट पर अंतर-पोत परिवहन के एक केंद्र की भूमिका निभाने वाले कोलंबो बंदरगाह पर भारतीय मालवाहक पोतों की निर्भरता के बाबत पूछे गए एक सवाल के जवाब में सोनोवाल ने कहा, भारतीय तटों पर एक अंतर-पोत परिवहन केंद्र विकसित करने के प्रति मंत्रालय प्रतिबद्ध है। हम पहले भी यह कह चुके हैं। चेन्नई पत्तन न्यास के अध्यक्ष सुनील पालीवाल ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि भारत, चीनी पोत के मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर कर चुका है और देश की सुरक्षा पर इस तरह विमर्श नहीं होना चाहिए।

# बांस व केले के रेशों से सैनिटरी नैपकिन बना रहे जामिया के छात्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**दक्षिणी दिल्ली** की एक झुग्गी बस्ती में रहने वाली रेशमा अक्सर सोचती थी कि सैनिटरी नैपकिन कैसे बनते हैं तथा उसकी यह जिज्ञासा तब और बढ़ गई जब उसे मालूम चला कि माहवारी के समय इस्तेमाल किए जाने वाले पैड प्लास्टिक के बजाय प्राकृतिक उत्पादों से भी बनाए जा सकते हैं। उसकी यह जिज्ञासा उसे पुन: इस्तेमाल होने वाले और पर्यावरण अनुकूल पैड बनाने वाली फैक्टरी तक ले गई, जिसे जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के छात्रों ने शुरू किया। यह निर्माण इकाई मदनपुर खादर में श्रम विहार के एक इलाके में बदलाव ला रही है, जहां आम तौर पर महिलाएं पुरुषों के सामने महिला संबंधी समस्याओं के बारे में बात नहीं करती हैं।

इस निर्माण इकाई में काम करने वाली छह महिला कामगारों में से एक रेशमा (35) ने कहा, जब भइया और दीदी आए तो हम उनके सामने माहवारी के बारे में बात करने को लेकर बहुत शर्मा रहे थे लेकिन जब हमने वीडियो देखे और इसके बारे में जाना तो हम थोड़े सहज हो गए। अब मैं एक हाइड्रॉलिक प्रेस पर काम करती हूं जिसका इस्तेमाल नैपकिन बनाने में होता है और अब इस पर अच्छे से काम कर लेती हूं।

इस निर्माण इकाई के संस्थापकों ने दावा किया कि बांस और केले के रेशों से तैयार किए जाने वाले श्रीमती नैपकिन का इस्तेमाल फिर से किया जा सकता है और यह पर्यावरण अनुकूल है। इन्हें कम से कम 12 बार इस्तेमाल किया जा सकता है। छात्र संगठन इनेक्टस से जुड़े जामिया के छात्रों ने फिर से इस्तेमाल किए जाने वाले पैड्स पर 2019 में काम शुरू किया था और उन्हें इस उत्पाद को बनाने में एक साल से अधिक का वक्त लगा। ए नैपकिन पहली बार में फिर से इस्तेमाल करने लायक आम नैपकिन जैसे दिखते हैं लेकिन इनकी खासियत इसमें इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल है। उन्होंने बताया कि इसकी पहली परत फर की तथा दूसरी परत लाइक्रा की होती है। इसमें रक्त को सोखने वाला हिस्सा केले और बांस के रेशों से बनाया जाता है।

इस उत्पाद को अंतिम रूप देने के बाद अगला काम इनका उत्पादन है। इसके लिए तीन मशीनों की आवश्यकता थी और इन्हें खरीदने के लिए छात्रों को पैसे की जरूरत थी। इसके लिए वह दान लेने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पास गए। कई कंपनियों को अपना काम दिखाने के बाद वे 2.5 लाख रुपए हासिल कर पाए। इनेक्टस के अध्यक्ष और जामिया के तृतीय वर्ष के छात्र गौरव चक्रवर्ती ने कहा, इस उत्पाद को अंतिम रूप देने के बाद सबसे बड़ा काम खास मशीनें खरीदने का था। हमें एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के तहत मशीनों के लिए निधि मिली और इसे एक एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे सिलाई केंद्र में लगाया गया और सैनिटरी पैड का उत्पादन शुरू किया गया।

उत्पाद में करीब 22 छात्र लगे हुए हैं। इस समूह को तीन से चार छात्रों के दलों में बांटा गया है। एक दल उत्पादन का काम देखता है जबकि दूसरा विपणन तथा अन्य काम देखता है। छात्रों ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनकी कोशिश मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ देगी। वे इनमें वंचित वर्ग की महिलाओं को नौकरी दे रहे हैं। इन महिलाओं को प्रति पैड 25 रुपए के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

## यादें हैं पाकिस्तान के घर की बस

# बंटवारे के बाद भारत आए लोगों की कहानियां

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में अपने घर जाना तो चाहते हैं, लेकिन अब कौन लेकर जाएगा, यह कहते हुए दिल्ली के करोल बाग में रहने वाली 90-वर्षीय स्वर्णकांता जोशी की आंखें नम हो गईं। आज़ादी के 75 वर्ष बाद पाकिस्तान में अपने पुश्तैनी घर को याद करते हुए उन्होंने कहा, "सबकुछ तो वहीं रह गया और जो हाथ लगा वह लेकर हम यहां आ गए। भारत इस साल आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है तो वहीं, अपने पैतृक आवासों को छोड़कर आए लोगों में आज भी अपने मूल घरों को देखने की एक आस बची है। देश के बंटवारे के समय जोशी का परिवार पाकिस्तान के मुल्तान, डेरा इस्माइल खान (खैबर पख्तूनख्वा) इलाके में रहता था। जोशी उस समय करीब 16 वर्ष की थीं। उन्होंने बातचीत में कहा, "हमारे घर में अमरूद और आम के पेड़ थे। हम बच्चे अपने साथियों के साथ फलों का लुत्फ उठाते थे।

जोशी की तरह कुंदनलाल शर्मा भी उसी इलाके में रहते थे। अब दिल्ली के करोल बाग में रह रहे 85-वर्षीय शर्मा ने कहा, हम उस तरफ कभी भी नहीं जाना चाहते जिसने हमारा सब कुछ छीन लिया और हमें बांट दिया। उस समय करीब दस वर्ष के रहे शर्मा ने कहा, 14-15 अगस्त की

दरमियानी रात को मैंने किसी तरह दौड़ते हुए ट्रेन पकड़ी। थोड़ी देर बाद मैंने देखा कि कुछ लोग सभी का नाम पूछ रहे थे। हिन्दू धर्म का होने के कारण उनका सिर तलवार के जरिए धड़ से अलग किया जा रहा था। कितनी ही औरतें अपनी आबरू बचाने के लिए ट्रेन से कूद गईं। उन्होंने कहा, मैं जान बचाने के लिए ट्रेन की सीट के नीचे छिप गया और अपने ऊपर कुछ लाशों को रखकर सांस रोके रखी। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तानी सुरक्षाबल या आम लोग (उपद्रवी) यह देखने के लिए अपनी बंदूकों पर लगे चाकू से उन लाशों को गोद रहे थे कि कहीं कोई जिन्दा तो नहीं।

बंटवारे के बाद विस्थापित हुए लाखों लोगों की ऐसी ही कहानियां हैं। स्वर्णकांता जोशी ने कहा, डेरा इस्माइल खान पठानों का इलाका था। सिंध दरिया के उस पार मुल्तान, सूजाबाद था। हमें अगस्त में कहा गया कि अगर तुम यहां से नहीं निकलोगे तो दरिया पार नहीं करने देंगे। इसलिए हमने कुछ दिन पहले ही घर छोड़ दिया था।

अपने जन्मस्थान को छोड़कर भारत आने की अपनी यात्रा के बारे में जोशी की बचपन की सहेली रानी पराशर ने कहा, सूजाबाद में हमें कहा गया कि बिना सिले कपड़े नहीं ले जा सकते। मेरे चाचा ने सभी के लिए जल्द सारे कपड़े सिल दिए। हमें हिदायत दी गई कि गहने और सोना लेकर नहीं जा सकते। लोगों ने पकौड़ों जैसी भोजन वस्तुओं और कपड़ों में गहने व सोना छिपाया तथा साथ ले आए। उन्होंने कहा, मुझे आज भी उन दिनों को याद कर रोना आता है और हंसी भी कि हम ऐसे भागे जैसे काला चोर ...।

पराशर ने कहा, मेरे पिताजी जनसंघ में थे। उनकी सेना के जवानों से दोस्ती थी। सूजाबाद से आठ बैलगाड़ियां भारत आई थीं। हमें उन्होंने रोहतक में उतारा और रोहतक से हम पैदल आगरा तक आए तथा कुछ दिन वहीं रहे। उन्होंने उन दिनों को याद करते हुए कहा, उस समय बहुत मारकाट, लूटपाट हुई। हर रोज़ किसी न किसी घर से आग की लपटें दूर तक दिखती थीं। मेरे पिताजी के पास बंदूक और तलवार थी, जिसे उन्होंने मम्मी को चलाना सिखाया हुआ था। उन्हें हिदायत थी कि जब हम घर न हों, तो जो भी आए उसे यह दिखा देना।

शर्मा ने कहा, मेरे पिता जी पश्तोपठानी बोली बोलते थे। उन्होंने सिखाया था कि वे आएंगे तो कहेंगे कि- तरे माछे (नमस्कार), तो तुम कहना कि ख्वार माछे (आपको भी नमस्कार)। उन्होंने कहा, हालांकि, पूरी बोली तो नहीं आती थी लेकिन उनको जवाब देने के लिए कुछ चीजें हमें सिखाई गई थीं।

कुंदनलाल के बेटे मनोज ने कहा, इन अनोखी कहानियों को सुनकर हमारा भी मन करता है कि उन दिनों को दोबारा जीया जाना ज़रूरी है, लेकिन नफरत के इस दौर में अब वो पुरानी बात नहीं रही। शर्मा ने कहा, मुझे पाकिस्तान में मक्खन मलाइयों के दिन याद आते हैं। बचपन तो बचपन था। मैंने चार क्लास पढ़ाई की थी। पांचवीं में गए कुछ ही महीने बीते थे कि देश का बंटवारा हो गया। अपना बचपन याद करते हुए जोशी और पराशर भावुक हो गईं।

**"आजादी का अमृत महोत्सव" के पुनीत अवसर पर सभी इष्ट मित्रों, शुभ चिन्तकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबन्धन, कजली मेला एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हार्दिक बधाई**

## संदेश

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वाधीनता आन्दोलन के बलिदानियों को नमन करते हुये समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व अभिन्दन




शान्तनु सोनी
संवाददाता

हरिकृष्ण पोद्दार
ब्यूरोहेड

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राजू श्रीवास**
वन क्षेत्राधिकारी
महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**इ. एस.एस. तोमर**
अधिशासी अभियन्ता
जल निगम (निर्माण शाखा)
महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**एस.के. वर्मा**
सहा. सम्भागीय परिवहन अधिकारी
**रोहित सिंह**
यात्रीकर अधीक्षक, महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अमित कुमार श्रीवास्तव**
वन क्षेत्राधिकारी
पनवाड़ी

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**बृजेश बाबू**
गोदाम प्रभारी
विपणन विभाग– कबरई

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा**
गोदाम प्रभारी
विपणन विभाग –महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डा0 कौशल सोनी**
क्षेत्रीय सह संयोजक
भारतीय जनता पार्टी
(पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ)
जैतपुर, महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आलोक कुमार पटेरिया**
क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी
महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**कपूर चन्द्र नायक**
उप निबन्धक
निबन्धन कार्यालय –महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**महेन्द्र कुमार जैन**
वन क्षेत्राधिकारी
चरखारी

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डी0सी0 लाल**
सहा0 परियोजना प्रबन्धक
**मनीष कुमार वर्मा**
अवर अभियन्ता,
यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड–महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राजीव कुमार तिवारी**
जिला पूर्ति अधिकारी
महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पालिका परिषद चेयरमैन के सुयोग्य प्रत्याशी

**देवेन्द्र कुमार शुक्ला**
(पूर्व सभासद),
महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सी0बी0 सिंह**
वन क्षेत्राधिकारी
अजनर

---



---


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**इं. अरुण कुमार यादव**
अधिशासी अभियन्ता
**इं. राजकुमार शुक्ला**
सहायक अभियन्ता,
लघु सिंचाई विभाग–महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**श्रीमती उर्मिला वर्मा**
ग्राम प्रधान
**डा0 विजय वर्मा**
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत–पचपहरा (महोबा)

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**रमेश यादव**
क्षेत्रीय सह संयोजक
भारतीय जनता पार्टी (पंचायत प्रकोष्ठ)
बुन्देलखण्ड क्षेत्र, महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**दीपक शुक्ला**
गवर्नमेंट काण्ट्रैक्टर
संजय कुमार पुरवार– अमर कुमार पुरवार

---

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
**माँ पद्मावती ग्रेनाइट इण्डस्ट्रीज**
नई मण्डी–कबरई
प्रो0 स्वप्निल जैन, मनोज जैन

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


**राजेन्द्र कुमार शिवहरे**
वरिष्ठ भाजपा नेता
प्रमुख समाजसेवी
कबरई–महोबा

---


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**संदीप कुमार राजपूत**
ब्लाक प्रमुख
वरिष्ठ भाजपा नेता
विकास खण्ड–जैतपुर

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**धर्मेन्द्र शुक्ला**
अध्यक्ष, क्रय–विक्रय कबरई
प्रधान प्रतिनिधि–धरौन
पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य व पूर्व प्रधान–धरौन

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**शिवम सिंह**
प्रदेश सचिव
सहकार भारती (विपणन प्रकोष्ठ)
महोबा


---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अनन्त राम शुक्ला (लाला महराज)**
संयोजक
लघु उद्योग प्रकोष्ठ
भारतीय जनता पार्टी–महोबा
सौजन्य से– राघव ग्रेनाइट– नई मण्डी–अलीपुरा–महोबा


---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**मेंसर्स श्रद्धा कन्स्ट्रक्सन कम्पनी**
**कबरई**






धीरेन्द्र राजपूत | देवेन्द्र रावत | कमलेश सोनी

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रकाश वीर दीक्षित**
(अप्पू महराज)
गवर्नमेन्ट कान्ट्रैक्टर
महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सुलभ सक्सेना**
वरिष्ठ भाजपा नेता
उत्तर प्रदेश चित्रगुप्त महासभा
महोबा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छ महोबा — सुन्दर महोबा
नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा
आजादी के अमृत महोत्सव पर नगरवासियों का अभिनन्दन
वीर भूमि के विकास की ओर बढ़ते कदम
नागरिकों से अपील
नगर आपका है इसे साफ सुथरा रखें
सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति न पहुँचायें
करों की समय से अदायगी करें।





अवधेश कुमार, अधिशासी अधिकारी | अरुण शुक्ला, लेखाकार | दिलाशा सौरभ तिवारी, चेयरमैन
एवम् समस्त सभासदगण–नगर पालिका परिषद–महोबा

# ये गांव है वीर जवानों का, अलबेले मस्तानों का

## वतन के रखवाले: गाजीपुर में फौजियों के गांव गहमर में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर जश्न का माहौल

भाषा। गाजीपुर





**देश** पर मर मिटने का जज्बा तो हर सच्चे हिंदुस्तानी के दिल में होता है लेकिन गाजीपुर जिले का गहमर गांव इस लिहाज से बेहद खास है। एशिया का सबसे बड़ा गांव कहे जाने वाले गहमर ने देश को हजारों सैनिक दिए हैं और इस बार आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर गांव में खास उत्साह देखा जा रहा है। लगभग सवा लाख की आबादी वाले गहमर गांव में स्वाधीनता दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। आज भी इस गांव के लगभग हर घर का कोई न कोई जवान सेना की सेवा कर रहा है या कर चुका है। इस गांव के जवानों ने वर्ष 1965 और 1971 की लड़ाई से लेकर कारगिल की जंग तक में हिस्सा लिया है और इस गांव के हर घर में फौजियों की तस्वीरें तथा पदक अलमारियों की शोभा बढ़ाते हैं। देशभक्ति से ओतप्रोत इस गांव में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है और लोग स्वत:स्फूर्त भाव से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ रहे हैं। गहमर गांव के प्रधान बलवंत सिंह ने कहा, देशभक्ति की भावना यहां रहने वाले हर परिवार के दिल में बसती है। हमारा गांव फौजियों का गांव है। आपको यहां के लगभग हर घर में एक सैनिक जरूर मिलेगा। किसी-किसी परिवार में तो कई सदस्य फौज में हैं। उन्होंने कहा 75वें स्वाधीनता दिवस को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं और गांव के लोग हर घर तिरंगा अभियान से खुद को जोड़ रहे हैं। सिंह ने बताया कि गांव के हर घर पर तिरंगा लहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्रशासन हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुटा है लेकिन गहमर में लोग स्वत: स्फूर्त भावना से तिरंगा लहरा रहे हैं। सेना में लिपिक के पद से हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुके चंदन कुमार ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि सरकार के आह्वान पर ही लोग तिरंगा फहराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी सच्चे हिंदुस्तानी 15 अगस्त और 26 जनवरी को खुद ही झंडा फहराते हैं। ग्राम प्रधान बलवंत सिंह ने बताया कि गहमर गांव ने अब तक लगभग 20 हजार सैनिक देश को दिए हैं और इस वक्त गांव के लगभग पांच हजार लोग सेना में अलग-अलग पदों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे जिले की बात करें तो इस वक्त 10,000 से ज्यादा सैनिक देश की सेवा में अलग-अलग जगह तैनात हैं और गांव के कई जवानों ने 1965 तथा 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध और कारगिल की लड़ाई में भी हिस्सा लिया।गहमर गांव के निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर चंद्र ने कहा कि गांव में देशभक्ति का जज्बा द्वितीय विश्वयुद्ध के समय से ही पैदा हो गया था। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध में गहमर गांव के कई सैनिक शहीद हुए थे और फिर उसके बाद से यहां के युवाओं में सेना में भर्ती होने का जुनून पैदा हुआ। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ ऐसे परिवार भी हैं जिनकी कई पीढ़ियां फौज की सेवा में रहीं। उन्होंने कहा कि 1965 में भारत-पाक युद्ध में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे रामबचन सिंह का परिवार भी कुछ ऐसा ही है जिनके घर की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। चंद्र ने बताया कि राम बचन सिंह वर्ष 1971 की जंग में भी शामिल रहे और उनके बेटे अशोक भी इस वक्त सेना में हैं। उन्होंने कहा कि फौज में भर्ती की तैयारी के लिए गांव के युवाओं का जुनून इस कदर है कि उन्होंने गांव के किनारे गंगा घाट के नजदीक एक मैदान में दौड़ लगाने और कसरत का तमाम साजो-सामान इकट्ठा कर रखा है तथा वे हर सुबह-शाम यहां दौड़ लगाते एवं वर्जिश करते नजर आते हैं। चंद्र ने कहा कि इस मैदान का नजारा किसी सैन्य प्रशिक्षण इकाई की तरह दिखता है जहां सेना के नियमों के अनुरूप रनिंग ट्रैक है और सेना के सख्त प्रशिक्षण की विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। पूर्व सैनिकों के बच्चों को सेना में भर्ती के लिए कुछ वरीयता मिल जाती है, इसलिए भी वे फौजी बनने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हालांकि वह कहते हैं कि इससे एक नुकसान यह हुआ है कि शुरू से ही गांव के लड़के उच्च शिक्षा लेने के बजाय सैनिक भर्ती पर ही ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि गहमर गांव के रहने वाले सेनाकर्मियों में से मुश्किल से 12-15 लोग ही अधिकारी की रैंक पर हैं।

## कोल्ड स्टोर में ट्रक पर चढ़े मजदूर की करंट लगने से हुई मौत

**आगरा।** आगरा में किरावली रुनकता मार्ग पर कोल्ड स्टोर में ट्रक पर चढ़े श्रमिक की करण्ट लगने से मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और आरोप लगाया कि करंट लगा कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले श्रमिक की पहचान अतुल कुमार(30) के रूप में की गई है। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे केले के ट्रक को खाली करने के लिए श्रमिक अतुल ट्रक के ऊपर बैठा था। इसमें कहा गया है कि ट्रक को कोल्ड स्टोर में ले जाते समय हाईटेंशन तार से वह चिपक गया और तेज धमाके के साथ बुरी तरह झुलस कर नीचे गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज सुनकर अन्य श्रमिक और कोल्ड स्टोर कर्मचारी मौके पर पहुंचे, तब तक अतुल की मौत हो चुकी थी। इस बीच पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा हंगामा किया। उन्होंने कोल्ड स्टोर संचालक और अन्य कर्मचारियों पर करण्ट लगा कर हत्या करने का आरोप लगाया। क्षेत्राधिकारी (हरीपर्वत) सत्यनारायण ने बताया कि परिजनों की मांग पर कोल्ड स्टोर के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## श्रीराम नगरी में नागा संतों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**अयोध्या।** सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी सागरिया पट्टी के महंत ज्ञान दास महाराज के शिष्य संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास के संयोजन में प्रभु श्री राम की जन्म स्थली भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे से गुंजायमान होने लगी।सीताराम नाम का संकीर्तन करने वाले सैकड़ों नागा संत हाथों में तिरंगा लेकर के वंदे मातरम भारत माता की जय बोलते हुए हनुमानगढ़ी के सिंहद्वार से लेकर मां सरयू पावन तट राम पैड़ी तक गए और लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए जागरूक किया। मौका है आजादी के अमृत महोत्सव का जब देश को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे होने वाले हैं और कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आवाहन किया था कि 13 तारीख से 15 तारीख शाम 5 बजे तक हर देशवासी अपने घर पर तिरंगा लगाए इसी की अलख जगाने के लिए अयोध्या की सड़कों पर हजारों की संख्या में गलियों से संत निकले और पूरी राम नगरी वंदे मातरम से गुंजायमान होगी। महंत संजय दास ने कहा कि देश 75 वर्ष पहले आजाद हुआ था और तिरंगा राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक की आंन बान शान है। इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव में हर व्यक्ति को सम्मिलित होना चाहिए और अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है इसके लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है आज हमें महोत्सव मनाने का मौका मिला है तो दिल से मनाना चाहिए और हर घर तिरंगा लगना चाहिए।इस तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से महंत मुरली दास महंत माधव दासए महंत सुरेंद्र दासए महंत रामशंकर दासए महंत सरोज दासए गद्दी नशीन के शिष्य डॉ महेश दासए महंत जनार्दन दासए महंत मनीष दासए महंत दिलीप दासए महंत इंद्रदेव दासए बाल योगी महंत रामदासए वरिष्ठ पुजारी हेमंत दासए राजेश पहलवानएअभिषेक दासए कृष्ण कांत दासए अंकित दासए शिवम श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूलों की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस और आजादी का अमृत महोत्सवष् समारोह के अवसर पर विभिन्न सरकारी स्कूलों में आईडीसी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक एवं सीईओ प्रतीक गट्टानी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 वीं तक के सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को जिन्होंने शीर्ष रैंकिंग हासिल किया या परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है उनको सम्मानित कियाद्य साथ ही आईडीसी ने कुछ स्कूलों को बुनियादी सुविधायें प्रदान करने की बात कही जैसे स्टेशनरीए पाठ्य पुस्तकें और कंप्यूटर प्रयोगशालाओं के लिए अधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर जैसे कंप्यूटर और प्रिंटर प्रदान करने की पहल की हैए जो छात्रों के कंप्यूटर शिक्षा में काफी में मदद करेगा। विश्वदीपक सिंह, सुश्री नंदिनी सिंह ने बेसिक स्कूल पैतामऊए जूनियर हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल कुर्सी रोड, रजौली की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।आईडीसी मेधावी छात्र पुरस्कार हेतु कुल 75 छात्राओं का चयन किया गया था। छात्राओं को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट हैम्पर प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

## बिहार के राजनीतिक प्रयोग का हश्र वैसा ही होगा जैसा उप्र में चाचा-भतीजे का हुआ: दिनेश

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा का कहना है कि बिहार में जद (यू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के फिर से हाथ मिलाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक वनवास की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने दावा किया कि बिहार के राजनीतिक प्रयोग का हाल भी वैसा ही होगा, जैसे उत्तर प्रदेश में चाचा-भतीजा और बुआ-भतीजा की असफल साझेदारी का हुआ था। भाजपा नेता 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के नेता शिवपाल यादव और 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती के साथ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के कथित असफल गठबंधन का जिक्र कर रहे थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री शर्मा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक वनवास की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और यह अगले लोकसभा चुनाव में पूरी हो जाएगी। गौरतलब है कि नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के साथ मिलकर सरकार बनाई थी।

## बलिया में युवती की हत्या मामा-मामी पर भी हमला

**बलिया।** बलिया सदर कोतवाली क्षेत्र के बहेरी मोहल्ले में एक युवक ने मामूली बात को लेकर एक युवती की धारदार हथियार से हत्या कर दी और उसके मामा-मामी पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार की रात की है और वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज करन नय्यर ने रविवार को बताया कि बलिया सदर कोतवाली क्षेत्र के बहेरी मोहल्ले के दिलशाद नामक युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली अरमाना (27) के घर में घुसकर शनिवार देर रात को धारदार हथियार से उसकी गर्दन पर प्रहार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अरमाना की मामी बदरू निशा (56) और मामा कुर्बान शाह (60) को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों को हालत गंभीर होने पर वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दिलशाद ने बलिया शहर कोतवाली में पहुंच कर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नय्यर ने बताया कि दिलशाद मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस ने दिलशाद की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल धारदार हथियार बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार, दिलशाद का कुछ दिनों पहले अरमाना से रास्ते में टक्कर लगने को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें युवती ने दिलशाद को थप्पड़ मार दिया था।

## खेत में दफन विवाहिता का शव निकाला गया, दहेज हत्या का मामला हुआ दर्ज

**गोरखपुर।** जिले की पिपराइच इलाके में एक खेत में दफन 28 वर्षीय विवाहिता का शव रविवार को बाहर निकाला गया। मामले में उसके पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि पिपराइच थाना क्षेत्र के पिपरा मिगलन गांव में शत्रुघ्न निषाद नामक एक किसान ने आज सुबह अपने खेत में दुर्गंध महसूस की, इसके बाद उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने खेत में खुदाई कराई तो वहां एक महिला का शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान राधिका निषाद के रूप में की गई। ग्रामीणों के मुताबिक राधिका का अपने पति अमित निषाद से किसी बात को लेकर झगड़ा था, जिसके बाद से वह अपनी मां के साथ रहने लगी थी। अवस्थी ने बताया कि राधिका की मां गीता देवी की शिकायत पर अमित के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और खेत से निकाले गए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## शाहजहांपुर में युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**शाहजहांपुर।** शहर कोतवाली में दूसरे धर्म के एक युवक द्वारा कथित तौर पर हिंदू बनकर नौ साल से एक युवती का कथित यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में आरोपी समेत छह लोगों के विरूद्ध संबंधित धाराओं में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अखंड प्रताप सिंह ने पीटीआई-भाषा को रविवार को बताया कि दानिश नामक युवक ने हिंदू नाम अविनाश बताकर नौ साल पहले फोन के जरिए शहर में रहने वाली 30 वर्षीय युवती से दोस्ती की थी। उन्होंने बताया कि बाद में दानिश ने युवती को अपने घर बुलाया तथा परिजनों से मिलाया। उन्होंने बताया कि दानिश से अविनाश बने व्यक्ति के बारे में जब युवती को पता चला कि वह मुस्लिम है, तो उसने विरोध जताया। उन्होंने बताया कि इस पर आरोपी ने अपनी बहन तथा भाभी के सामने ही युवती के साथ अपने ही घर में कथित दुराचार किया तथा घटना का वीडियो बना लिया। सिंह ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इसके बाद आरोपी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने का भय दिखाकर युवती के साथ नौ वर्षों से लगातार दुष्कर्म करता रहा।









# शुभमन गिल को तीसरे क्रम पर करनी पड़ सकती है बल्लेबाजी

**राहुल की वापसी का असर, भारत का जिम्बाब्वे दौरा**

**भाषा।** नई दिल्ली





**जिम्बाब्वे** के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला एशिया कप से पहले लोकेश राहुल के लिए लय को परखने का शानदार मौका होगा और ऐसे में वह आगामी मैचों में शिखर धवन के साथ पारी का आगाज करना पसंद करेंगे। इस दौरे पर टीम की कमान संभाल रहे राहुल अगर पारी का आगाज करेंगे तो वेस्टइंडीज के दौरे पर धवन के साथ इस भूमिका को निभाने वाले शुभमन गिल को तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आना पड़ सकता है। भारतीय टीम के लिए अभी टी20 विश्व कप सर्वोपरि है और जहां तक सबसे छोटे प्रारूप की बात है तो गिल भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। ऐसे में 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले टीम प्रबंधन चोट से वापसी कर रहे राहुल को बल्लेबाजी का पर्याप्त मौका देना चाहेगा। गुरुवार (18 अगस्त) से हरारे में शुरू होने वाली तीन मैचों की संक्षिप्त श्रृंखला के लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टीम के साथ नहीं होंगे। उनकी जगह एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण कोच की भूमिका निभाएंगे। यह लगभग निश्चित है कि लक्ष्मण मुख्य कोच द्वारा निर्धारित खाके का पालन करेंगे। राहुल की वापसी ने शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज गिल के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। गिल ने वेस्टइंडीज में 50 ओवरों के प्रारूप में शानदार बल्लेबाजी की। वह 64, 43 और नाबाद 98 रन की मैच जिताऊ पारियों के बाद मैन ऑफ द सीरीज बने थे। राष्ट्रीय टीम के पूर्व चयनकर्ता और टेस्ट मैचों के सलामी बल्लेबाज देवांग गांधी ने इस मुद्दे पर कहा, मुझे लगता है कि शुभमन को भारतीय टीम प्रबंधन द्वारा सही तरीके से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कैरेबियाई सरजमीं पर एकदिवसीय मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि टीम खिलाड़ियों को इस तरीके से तैयार कर रही कि वह किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सके। इस विशेष श्रृंखला के लिए शुभमन को तीसरे नंबर पर आना पड़ सकता है देवांग की बातों से पूर्व भारतीय खिलाड़ी दीप दास गुप्ता भी सहमत दिखे। उन्होंने कहा, इतनी अच्छी लय में होने के बाद किसी खिलाड़ी के लिए यह मुश्किल है। टीम का लक्ष्य फिलहाल राहुल को एशिया कप टी20 के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर तैयार करना होगा।

# पुजारा ने सर्वश्रेष्ठ 174 रन की पारी खेली



**भाषा।** होव

**भारत के टेस्ट** विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को यहां लिस्ट ए में करियर की सर्वश्रेष्ठ 174 रन की पारी खेलते हुए 48 घंटे के भीतर दूसरा शतक जड़ा जिससे ससेक्स ने रॉयल लंदन कप एकदिवसीय चैंपियनशिप में सरे के खिलाफ छह विकेट पर 378 रन बनाए। शुक्रवार को पुजारा ने वारविकशर के खिलाफ 79 गेंद में 107 रन की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को ससेक्स ने होव के छोटे काउंटी मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार ओवर में नौ रन तक ही दो विकेट गंवा दिए थे। टॉम क्लार्क (104 गेंद में 106 रन) और पुजारा ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 205 रन जोड़कर पारी को संभाला। लिस्ट ए क्रिकेट में लगभग 55 के औसत से रन बनाने वाले पुजारा ने 50 ओवर के प्रारूप में अपना 13वां शतक पूरा किया और इस दौरान 131 गेंद की अपनी पारी में 20 चौके और पांच छक्के मारे।


# अमृत महोत्सव खेल में खिलाड़ियो ने दिखाया दम

**लखनऊ।** 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगाठ एवं आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति द्वारा जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन केडीसिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में किया जा रहा है जिसमें ताईक्वाण्डो, हैण्डबाल, कबड्डी, खो-खो, हाकी एवं टीटी की बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल खिलाड़ी वैभव बनौधा,सुमित सिंह,गौरांग शुक्लादेव थापा,वैभव सिंह ,अक्षय श्रीवास्तव,निलेश आर्या,अनुपम मिश्रा,दिव्यांश श्रीवा, बालिका वर्गः-आराध्या,आर्या त्रिपाठी,इरा मिश्रा,नव्या,दशनशी चर्तुवेदी,खुशीद्वितीय-जैनब। कबड्डी में बालिका वर्ग के फाइनल मैच राजकीय विकास नगर बनाम जस एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें दोनो ही टीमों ने काफी संघर्ष पूर्ण मुकाबला देखने को मिला। दोनो ही टीमें 35-35 के स्कोर पर बराबरी पर रही अन्तिम मिनट में राजकीय विकास नगर ने एक अंक बढ़ाकर अपनी टीम को जिला स्तरीय बालिका कबड्डी का खिताब जीता दिया। खो-खो की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ चौक स्टेडियम अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केन्द्रीय विद्यालय कैण्ट ने एक अंक से केन्द्रीय विद्यालय आरडीएसओ को पराजिम कर खिताब अपने नाम कर लिया। हाकी बालिका वर्ग का उद्घाटन रजनीश मिश्रा, अन्तर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी ने किया। फाइनल मुकाबला वीर शिवाजी हाकी एकेडमी और लखनऊ छात्रावास ने मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ छात्रावास 1-0 से विजय प्राप्त की। हाकी बालक वर्ग का उद्घाटन देवेश चौहान, ओलम्पियन तथा क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने किया।

## साइकिल पर तिरंगा लहराते निकले खिलाड़ी



**लखनऊ।** भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के बीच प्रदेश के साइकिलिस्टों सहित अन्य खेलों के खिलाड़ियों ने साइकिल तिरंगा यात्रा निकाली। स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल तिरंगा यात्रा की शुरुआत केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर हुई। तिरंगा यात्रा को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन सचिव आनन्द किशोर पाण्डेय ने बताया कि रविवार सुबह 6.30 बजे 350 साइकिलिस्ट केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर एकत्रित हुए जहां उन्हें तिरंगा झंडे वितरित किए गए और फिर साइकिल तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई। प्रदेश के उत्कृष्ट साइकिलिस्टों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान दिया गया । अर्जित सिंह ,अबु हुबैदा,अंश पाण्डेय ,संतोष सिंह,अनुष्का शर्मा , अमृतांश ,डा प्रभात रंजन व स्वर्गीय अमृता रंजन को संयुक्त पुरस्कार।






# दुल्हन की तरह सजा नगर पंचायत कार्यालय

**● रंग-बिरॅंगी रोशनी वाल पेण्टिंग, सेल्फी प्वाइण्ट व सफाई व्यवस्था से स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जगमगाया कस्बा**



रॅंग बिरॅंगी रोशनी से सजा रूरा नगर पॅंचायत का कार्यालय

**रूरा, कानपुर देहात।** नगर पॅंचायत अध्यक्षा रमा देवी व अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला के कुशल निर्देशन पर आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर पॅंचायत की रॅंगत अलग ही अॅंदाज में दिखाई दी। रॅंग बिरॅंगी रोशनी से जगमगाता नगर पॅंचायत कार्यालय, जगह–जगह आकर्षक वाल पेण्टिंग, सेल्फी प्वाइॅट व व्यापक स्वच्छता अभियान से नगरवासी आकर्षित व देश प्रेम से ओत प्रोत नजर आ रहे है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किये जा रहे अमृत महोत्सव पर स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या में नगर पॅंचायत के यशस्वी नवॉगुतक अधिशासी अधिकारी के निर्देशन पर कस्बे का कायाकल्प होता नजर आया। रॅंग बिरॅंगी रोशनी से नहाया नगर पॅंचायत कार्यालय भवन, दीवारों व ओवरब्रिज के पिलरों पर की गयी आकर्षक पेण्टिंग व सेल्फी प्वाइट सबका घ्यान खींचते नजर आ रहे है। कस्बाई ही नहीं बल्कि कस्बे के अन्दर से गुजरने वाले क्षेत्रीय व बाहरी लोग भी सेल्फी प्वाइॅट के सामने खडे होकर फोटो खिंचवाते नजर आ रहे है। स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर व्यापक रूप से साफ सफाई अभियान भी चलाया गया। जिससे कस्बे का रॅंग रूप ही बदला नजर आ रहा है। नगर पॅंचायत कर्मी याद कुमार यादव, सैनूर अहमद, राजेश रावत, शिवम सिंह, आकाश कुशवाहा, राजा गुप्ता, राजकिशोर वर्मा पखवाडे भर से कस्बे को चमकाने में लगे हुये है। रविवार को भी कस्बे को रॅंग बिरॅंगी रोशनी से सराबोर करने के अलावा व्यापक रूप से सफाई अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत नगर पॅंचायत को सजाया व सॅंवारा गया है। आज स्वतन्त्रता दिवस पर झण्डारोहण के बाद विशेष कार्यक्रम आयोजित कर देश को आजादी दिलाने वाले अमर सपूतों के बलिदान यादगार श्रद्धॉजलि अर्पित कर उनके त्याग को आज की युवा पीढी को स्मृत कराया जायेगा।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन

**कानपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11 अगस्त से 15 अगस्त तक सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण एवं केवाईसी नो योर कन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन इको पार्क समुदायिक भवन माती में किया गया। भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर राज्यमंत्री कार्यक्रम का मुख्य अतिथि राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा जैन मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ आदि ने प्रतिभागए कार्यक्रम में सांस्कृतिक विभाग लखनऊ से कुसुम वर्मा के नेतृत्व में आई टीम द्वारा देशभक्ति गीत पर नृत्य एवं नाटिका प्रस्तुति आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा हैए जिसमें सभी लोग बढ़.चढ़कर प्रतिभाग करें । प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में जिला पंचायत सचिव द्वारा द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंहए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश सिंहए उप जिलाधिकारी सिकंदराए उप जिलाधिकारी भोगनीपुर अजय रायए उप जिला अधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्लाए उप जिलाधिकारी डेरापुर साक्षी शर्माए चकबंदी अधिकारी उदय नारायणए जीएमडीआईसी चंद्रभान सिंहए जिला सूचना नरेंद्र मोहनए जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरणए डीसी मनरेगा हरिश्चंद्रए जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी आदि अधिकारीगण एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### घर-घर फहरे विजयी विश्व तिरंगा

**फतेहपुर।** रविवार को शहर के मुराईनटोला स्थित हनुमान मन्दिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मन्दिर के महंत रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंम्भ वाणी वन्दना से हुआ। केपी सिंह कछवाह, शिवसागर साहू, दिनेश श्रीवास्तव, दीपचन्द्र गुप्ता, अनिल तिवारी, आचार्य विष्णु, रवि तिवारी आदि ने अमर शहीदों को नमन किया और कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। काव्य गोष्ठी के आयोजक व संचालक शैलेन्द्र द्विवेदी ने पढ़ा बहती रहे हृदय में हरदम देश प्रेम की गंगा नगर गांव घर-घर फहरे विजई विश्व तिरंगा।

### विहिप के पांच दिवसीय क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग का शुभारम्भ

**फतेहपुर।** शहर के राधानगर में विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा विभाग का 05 दिवसीय क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग का शुभारम्भ हुआ। जिसमें पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओ को दायित्व का बोध कराया गया। अभ्यास वर्ग का शुभारम्भ क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने किया। उन्होने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने दायित्वो का ईमानदारी के निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि हिन्दुओ को जागरूक करने की आवश्यकता है। कहा कि गाय की सुरक्षा करना सभी का नैतिक दायित्व है। सभी से मजबूती के साथ काम करने का आह्वान किया। इसके अलावा अन्य वक्ताओ ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। इस मौके पर प्रान्त मंत्री बीरेन्द्र पाण्डेय, विभाग संगठन मंत्री चन्द्रिका दीक्षित, जिलाध्यक्ष डॉ0 विजय शंकर मिश्र, लोकेश गुप्त, मनीष पाण्डेय,साली सिंह, सतीश आदि मौजूद रहे।

### आजादी का जश्न आज, तिरंगे की रही धूम

**फतेहपुर।** स्वतंन्त्रता की 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जायेगी। आजादी को जश्न को लेकर सभी में आशा उत्साह दिखाई पड़ रहा है। हर कहीं तिरंगे की धूम दिखाई पड़ी पूरा शहर तिरंगे से पटा रहा। बताते चलें कि स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर सरकार आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। जिसके तहत हर कोई अपने-अपने घरों में तिरंगा लगा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत लगाये गये तिरंगों से पूरा शहर तिरंगामय दिखाई पड़ रहा है। वहीं आजादी के जश्न को लेकर सरकारी/अर्द्वसरकारी, शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य जगहों पर तैयारियां चलती रही सभी उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाने की मुहिम में लगे रहे। आजादी के जश्न को लेकर शहर की बाजार तिरंगों से सजी रही हर कोई शान से अपने घरों में तिरंगों को फहराने के लिए तिरंगें की खरीददारी में जुटा रहा।

### पौधों को कीटों से बचाता है ब्लैक बेल्ट कीटनाशक

**गोरखपुर।** सुमिल केमिकल इंडस्ट्रीज ने हाल ही में अपना पेटेंट कीटनाशक ब्लैक बेल्ट उत्तर प्रदेश में लॉन्च किया। इस अवसर पर सुमील केमिकल इंडस्ट्रीज के निदेशक सुकेतु दोषी ने कहा कि ब्लैक बेल्ट एक नई ड्राई कैप टेक्नोलॉजी से बना उत्पाद हैए जिसके माध्यम से कीटनाशक के सभी एक्टिव रसायन सुरक्षित एक पॉलीमर कैप्सूल में बंद रहते हैं। यह रसायन ड्राई कैप के माध्यम से पौधों की पत्तियों पर उचित समय के साथ उचित मात्रा में पहुचते हैए जिससे कि पौधों को कीटों से सुरक्षित रखा जा सके। इस तरह ब्लैक बेल्ट पौधों से अलग अलग प्रजाति की सुंडियो का नियंत्रण करता है। ब्लैक बेल्ट अलग.अलग प्रकार के कीटों और अलग अलग प्रकार की फसलों पर कारगर है जिसमें धान, कपास, मूंगफली, गन्ना, सोयाबीन के साथ.साथ टमाटर, गोभी, मिर्ची और प्याज की फसलें भी शामिल है। सुमिल केमिकल इंडस्ट्रीज के निदेशक ने कहा कि ब्लैक बेल्ट एक अद्वितीय संकल्पना है जिसमें कंपनी की पेटेंट की हुई ड्राई कैप टेक्नोलॉजी है जो कि वर्तमान में बाजार में उपलब्ध अधिक ज़हरीले तरल फॉर्मूलेशन का एक सुरक्षित विकल्प है।

### मूल रूप से बिहार का रहनेवाला है सैफुल्ला

**फतेहपुर।** गिरफ्तार किया गया सैफुल्ला मूलरूप से बिहार के मोतिहारी जिले के रामगढ़वा गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि पिछले 25 वर्षो से शहर के सैय्यद वाड़ा स्थित मदरसा इस्लामिया कैम्पस में परिवार सहित रहते हैं। इसी मदरसे में सैफुल्ला के पिता जफरुल इस्लाम शिक्षण का कार्य कराते हैं। पिता ने बताया कि लखनऊ से एटीएस का फोन आने के बाद बेटे की गिरफ्तारी का पता चला था। आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संपर्क में रहा सैफुल्ला चार भाइयों में तीसरे नंबर का है। बड़ा भाई फखरुल इस्लाम महाराष्ट्र के पूना में चश्मे की दुकान चलाता है तो दूसरे नंबर का नुरुल इस्लाम और सैफुल्ला गुजरात के भरूच के एक मदरसे में आलिम का कोर्स कर रहा है। सैफुल्ला के पिता जफरुल इस्लाम ने बताया कि मई 2022 में वह आलिम के कोर्स के लिए भरूच गया था। जहाँ से ईद पर्व के दौरान आने के बाद दोबारा वापस नही गया। वहीं छोटा बेटा मोइनुल इस्लाम पढ़ाई कर रहा है। सैफुल्ला वर्चुअल आईडी बनाने का मास्टरः सैफुल्ला वर्चुअल आईडी बनाने में विशेषज्ञ है और इसी ने नदीम सहित कई पाकिस्तानी और अफगानिस्तानी आतंकियों को लगभग 50 आईडी बनाकर दी थी। सैफुल्ला सोशल मीडिया के माध्यमों जैसे टेलीग्राम, वाट्सएप, फेसबुक मैसेंजर के जरिए पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बैठे हैंडलर्स से जुड़ा हुआ था।

### करंट लगने से युवक की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के गुइसर गॉव में करेण्ट लगने से युवक की मौत हो गयी सूचना पर पहुॅंचें एसआई कृष्ण कुमार ने शव का पॅंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### छेड़छाड़ से आजिज आकर किशोरी ने फॉसी लगा दी जान

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के नरसूझा गॉव में छेडछाड से परेशान किशोरी ने फॉसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है वहीं परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्यवाही शुरू यकर दी है।

### अमृत महोत्सव पर जारी होंगे सोने के विशेष सिक्के

**लखनऊ।** देश के अग्रणी गोल्ड प्लेटफॉर्म के तौर पर अपनी अनोखी पहचान कायम करने वाली कंपनी ऑगमॉन्ट गोल्ड फॉर ऑल खुदरा ग्राहकों की संपूर्ण ज़रूरतों का ख़ासा ख़्याल रखती है। ऑगमॉन्ट गोल्ड फॉर ऑल के निदेशक केतन कोठारी कहते हैं ष्कंपनी के पास एक दूर द्रष्टी है जिससे वह करोड़ों लोगों की ज़िंदगी में सोने जैसी चमक बिखेरने का इरादा खती है। सोने के कारोबार से हम अपने सभी हितधारकों की ज़िंदगी को संवारना चाहते हैं । एस पी एम सी आई एल के निदेशक (मार्केटिंग और बिज़नेस डेवलपमेंट) अजय अग्रवाल ने इस मौके पर कहा टकसाल भारत के बुलियन उद्योग के बीच कार्यरत एक अग्रणी संस्थान है आई जी एम को तकरीबन 200 साल का अनुभव हासिल है। आई जी एम सोने की शुद्धता और उसके डिज़ाइन को सर्वाधिक प्राथमिकता देता है । ऑगमॉन्ट गोल्ड फॉर ऑल की ओर से ऐलान किया गया कि उनकी तरफ़से जल्द ही 24 कैरेट शुद्धता वाला लिमिटेड एडिशन कॉइन यानी सीमित तौर पर विशेष सिक्के जारी किये जाएंगे । इन सिक्कों का निर्माण एस पी एम सी आई एल के तहत कार्यरत प्रतिष्ठित भारत सरकार टकसाल द्वारा देश की 75वीं सालगिरह का जश्न मनाने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

## कामेडियन राजू श्रीवास्तव के स्वास्थ्य लाभ को लेकर की गई प्रार्थना

**खागा ( फतेहपुर )।** तहसील क्षेत्र के साहित्य एवं संस्कृति तथा कला से जुड़े लोगों ने कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के बेहतर स्वास्थ्य के लिए दुआएं मांगी। मालूम हो कि विश्व विख्यात कॉमेडियन के भाई की ससुराल फतेहपुर में है और उनका यहां की सरजमी से गहरा ताल्लुक है।

पिछले दिनों कॉमेडी कला के बादशाह राजू श्रीवास्तव को दिल का दौरा पड़ने के कारण दिल्ली में भर्ती कराया गया था। इस समय उनका इलाज चल रहा है लेकिन तरह–तरह की अफवाहें उड़ रही हैं। इस बीच जनवादी लेखक संघ तथा साहित्यिक संस्था वाणी सहित कलाकारों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए प्रार्थना और दुआएं की हैं। वाणी संस्था के संस्थापक संरक्षक बृजमोहन पांडेय विनीत एवं जनवादी लेखक संघ के जिलाध्यक्ष शिवशरण बंधु हथगामी ने कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है और लोगों से अनुरोध किया है कि किसी तरह की अफवाह नहीं फैलाएं। वे शीघ्र स्वस्थ होकर कला की दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।राजू श्रीवास्तव के शीघ्र सेहतमंद होकर कला के क्षेत्र में पुनः सक्रिय होने की कामना करने वालों में जाने–माने शायर और जनपद के रसखान कहे जाने वाले डॉ0 वारिस अंसारी, हिंदी कवि राजेंद्र यादव, युवा कवि एवं काव्य मंचों के माध्यम से जनपद का नाम देश भर में रोशन कर रहे शिवम हथगामी, फिल्म अभिनेता वसीक सनम, कवि एवं फिल्म डायरेक्टर शिव सिंह सागर, शायर अनुज साहू शम्स, युवा शायर शोएब सुखन, प्रदीप सिंह तन्हा, सिंगर सर्वेश यादव, शैदा मुवारवी, आशू शर्मा, अहमद रियाज के अलावा धर्म चंद्र मिश्र, ज्ञानेंद्र गौरव, लोक भाषा के सशक्त हस्ताक्षर समीर शुक्ला, कवि शगुन, कवि गरारा, हास्य कवि राउत, वीर रस के कवि अनिल त्रिपाठी निर्झर आदि रचनाकारों एवं साहित्य, संस्कृति और कला से जुड़े लोगों ने हास्य कलाकार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## डीएम व सीडीओ ने भोगनीपुर चौराहा में शहीद वीर अब्दुल हमीद के चित्र पर पुष्प चढ़ाए, दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी नेहा** जैन मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भोगनीपुर चौराहा में वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व विभिन्न समुदाय के लोगों को शाल भेंट कर सम्मानित किया जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सभी लोग आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाएं तथा 14 अगस्त को ही देश विभाजित हुआ थाए इसलिए आज के दिन पूरे जनपद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा हैए इसमें सभी लोग अवश्य प्रतिभाग करेंए तथा सभी लोग अपने कर्तव्यों का पालन करें एवं सभी लोग हर घर तिरंगा अभियान में जुड़े एवं अपने घरों में तिरंगा झंडा अवश्य लगाएं । उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें जिससे कि वह जनपद एवं देश का नाम रोशन कर सकेए इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सभी लोग शहीद वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा उनके देश के प्रति किए गए बलिदान को याद करेंए इस मौके पर उप जिलाधिकारी भोगनीपुर अजय कुमार राय ने वीर अब्दुल हमीद के जीवन चरित्र पर विस्तार से जानकारी दी । इस मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत इको पार्क में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का राज मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ'।

## आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह के चौथे दिन सेवानिवृत्त व सेवारत पुलिसकर्मियों का सम्मान, यूपी 112 के वाहनों की निकली तिरंगा रैली

**कानपुर देहात।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद कानपुर देहात के समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों द्वारा दिनांक 11–08–2022 से 17–08–2022 तक पूर्ण सप्ताह विशेष महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है। इस विशेष सप्ताह के तहत आज चौथे दिन जनपद के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीयोंध्कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा उपहार भेंट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया और उनके स्वस्थ रहने की कामना की गई। इसी क्रम में महोदया द्वारा सेवारत जनपदीय पुलिस कर्मियों को उनके द्वारा किये गये अच्छे कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। महोदया द्वारा इस अवसर पर सभी अधिकारीध् कर्मचारीगणों को हर घर तिरंगा की मुहिम में अपना योगदान देने हेतु जागरुक किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षकए क्षेत्राधिकारी अकबरपुर व अन्य पुलिस के अधिकारी् कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक द्वारा कुशलता से किया गया। इसी विशेष सप्ताह के अवसर पर आज पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी अकबरपुर की उपस्थिति में पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड से निकली यू0पी0 112 के वाहनों की तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर पालिका अध्यक्ष ने शहीद के माता-पिता को किया सम्मानित

संवाददाता। घाटमपुर



शहीद की माता को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए पालिका अध्यक्ष संजय सचान ( फोटो- पायनियर )

**अमृत महोत्सव** सप्ताह के तहत आज नगर पालिका अध्यक्ष संजय सचान उर्फ गुड्डू चौधरी ने नगर पालिका कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दिनाक 24 मार्च 2003 को सूरत कोट पुंज राजौरी सेक्टर जम्मू कश्मीर में सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए कैप्टन बिनय सचान के माता–पिता श्रीमती सुधा सचान एंव राजा बेटा को रक्षा सूत्र बांधने के साथ ही अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया, इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भी पालिका अध्यक्ष संजय सचान ने तिरंगा झंण्डा देकर सम्मानित किया, इसके पहले नगर पालिका अध्यक्ष व शहीद कैप्टन के पिता ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संवोंधित करते हुएं पालिका अध्यक्ष संजय सचान ने देश को आजाद कराने वाले बीर सपूतों को नमन करते हुए कहा आज सारा देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है दिनांक 11 से 17 अगस्त तक मनाये जाने वाले पर्ब में आज यानी 14 अगस्त का दिन बिभाजन बिभीषिका स्मृति दिवस के रुप में मनाया जा रहा है, जो हमें देश की एकता और अखंण्डता के लिये मर मिटने के लिये प्रेरित करता रहेगा। इस लिये हम सब मिलकर 15 अगस्त को अपने–अपने घरों में तिरगा जरुर लगायें, कार्यक्रम में पालिका के लेखाकार /कार्यकारी अधिशाषी अधिकारी शान्ति प्रकाश निगम, रामकिशोर सचान, दिग्विज सिंह, राम कुमार, प्रदीप बाजपेयी, अमित कुमार, अमर सिंह, उपासना सचान, सभासद ज्ञान सिंह, हरी ओम सचान और समाज सेवी डा0 राम किशन गुप्ता भी मौजूद रहे, संचालन दीपक गुप्ता ने किया।

## पूर्व जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों ने निकाला मौन जुलूस

**रूरा, कानपुर देहात।** पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा रजोल शुक्ला के नेतृत्व में कस्बे में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर रूरा मण्डल के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मौन जुलूस निकाला। भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथ में स्लोगन लिखी तख्ती लिये विभाजन का विरोध व्यक्त कर रहे थे।

भाजपा के ऊर्जावान नेता श्याम बिहारी रजोल शुक्ला के नेतृत्व में रूरा मण्डल के भाजपाईयों ने 14 अगस्त को भारत का तीन भागों में विभक्त करने पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर मौन जुलूस निकाला। 14 अगस्त को भारत के कुछ पश्चिमी व कुछ पूर्वी हिस्से( अब बॉग्लादेश) का विभाजन कर पाकिस्तान नाम का नया देश बनाया गया था। जिसको लेकर आनन्देश्वर गेस्ट हाउस से रूरा मुख्य तिराहा तक भाजपाईयों ने मौन जुलूस निकाला। भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथ में स्लोगन लगी तख्ती लिये हुये थे इन तख्तियों में लिखा था कि ' बॅंटवारें का यह सॅंदेश फिर न बटेगा भारत देश।' बॅंटवारे के इतिहास से हमें लेना है सबक' इंसानों पर टूटे फिर से कभी न ऐसा कहर।। '14 अगस्त को विभाजन की आई थी ऑंधी। नफरत और हिंसा ने तब मचाई थी तबाही।।' मौन जुलूस में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला के अतिरिक्त मण्डल अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामू ओमर, युवा भाजपा नेता व पूर्व जगनपुर जिला पॅंचायत प्रत्याशी राजू भदौरिया, महेश मुनीम, रामजी पाण्डेय, अभिषेक दीक्षित, अॅंशुल बाजपेई, महेन्द्र नायक, बबलू कुशवाहा, महेश्ज्ञ पाण्डेय, दीपचन्द्र पाण्डेय पॅंकज पाण्डेय, विकास गुप्ता एडवोकेट, निर्मल बाजपेई, रामकुमार प्रजापति, राधेश्याम, दिनेश दीक्षित, सत्यम कठेरिया, सुधीर कुमार, ओम जी बाथम, आर्दश गौतम ज्ञानी प्रशॉत दुबे सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


रजोल शुक्ला पूर्व जिलाउपाध्यक्ष के नेतृत्व में मौन जुलूस में मौजूद, राजू भदौरिया, दिनेश पालीवाल, बृजेन्द्र सिंह सहित अन्य भाजपाई

## विभाजन विभीषिका स्मृति अभिलेख प्रदर्शनी का साध्वी ने किया शुभारंभ

संवाददाता। फतेहपुर



**आजादी का** अमृत महोत्सव सप्ताह (11 से 17 अगस्त) के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा (13 से 15 अगस्त) के अंतर्गत विकास खण्ड खजुहा, तहसील बिन्दकी के बगबादशाही बावनी इमली के प्रांगण में विभाजन विभीषिका स्मृति अभिलेख प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने फीता काटकर उदघाटन किया और 18 अप्रैल 1858 को देश के लिए शहीद हुए 52 क्रांतिकारियों को नमन करते हुए पुष्प चक्र अर्पित किया, के उपरांत विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम के अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वनाथ खन्ना जी व जनप्रतिनिधियो के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा प्रांगण में तिरंगा झंडा फहराया गया और राष्ट्रगान गाया गया।

केन्द्रीय राज्यमंत्री ने 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर पावन भूमि पर शहीद हुए 52 क्रांतिकारियों को शत शत प्रणाम किया। आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश के हर्षोल्लास के मनाया जा रहा है, इसके पूर्व हर घर तिरंगा कार्यक्रम कभी नही मनाया गया है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आजादी दिलाने वालो को कार्यक्रम के माध्यम से याद किये जा रहे है। जनपद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में मात्र विश्वनाथ खन्ना हैं ईश्वर से प्रार्थना किया कि वे देश के लिए हजारों वर्ष हम सबके बीच रहे। विभाजन विभीषिका स्मृति अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन करें। जिससे लोगो को पता चले कि आजादी कैसे मिली है। आज के दिन (14 अगस्त 1947) को भारत के माँ के दो टुकड़े हुए। जिसमे अनगिनत लोगो ने बहुत यातनाएं झेली हैं। क्रांतिकारियों ने प्राणो की कुर्बानी देकर देश को आजाद कराकर राष्ट्र को सर्वोपरि रखा गया। पहले बार्डर पर शहीद होने वाले वीर सैनिकों के पत्र व कपड़े भेजे जाते थे परंतु पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी ने शहीदों के पार्थिक शरीर हेलीकॉप्टर से घर भेजने का काम किया है। जम्मू कश्मीर में रहे वाले लोगो को सुविधाओं से वंचित रहे परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धारा 370 समाप्त कर अनेक सुविधाएं प्रदान की गयी। राष्ट्रभावना के प्रति जागरूक भारत की जनता तिरंगा झंडा लेकर रैली निकाल रहे है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान लोगो द्वारा भारत का तिरंगा लेकर बाहर निकले। उन्होंने समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल ने 1858 के क्रांतिकारियों, कारगिल युद्ध, 1971 भारत–पाक युद्ध, 1962 चीन युद्ध में अमीर शहीदो को नमन किया। कहा कि बावन इमली के कार्यक्रम के आयोजन में सभी का योगदान है। इस स्थल पर 1858 में 52 लोगो को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा 52 लोगो को इमली के पेड़ पर फांसी लगाकर लटका दिए गए थे। अंग्रेजों द्वारा वीर सपूतों को अनेक यातनाएं के रूप में काला पानी (अंडमान द्वीप) भेज देते थे। आजादी दिलाने में क्रांतिकारियों के योगदान में जोधा सिंह अटैया, ठा0 दरियांव सिंह, बाबा गयादीन, डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला खा, सोहनलाल द्विवेदी सहित भारत के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजाद किया, जो आजाद हिन्द में चौन की सांस लेकर जी रहे है। वीर सावरकर ने जेल की दीवार में अपने खून से लिखा था कि हम अंग्रेजों से कभी समझौता नही करेंगे और देश को आजाद करवाकर ही दम लेंगे। उन्होंने बलिदान देने वाले परिजनों के लोगो धन्यवाद दिया।भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव बहुत ही गौरवशाली ढंग से मनाया जा रहा है। आयोजन से देश बदल रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिखाई दे रहे है जिससे एकता का प्रतीक का माहौल देखने को मिल रहा है। देश मे रहने वाले लोगो के विचार बदल गए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता विश्व मे दिखायी दे रही है, यही कारण है कि अन्य देशों के प्रधानमंत्री द्वारा सम्मान दिया जा रहा है यंहा तक कि सऊदी अरब के प्रधानमंत्री द्वारा एयर पोर्ट से पीएम मोदी को रिसीव किया था। देश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है आगे भी रहेगा। उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव की बधाई दी।कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिन्दकी एवं हथगाम ब्लाक के कुंभीपुर विद्यालय के छात्र/छात्राओ द्वारा एव संस्कृति निदेशालय द्वारा नामित बिरहा लोक गायन इंद्रजीत पटेल पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, जिसे लोगो ने सुनकर भूरी–भूरी सराहना की।केन्द्रीय मंत्री, विधायक जहानाबाद, विधायक बिन्दकी, भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जोधा सिंह अटैया, ठाकुर दरियाव सिंह, सोहनलाल द्विवेदी के परिजनों को कैशरोल, शाल व झंडा देकर सम्मानित किया और कारगिल युद्ध, भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए सूरज प्रताप तिवारी, पन्नालाल गुप्त, शिवदत्त तिवारी के परिजनों को झंडा, शाल व कैशरोल देकर सम्मानित किया। इसके साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, हथगाम के कुम्भीपुर के स्कूल के छात्र/छात्रओ को सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहित प्रस्तुति करने पर साल वितरित किए और केन्द्रीय मंत्री द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खन्ना को स्मृति चिन्ह भेंट की।केन्द्रीय मंत्री को जिलाधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट की और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विधायक जहानाबाद, भाजपा जिलाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्वनाथ खन्ना ने किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन बड़े लगन के साथ किया गया है देखकर बहुत खुश हूं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा अंग्रेजों से गुलामी खत्म कि है आजाद हिन्द में जिए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में उपस्थित लोंगो से अपील की समय से घर पहुंचे।इस कार्यक्रम में अर्पणा सिंह गौतम,चेयरमैन बिन्दकी, रमाकांत त्रिपाठी,भाजपा महामंत्री पुष्पराज सिंह,मधुराज सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मनोज सिंह, विश्व हिंदू परिषद गजेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी धीरेंद्र प्रताप, उपजिलाधिकारी बिन्दकी अंजु वर्मा, इओ नगर पालिका निरुपमा प्रताप, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में निकला मौन जुलूस

**कानपुर देहात।** आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत आज 14 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में मौन जुलूस तिरंगा पैदल का कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कियाए राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों के तहत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बनाई गई सेल्फी प्वाइंट में फोटो ली गईए इसके पश्चात मौन जुलूस तिरंगा यात्रा इको पार्क समुदाय भवन में संपन्न हुईए इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के सिंह जिला ग्राम विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट उप जिलाधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्लाए जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी पूर्व सैनिक आदि भारी संख्या में लोग ने प्रतिभाग किया।

# अमृत महोत्सव के माध्यम से अमर शहीदों को पूरा देश कर रहा है नमन : डॉ. संजय

संवाददाता। अमेठी



**जनपद के** अमेठी तहसील के भेटुआ विकास खण्ड के टिकरी गांव में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को अपने हांथ से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया।

आजादी के 75 साल पूरे होने पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक देश व्यापी हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पूर्व केंद्रीय मंत्री व अमेठी राजघराने के मुखिया डॉ संजय सिंह ने टिकरी गांव में अपने हाथों से गांव के निवासियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया।इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ संजय सिंह ने कहा की हमारे देश को आजादी दिलाने में लाखों लोगों ने अपने जीवन की कुर्बानी दिया है। आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के बलिदान को अमृत महोत्सव के माध्यम से नमन कर रहा है। आज हमे आजाद हुए 75 साल बीत चुके हैं और हमारा देश इस 15 अगस्त को 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। हमारे लिए गौरव की बात है। हमारे राष्ट्र के आन बान और शान के प्रतीक तिरंगे को अवश्य लगाएं और इस राष्ट्रीय पर्व में प्रतिभाग करते हुए इस महाअभियान को सफल बनाएं।

इस अवसर पर गांव के साधू सिंह, हरिकेश सिंह, फूल सिंह, रामलाल चौरसिया, विजय गुप्ता, सुवरन मौर्या, सुभाष यादव, राजाराम यादव के साथ क्षेत्र से धीरेंद्र सिंह, अभय सिंह, संतोष सिंह, शेर बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, के के तिवारी, संदीप मिश्रा, आदि के साथ गांव के लोग उपस्थित रहे।

## बाइक व ई रिक्शा की टक्कर में महिला की मौत

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के साकेत नगर में हुई मार्ग दुर्घटना में एक महिला दर्दनाक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। जानकारी के अनुसार डलमऊ थाना क्षेत्र के पखरौली गांव निवासिनी सरोजनी चौरसिया पत्नी संतोष अपने मायके खीरों गई थी। जहां से आज वह बाईक से वापस अपनी ससुराल जा रही थी। साकेत नगर मोहल्ले में अचानक उसकी बाईक ई रिक्से में पीछे से भिड गई जिससे बाईक चालक पंचम व सरोजनी गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनो को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सको ने सरोजनी को मृत घोषित कर दिया जबकि पंचम को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी परिजनो के साथ कोतवाली पुलिस को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि शव को अन्त्य परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेजते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चारों तरफ तिरंगा यात्रा की मची धूम जगह-जगह निकाली गई तिरंगा यात्रा

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी



तिरंगा यात्रा निकालते हुए अल्पसंख्यक वर्ग के लोग

**चारों तरफ** तिरंगा यात्रा की धूम मची हुई है तो वहीं विभिन्न संगठनों सहित मदरसा व स्कूल के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा लगाने की अपील की ।जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित पूरे गौहर मजरे ग ?रियाडीह में रविवार को तिरंगा यात्रा ब ? ही धूमधाम के साथ ग्राम प्रधान मोहम्मद अतीक कुरैशी व पूर्व प्रधान हाजी मुनीर खान के नेतृत्व में नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा मदरसा अशरफुल उलूम पूरे गौहर से शुरू होकर पूरे गांव में भ्रमण करती हुई पंचायत भवन पर चलकर समाप्त हो गई । वहीं जगदीशपुर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी मोहम्मद रफीक वारसी उर्फ अल्लू मियाँ व पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी के कुशल नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जहाँ सैकड़ों लोगों ने तेज गर्मी होने के बाद भी हाथों में तिरंगा लेकर पद यात्रा की इस दौरान भारत माता की जय और बंदे मातरम आदि नारे लगाए जा रहे थे इस तिरंगा पदयात्रा में दर्जनों गांवों के हजारों लोग शामिल रहे।तिरंगा यात्रा में प्रधानाचार्य मु ?ती मंजूर अहमद वसीक खान मोहम्मद तौ ?ी ? कुरैशी सिराज कुरैशी फखीम कुरैशी युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमेठी मुख्तार किदवई एडवोकेट सतीश सिंह ब्लाक अध्यक्ष अशफाक अहमद कल्लू पण्डित मौलाना अरशदुल ?ादरी रैहान सुल्तानपुरी कारी नफीस अहमद अब्दुल खालिक उर्फ कल्लू खान मौलाना रहबर सलीम कुरैशी मोहम्मद अलीम मोहम्मद एजाज खान इसरार पठान सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

# एनटीपीसी में तिरंगा रैली के साथ आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य आगाज़

**ऊंचाहार ।** भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को सफ्ल बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी ऊंचाहार में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली की अगुवाई परियोजना प्रमुख अभय कुमार समैयार व प्रियदर्शिनी महिला कल्ब की अध्यक्ष मनीषा समैयार ने की।एनटीपीसी कर्मचारियों, आवासीय परिसर के महिलाओं-बच्चों व सीआईएसएफके जवानों ने गर्मजोशी के साथ श्भारत माता की जयश् और श्वंदे मातरम्श् के नारे लगाए। राष्ट्रप्रेम की भावना मन में लिए नारे लगाते हुए सभी लोगों के चेहरे मुस्कान से खिल उठे। चारों ओर गुंजते जयकारों से एनटीपीसी ऊंचाहार का परिसर मनोरम हो उठा।तिरंगा रैली की अगुवाई कर रहे श्री समैयार ने कहा कि



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित इस तिरंगा रैली से राष्ट्रीय एकता की भावना को बल मिलेगा। राष्ट्र प्रेम सर्वोपरि है। हमारा प्रयास है कि तिरंगा रैली के माध्यम से हम राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने में सहायता कर सकें।रैली में महाप्रबंधक (अनुरक्षण) ए के त्रिपाठी, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (सुरक्षा अकादमी) ए के डैंग, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) एस के मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि व सीआईएसएफ के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई

संवाददाता। तिलोई ,अमेठी

**आजादी का** अमृत महोत्सव अंतर्गत चतुर्थ दिन कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला, विकास खंड तिलोई जनपद अमेठी में धीरेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक/ जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी के नेतृत्व में ग्रामसभा के विभिन्न मजरों में हर घर तिरंगा के अंतर्गत रैली निकाली गई ,रैली को कर्मठ एवं सुयोग्य प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरौता (प्रथम) शिव पूजन मिश्रा , संरक्षक , उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, तिलोई- अमेठी ने झंडी दिखाकर रवाना किया।विद्यालय का समस्त स्टाफ रैली के संचालन में सक्रिय रहा। कर्मठ एवं सुयोग्य शिक्षिका प्राची श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में अमृत महोत्सव पर मेंहदी प्रतियोगिता व परिश्रमी एवं विद्वान शिक्षिका पल्लवी श्रीवास्तव जी द्वारा रंगोली प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई, ।जिसमें प्रत्येक कक्षा से बच्चों ने प्रतिभाग किया ।इस अवसर पर रैली में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों में अमिता जायसवाल, रजिया बानो, शशि कुमारी सिंह, प्राची श्रीवास्तव ,सरिता सिंह , पल्लवी श्रीवास्तव, सुचित्रा सती ,प्रभावती - अनुचर एवं शिव पूजन मिश्रा जी व विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।बच्चों ने रैली में देश के प्रति समर्पण की भावना से विजई विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ,ऊंचा रहे हमारा भारत माता की जय घोष करते हुए रैली को सफल बनाया । रैली के पश्चात बच्चों को खीर खिलाई गई। उक्त कार्यक्रम से बच्चे उत्साहित दिखे।



झण्डारोहण करते जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ

# आजादी गौरव पदयात्रा निकली

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश काग्रेस कमेटी के आवाहन पर रायबरेली कांग्रेस ने संसदीय क्षेत्र के आजादी गौरव पदयात्रा की गई अमावां में नौशाद खतीब के नेतृत्व में डिघिया चौराहे से हीरा लाल का पुरवा तक, बछरावां में नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजामऊ से शेषपुर समोधा तक, खीरो में सुरेंद्र विक्रम के नेतृत्व में खपुरा से सेमरी कस्बा तक, लालगंज में सुधा द्विवेदी के नेतृत्व में उत्तरा गौरी चौराहे से पूरे राना तक, ऊंचाहार में अतुल सिंह के नेतृत्व में रामचंद्रपुर से जमुनापुर चौराहे तक पद यात्रा निकली गई ।पद यात्रा में शामिल लोगों ने महंगाई को जो रोक ना सके वह सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी हैष् और आटा चावल दूध दही पर जीएसटी वापस लो वापस लोष् के नारे लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में कई कि.मी. पद यात्रा की । यात्रा में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि के.एल. शर्मा, पंकज तिवारी जिलाध्यक्ष, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, महेश शर्मा, पराग प्रसाद रावत, सुंदर लाल निर्मल, मेंहदी हसन, हसन, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, महेश शर्मा, पराग प्रसाद रावत, सुंदर लाल निर्मल, मेंहदी हसन,रवींद्र सिंह, अनूप बाजपेई, गिरिजेश श्रीवास्तव, कृपाशंकर शुक्ला, संत प्रसाद रैदास, दीपेंद्र गुप्ता, अनुरुद्ध दीक्षित, चंद्र प्रकाश बाजपेई, सतीश पासी, आर.के. सिंह, विजय दीक्षित, राम बहादुर गुप्ता, सुरेश दीक्षित, घनश्याम शुक्ल, प्रियंका रावत, मो.अशरफ, अवधेश चौधरी, शम्भू शरण पाल, कामता प्रसाद गोड़, दिलीप तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# लोकतंत्र को स्थापित करने में हमारे लोगों ने बहुत यातनाएं झेलीं और दर्द सहा

**रायबरेली ।** 5 अगस्त को हम आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं लेकिन इस आजादी और लोकतंत्र को स्थापित करने में हमारे लोगों ने बहुत सी यातनाएं झेली, दर्द सहा और देश के बंटवारे का दंश भी झेला है। नफ्रत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों-भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर '14 अगस्त 2022' को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाया गया जिसमें पंजाब नैशनल बैंक के तत्वावधान में शहीद स्मारक भारत माता मंदिर रायबरेली में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ शहीदों और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस पुनीत अवसर पर मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक श्री रोहिताश्व इन्द्रायण,श्रीमती रश्मि इन्द्रा श्री आनंद बाजपेयी, श्री अनिल मिश्रा डॉ. मधुरेश कुमार सिंह ,सचिव अधिकारी संगठन, श्री अयाज अहमद, राजा राम मौर्य , नवल किशोर बाजपेयी, विनोद अग्निहोत्री भारत विकास परिषद , एस पी सिंह सभासद, एवं जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन तथा बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।




## थानेदारों को सता रहा कुर्सी जाने का डर

**जगदीशपुर ,अमेठी।** एसपी के कड़े तेवर के बाद थानेदारों को कुर्सी जाने का डर सताने लगा है ।जगदीशपुर कमरौली व शुकुल बाजार सहित जनपद के कई थानेदारों को अपने नीचे से कुर्सी खिसकती हुई दिखाई दे रही है थाने की कुर्सी से अधिक लगाव रखने वाले इन थानेदारों को लग रहा है कि किसी भी दिन उनके हाथ से थाने की सत्ता छीनी जा सकती है। थाने की सत्ता न छीनी जाए इसके लिए कुछ तो अपने आकाओं के दरबार में लगाई जाने वाली हाजिरी में बढ़ोत्तरी कर दी है लेकिन यहां से भी उन्हें कोई खास आश्वासन मिलता दिखाई नहीं दे रहा है इन थानेदारों को कुर्सी छिनने का डर कोई एक दो दिन से नहीं सता रहा है बल्कि पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन के द्वारा जनपद का चार्ज संभालने के बाद से ही उनमें खलबली मच गई थी वहीं कप्तान के रडार पर भी कई थानेदार बताए जा रहे हैं। जनपद में कई ऐसे थाना प्रभारी हैं जिन्होंने काफी समय से थाना इंचार्ज की कुर्सी पर जमे हुए है। सूत्रों की मानें तो कुछ थाना इंचार्ज तो ऐसे हैं जो अब तक अपने काम के बल पर नहीं बल्कि सत्ताधारी आकाओं के बल पर कुर्सी पर चिपके हुए हैं लेकिन एक जुलाई को एसपी डॉ0 इलामारन द्वारा अमेठी का कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही उनमें खलबली मच गई थी । ऐसे थाना इंचार्जो को अपने नीचे से कुर्सी खिसकने का डर सताने लगा है । सूत्रों का कहना है कि कप्तान साहब के कड़े तेवर को देखते हुए थानेदारों को साफ दिखने लगा है कि उनके राज में न तो किसी सिफारिश के बल पर चार्ज मिलेगा और न ही चापलूसी के बल पर तैनाती ही मिलेगी। क्षेत्र में ला एंड आर्डर क़ायम करने वाले तथा फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने वाले ही थानों की कुर्सी पर टिक पाएंगे। एसपी के कड़े तेवर के चलते थानों में जमें कुछ इंचार्जो में खलबली मची हुई है अब देखना यह है कि आने वाले समय में पुलिस अधीक्षक की कसौटी पर कौन कौन खरा उतर पाता है और किसको थाने की सत्ता से हाथ धोना पड़ सकता है।

# पंचवटी ने क्षेत्र की प्रथम त्रिवेणी व हरिशंकरी के पौधे रोपे

**● क्षेत्र को हरा-भरा करने में सत्त प्रयत्नशील है पंचवटी संस्था**

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**पंचवटी विकास** समिति के तत्वावधान में, ब्रह्मदेव मंदिर परिसर , मैदे मऊ में, क्षेत्र की प्रथम त्रिवेणी तथा हरिशंकरी वृक्षारोपण का कार्य फ़िरोजगांधी महा विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष (वनस्पति विज्ञान ) प्रो. आदर्श कुमार शुक्ल के दिशा निर्देश में सम्पन्न हुआ।

पौधरोपण के उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में,प्रोफेसर आदर्श कुमार ने मानव धर्म एवं पर्यावरण विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया और धर्म की व्यापक व्याख्या करते हुए कहा कि धर्म बिना कोई नहीं रह सकता। जो भी प्राणी सांस लेता है, जल पीता है, जीवन रखता है, अपना धर्म निभाता है, श्वसन मानव धर्म है। आगे कहा कि मानव जीवन दुर्लभ है। सृष्टि में केवल मानव ही नवीन कर्मों का सृजन कर सकता है। अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर बैजनाथ विश्वकर्मा ने प्रोफेसर शुक्ल के गिलहरी प्रयास संकल्पना की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंच तत्व क्षित, जल, पावक, गगन, समीर क्रमशः संयोजित होकर जीव को शरीर देकर प्राणित करते हैं, जब कि विघटित होने की प्रक्रिया ठीक इसके विपरीत क्रम समीर, गगन, पावक, जल और क्षिति(मिट्टी) में लयमान होती है। आगंतुकों के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए पंचवटी समिति के अध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी ने कहा कि घटते जल स्तर व वर्षण को बढाने हेतु एक ही कारगर उपाय है पौध रोपण एवं वृक्ष संरक्षण। संचालन पंचवटी सचिव, डॉ महादेव सिंह ने बताया कि हरिशंकरी में बरगद ,पीपल और पाकर के पौधों को एक ही स्थान पर जबकि त्रिवेणी रोपण में बरगद ,पीपल और नीम को 5मीटर अर्धव्यास की परिधि में पूरब, पश्चिम और उत्तर दिशाओं में रोपा जाता है। त्रिवेणी में दक्षिण दिशा अधिक प्रकाश प्राप्ति हेतु रिक्त छोड़ दी जाती है। कार्यक्रम का संयोजन हनुमन्त सिंह एवं रामगुलाम सविता ने किया। कार्यक्रम में, अम्बुज दीक्षित, डॉ प्रेमशंकर मिश्र, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, हरद्वार सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, अमर पाल सिंह, महेन्द्र सिंह, सज्जन मिश्र, रामेन्द्र पाण्डेय, गंगा राम, संजय सिंह, जगन्नाथ सिंह, अजय सिंह (ग्राम पंचायत अधिकारी) वीरेन्द्र सिंह, देवराज सिंह, कमलेश मिश्र, अक्षत विश्वकर्मा, हरिशंकर आदि सैकड़ो ग्राम वासी पर्यावरण मित्रों की उपस्थिति ने उत्साहपूर्वक इस पर्यावरण यज्ञ में भाग लिया।

## पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी लालगंज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर विशाल तिरंगा यात्रा पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व मे निकाली गई। तिरंगा यात्रा लालगंज पावर हाऊस से प्रारंभ होकर गल्ला मंडी रोड, चिकवाही मंडी, सर्राफ मंडी, मेनरोड, आचार्य नगर, बेहटा चौराहा होते हुए गांधी चौराहे पर समाप्त हुई। धीरेन्द्र बहादुर सिंह, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, बच्चा पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला, मनोज अवस्थी ,हरीशंकर पाण्डेय आदि कार्यकर्ताओं ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। हाथ मे तिरंगा लिए सैकड़ो कार्यकर्ता आम नागरिक देशभक्ति के नारे लगाते हुए उल्लास उमंग के साथ चल रहे थे। पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी से अपने अपने घरों मे तिरंगा लगाने की अपील की। तिरंगा यात्रा में बच्चा पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला, मनोज अवस्थी, कैलाश बाजपेयी, हरीशंकर पाण्डेय, अर्पित गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, अशोक गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, सदाशिव सोनी, नागेंद्र सिंह, मंटू बाजपेयी, कौशिक बाजपेयी, नागेंद्र गुप्ता, राघवेन्द्र सूर्यवंशी, राजकुमार कोरी, महेश स्वर्णकार, निर्लेश सिंह, बी के सिंह, अर्पित बाजपेयी, शिवम गुप्ता गोलू, गोविंद मिश्रा, ब्रम्हेन्द्र सिंह, मनोज सिंह फ्रेंचाइजी, रवी सिंह, मनमोहन सिंह रामू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला मौन जुलूस

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र की अगुवाई में दादरा स्थित मां देवी हिंगलाज मंदिर से तिरंगे के साथ पैदल यात्रा निकाली गई ।मौन यात्रा शहीद वीरेंद्र सिंह स्मारक पहुंचकर स्वच्छता का कार्य करने के उपरांत शहीद वीरेंद्र सिंह को भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने कर्तकर्ताओं के साथ विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता विभाजन की विभीषिका में अपने प्राण गंवाने वाले तथा विस्थापन का दर्द झेलने वाले लाखों भारतवासियों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंत्री प्रभात शुक्ला जिला मीडिया सह प्रभारी अरुण मिश्र मंडल महामंत्री रामगोपाल कौशल जय विंद सिंह देवेंद्र सिंह, राकेश शुक्ल जीत बहादुर सिंह शैलेंद्र सिंह रघुवंश मिश्र गिरेंद्र सिंह शिव मणि तिवारी श्याम लाल यादव सुरेंद्र निषाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौन जुलूस में शामिल रहे ।

### मृगांकेश्वर के नेतृत्व में राजभवन से निकला मौन जुलूस

**तिलोई,अमेठी ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज राजभवन तिलोई से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के पुत्र कुँवर मृगांकेश्वर शरण सिंह के नेतृत्व में मौन जुलूस निकाला गया।गौरतलब रहे कि 14 अगस्त 1947 को आज ही के दिन भारत विभाजन के समय हुई गदर की याद में मौन जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर सिंहपुर प्रमुख अंकित पासी, जिला पंचायत सदस्य भाजपा के जिला महामंत्री रामकृष्ण भारतीय एडवोकेट, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम मूर्ति यादव , सुरेंद्र सिंह, सोनू सिंह, ग्राम प्रधान विपुल सिंह एडवोकेट , अमर बहादुर सिंह, पवन सिंह, दुर्गा सिंह, मो0 अशरफ भेलाई, बबलू मिश्र, प्रदीप सिंह, मो0 आमीन, बबलू सिंह रमई, ध्रुपराज हसवां सहित सैक?ों लोग राजभवन से बस स्टॉप तक मौन जुलूस में शामिल हुए।

### परशदेपुर में चेयरमैन विनोद कौशल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**परशदेपुर।** नगर पंचायत परशदेपुर में चेयरमैन विनोद कौशल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा विधायक अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ कराया। कस्बे के महाबीरन भीटा से रामसागर,महाबीरन, मुख्य चौराहा,पूरे वैशन, अंसार चौक,काजी का पुरवा , साकेतनगर होते हुए महावीरन भीटा पर समाप्त हुई। लोगों को संबोधित करते चेयरमैन विनोद कौशल ने कहा तिरंगा यात्रा में सभी को शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर पूरे देश में जुनून है।इस मौके पर सलोन सीओ अमित सिंह, डीह थानाध्यक्ष पंकज सोनकर ,सभासद आशू जायसवाल,कमल चंद्र वैश्य, गोपाल श्रीवास्तव, श्रीकांत त्रिवेदी,सतीश कौशल, राहुल पांडेय,संत प्रसाद उपाध्याय आदि लोग मौजूद थे। नगर पंचायत परशदेपुर तिरंगा यात्रा निकालते चेयरमैन विनोद कौशल साथ भाजपा विधायक अशोक कुमार सीओ अमित सिंह

### सिंहपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तिरंगा यात्रा निकली

**तिलोई,अमेठी।** सिंहपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई इसके अलावा गांव के पंचायत भवनों को तिरंगी लाइट से सजाया गया है।क्षेत्र की पश्चिमी सीमा के गांव कुकहा रामपुर के दर्जनों युवाओं ने तिरंगे के साथ बाइक रैली निकाली।बंदे मातरम और भारत माता के जय घोष के साथ निकली रैली क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के बीच से होकर निकली।आजादी का अमृत महोत्सव गांवों में भी सर चढ़कर बोल रहा है प्रत्येक घर की छत पर तिरंगा नजर आ रहा है खास बात यह है कि गांव में बड़ी संख्या में लोग पढ़े लिखे नहीं हैं इसके बावजूद सभी की छतों पर लगा तिरंगा सीधा लगा है।ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवनों को तिरंगी लाइट से सजाया गया है। टेढ़ई गांव स्थित पंचायत भवन को तिरंगी रनिंग लाइट से सजाया गया है। जेहटा उसरहा स्थित पंचायत भवन भी खूबसूरत तिरंगी लाइट से सजाया गया है।कुल मिलाकर पहली बार गांवों में स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय हर घर में नजर आ रहा है।



### एक लाख 25 हजार 996 लोगो को लगा प्रिकाशन डोज

**अमेठी।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टीकाकरण ही कोविड-19 से बचने का एकमात्र माध्यम है, आम जनमानस प्रीकाशन डोज लगवा कर जनपद को करोना से मुक्त करने का रास्ता प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि प्रीकाशन डोज आपके द्वार तक आपके के लिए किया गया, आपका सहयोग निश्चित रूप से जिले को कोविड से निजात दिलाने में सहयोग करेगा। इस हेतु आगामी 30 सितंबर तक विशेष अभियान चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमलेंद्र शेखर ने कहा आगामी 16 अगस्त से 23 अगस्त तक बृहद अभियान चलाकर जनपद के समस्त सरकारी कर्मचारियों को प्रीकाशन डोज लगाया जाएगा। अभी तक 12 लाख 83 हजार 28 लोगो के सापेक्ष 1 लाख 25 हजार 996 लोगो को प्रीकाशन डोज लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनपद में 18 उम्र से अधिक 13 लाख 90 हजार 717 लोगों को कोविड टीके की प्रथम डोज वह 13 लाख 88 हजार 720 लोगो को कोविड टीके की द्वितीय डोज दी जा चुकी है। वही 15 से 17 वर्ष के 1 लाख 43 हजार 150 लोगों को द्वितीय खुराक दी जा चुकी है। 12 से 14 वर्ष तक के 92 हजार 704 लोगों को प्रथम खुराक व 87 हजार 010 लोगों को द्वितीय खुराक दी जा चुकी है।उन्होंने बताया सिंहपुर ब्लाक के 20650, मुसाफिरखाना 13504 व भेटुआ विकास खंड 133 62 लोगों ने प्रीकाशन डोज लगाया कर जिले में अव्वल रहे है। जनपद के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डा जकारिया चौहान ने बताया 16 अगस्त से 23 अगस्त के बीच जनपद के समस्त सरकारी कर्मचारियों को प्रीकाशन डोज लगाया जाएगा, जिसमें उन्हें आधार कार्ड कोविड प्रमाण पत्र वा मोबाइल नंबर लाना जरूरी है।

### आवारा गोवंश से परेशान तीन गांव किसानों ने दो सौ से अधिक गो वंश इकट्ठा किए

**तिलोई,अमेठी।** जब पूरा देश आजादी का अमृत उत्सव उत्सव मना रहा है तो सैकड़ों आवारा गोवंश से परेशान तीन गांव के किसानों ने 250 से अधिक आवारा गो वंश को पूरे बाबा खरगपुर गांव के पास वन विभाग द्वारा खोदी गई से बने मैदान में इकट्ठा कर दिया और चारों तरफ से कीकर की झाड़ लगाकर रोक दिया। पेंडारा,खरगपुर और जेहटा उसरहा गांव के किसान बीते कई महीनो से इन आवारा गोवंश से परेशान है लगातार किसान अपनी फसल सूखे से बचाने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रहा है उधर आवारा गोवंश उनकी फसल को चौपट कर रहे हैं बीते कई दिनों से किसान परेशान होकर ब्लाक से लेकर जनपद तक गुहार लगा रहा है कि इन आवारा गोवंश की व्यवस्था की जाय।

# सीडीओ ने कबूतर उड़ाकर की तिरंगा यात्रा की शुरुआत

**बस्ती।** आजादी के 75 वें वर्ष गांठ पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पुरानी बस्ती स्थित पठान टोला के युवाओं ने स्वतंत्रता सेनानी स्व.श्री कैलाश नाथ मिश्रा के घर से तिरंगा यात्रा निकाली। सीडीओ राजेश प्रजापति और उनकी पत्नी डॉ श्रेया ने शांति का प्रतीक कबूतर उड़ा कर यात्रा की शुरुआत की। तिरंगा यात्रा पठान टोला से शुरू होकर मंगल बाजार होते हुए दक्षिण दरवाजा चौराहे पर राष्ट्रगान पढ़ कर सामप्त हुआ। सीडीओ राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि इस उत्साह को देखकर अब यह समझा जा सकता है कि हमारे देश की आजादी हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण थी। स्वतंत्रता सेनानी कैलाश नाथ मिश्रा जी ने देश की आजादी के लड़ाई में जो योगदान दिया उसे शब्दों मैं बयान नहीं किया जा सकता। ऐसे वीरों के कारण ही आज हमारा देश आजाद हुआ है और हम खुलकर अपना जिंदगी जी पा रहे हैं।

डॉ. श्रेया ने यात्रा में आगे आगे चल रहे दिव्यांग गुलजार की सराहना की और कहा कि जब हमारे समाज के शारीरिक रूप से कमजोर दिव्यांग इस मुहिम से जुड़ गए हैं तो निश्चित ही अमृत महोत्सव का जश्न घर घर पहुंच गया है। कहा कि हमारे युवाओं को तिरंगा यात्रा के साथ साथ तिरंगे से जुड़ी बातों को भी जानना चाहिए। जीवीएम कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर संतोष सिंह ने कहा कि इस देश को बड़े ही मुश्किल दौर से गुजर कर स्वतंत्रता सेनानियों ने आजाद कराया है, हमे उनके द्वारा आजाद भारत मिला तो हमारा भी कर्तव्य है कि देश आगे कैसे जाए इस पर विचार करें। देश आगे तभी जाएगा जब देश के युवा आजादी के महत्व को समझ कर अच्छी शिक्षा लेंगे और देश की सेवा करेंगे। कार्यक्रम संयोजक इमरान अली ने कहा कि तिरंगे के रंगों ने हमें जो संदेश दिया है, हमें वचनबद्ध तरीके से उसका पालन करना चाहिए। आव्हान किया कि सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाएं और अपने बच्चों को आजादी के बारे में जानकारी दें। फैज अहमद, राहुल श्रीवास्तव, विशाल पांडे, संजय श्रीवास्तव, अब्दुल रहमान, एजाज अहमद, डब्बू श्रीवास्तव, प्रशांत त्रिपाठी, नदीम, बबलू, ज़फ़र आलम, प्रशांत श्रीवास्तव, शौरभ श्रीवास्तव, विक्की अग्रवाल, कमल जायसवाल, मनीष मिश्र, युवराज, मोहम्मद अहमद, प्रेम सागर, विनय, चंद्रशेखर मिश्र, रविन्द्र पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


स्वतन्त्रता सेनानी स्व. कैलाश नाथ मिश्र के घर से निकला तिरंगा यात्रा

# बस्ती में रही अमृत महोत्सव की धूम

## ● मैराथन दौड़ में बालिका वर्ग में नेहा चौधरी प्रथम दिव्या मिश्रा द्वितीय तथा सुशीला ने तीसरे, बालक वर्ग में सतीश चौधरी प्रथम विशाल प्रजापति द्वितीय और दुर्गेश भट्ट तीसरे स्थान पर रहे ●दिव्यांगजन ने भी टाउन क्लब से शास्त्री चौक तक निकाली तिरंगा यात्रा





**बस्ती।** जिले भर में रविवार को भी डीएम प्रियंका निरंजन की अगुवाई में आजादी के अमृत महोत्सव की धूम रही। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों की टाउनक्लब बस्ती से शास्त्री चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, रिद्म एकेडमी की डायरेक्टर डा. श्रेया, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। रैली के पूर्व सभी महानुभाव द्वारा आचार्य राम चन्द्र शुक्ल की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया गया। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर राजकीय इण्टर कालेज तथा टाउनक्लब में कार्यक्रम आयोजित करके वाद, विवाद प्रतियोगिता एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राजकीय इण्टर कालेज में जिला विद्यालय निरीक्षक डी.एस. यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया तथा वहॉ उपस्थित छात्रों को देश की आजादी के लड़ाई के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। टाउनक्लब में नगर पालिका परिषद बस्ती द्वारा 14 अगस्त से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी। इसका उद्घाटन अशोक सिंह तथा महेश शुक्ल ने किया। इस अवसर पर एडीएम अभय कुमार मिश्र, ईओ नगर पालिका, प्रेम सागर तिवारी, अमरनाथ सिंह, अरविन्द गौतम, आलम चौधरी, डा. अरविन्द्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, अजय पाल तथा नगर पालिका परिषद के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

अमृत महोत्सव के अवसर पर पांच किमी. अमृत मैराथन का बालक बालिका वर्ग में आयोजन किया गया, जो शास्त्री चौक से शुरू होकर रौता चौराहा तक गया और वापस शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में समाप्त हुआ। इस मैराथन में 52 बालक एवं 26 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में नेहा चौधरी प्रथम, दिव्या मिश्रा द्वितीय तथा सुशीला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सतीश चौधरी प्रथम, विशाल प्रजापति द्वितीय तथा दुर्गेश भट्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रैली को एडीएम अभय कुमार मिश्र ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। क्रीडाधिकारी संजय शर्मा, उप क्रीडाधिकारी प्रमोद जायसवाल, मो. आसिफखान, विकास सोनकर, आशुतोष पाण्डेय, अभिषेक श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश, ओ.पी. मिश्रा उपस्थित रहें। विक्रमजोत ब्लाक में जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में कोटेदारों द्वारा तिरंगा रैली निकाला गया तथा लोगों को जागरूक किया गया। रैली के पूर्व अधिकारियों ने ब्लाक स्थित शहीद स्मारक पर फूल माला चढाया। विकास खण्ड बनकटी पर प्रादेशिक विकास दल द्वारा मोटरसाइकिल तिरंगा रैली आयोजित की गयी, जो बनकटी मुख्य मार्ग पर गयी तथा लोगों को घर-घर तिरंगा के लिए प्रेरित किया। ब्लाक कल्याण अधिकारी अरूण पाण्डेय तथा खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें।

### तिरंगा यात्रा निकाल किया जन जागरूकता

**बस्ती।** रविवार 14 अगस्त को ओकिनावा ई-बाइक के सेल्स हेड नार्थ जोन प्रवीण शुक्ल व रीजनल मैनेजर अमन पाण्डेय के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। यह तिरंगा यात्रा प्लास्टिक कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर ओकिनावा ई-बाइक से गांधी नगर, शास्त्री चौक, कचहरी, दक्षिण दरवाजा होते हुए पुनः कार्यालय पहुंची। देश जब अंग्रेजों का गुलाम था उस समय भारतीयों के साथ अन्याय जुल्म किया जाता रहा। देश को आजादी दिलाने के लिए देश के युवा नौजवानों ने हुंकार भरा और आंदोलन किए। इन आंदोलन में हमारे युवा नौजवानों ने आजादी दिलाने के लिये अपने प्राणों की आहुति दी। सुभाष चन्द्र बोस, मंगल पांडेय, चंद्रशेखर आजाद सहित तमाम क्रांतिकारियों ने शहादत दी। आज उसी स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर आज़ादी का अमृत महोत्सव देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है आज इसी स्वर्णिम अवसर पर हम अपने देश के वीर शहीदों को नमन करते हैं जिन्होंने देश की रक्षा के लिए सीमा पर बलिदान हो गए। शुक्ल ने देश के युवाओं के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना भरने का समाज के लोगों से आह्वान किया। इस अमृत महोत्सव में ओकिनावा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।


ओकिनावा ई-बाइक से तिरंगा रैली निकालते

# पूर्व पालिका अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर किया महापुरूषों को नमन

**संतकबीरनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के पूर्व चेयरमैन जगत जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद से मेंहदावल बाईपास तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। उन्होंने शहर में स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्याप्रण किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन जायसवाल ने कहा कि देश को आजाद कराने में हमारे तमाम महापुरूषों ने काफी संघर्ष किया है और अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया है। हमें उन शहीदों और उनकी शहादत को याद रखना चाहिए। युवा पीढ़ी को इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन अमर बलिदानियों की याद में आज तिरंगा यात्रा निकाली गयी है जिसमें बड़ी संख्या मे युवा वर्ग के लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई है। तिरंगा यात्रा में अब्दुल्लाह खान, शेषनाथ यादव, रविन्द्र तिवारी, आदित्य सिंह, गौरव, जकाउल्लाह, अंकुर पंडित, रमेश गौड़, गोलू यादव, विकास राजन जायसवाल, विनोद जायसवाल, बाबू भटनागर, वसीउल्लह, गोपी जायसवाल, बिल्लू नेता, भुट्टो, फिरोज खान, मतीन खान, शशांक जायसवाल, सलमान, रजत गुप्ता, आनंद गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।


तिरंगा यात्रा निकालते पूर्व नपा अध्यक्ष।

# नपा अध्यक्ष ने खलीलाबाद में फहराया सबसे ऊँचा तिरंगा

## ● चेयरमैन ने विधायक सहित भाजपा नेताओं के साथ तिरंगा यात्रा का किया उद्घाटन

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद नगर पालिका द्वारा सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा खलीलाबाद के मेहदावल चौराहे पर सांसद इं0 प्रवीण निषाद, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा, जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव की मौजूदगी में फहराया। विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा खलीलाबाद के लिए बहुत गर्व की बात है, जो यहां जिले का पहला सबसे ऊंचा ध्वज फहराया गया। चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा के उपस्थिति में तिरंगा रैली निकाली गई। कस्बे में सैकड़ों की संख्या में भाजपाईयों ने तिरंगा यात्रा निकालने के साथ ही लोगों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने का आह्वान किया। इस दौरान उन शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में बूथ स्तर के समस्त पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिको ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीयता का जागरण करने का संकल्प लिया। साथ ही देश की आजादी के 75 वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर अमृत महोत्सव को मनाते हुए सभी से अपने-अपने घरों तिरंगा फहराने की अपील की।


मेंहदवाल चौक पर उपस्थित विधायक सहित भाजपा नेता।

# कुलपति के नेतृत्व में मुक्त विवि ने निकाला मौन जुलूस

## राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्म का हुआ प्रदर्शन, कुलपति और शिक्षकों ने सुनाई ओजपूर्ण कविताएं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो सीमा सिंह के नेतृत्व में शांतिपुरम फाफामऊ में मौन जुलूस निकाला गया। समाज विज्ञान विद्या शाखा की तरफ से आयोजित मौन जुलूस में विश्वविद्यालय के कुलसचिव निदेशक अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं शामिल रहे। इसके पश्चात आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति पर आधारित फिल्मों के प्रदर्शन में चटगांव और आजादी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म प्रदर्शन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि आज की प्रदर्शित फिल्मों ने शहीदों के बलिदान और उनके द्वारा उठाये गए कष्टों का एहसास कराया। इसी क्रम में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया। प्रदर्शनी में भारत पाकिस्तान विभाजन के दौरान मानवीय त्रासदी का चित्रण किया गया है। प्रदर्शनी में 52 से अधिक चित्रों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अटल प्रेक्षागृह में राष्ट्रभक्ति पर आधारित ओजपूर्ण कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो सीमा सिंह ने सुभद्रा कुमारी चौहान रचित काव्य पंक्तियां बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी का पाठ कर जोश भर दिया। कवि सम्मेलन में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने देशभक्ति पर आधारित ओजपूर्ण कविताएं सुनाई। मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुबह सात बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया गया है। इसके बाद सुबह बजे कुलपति प्रो सीमा सिंह प्रशासनिक भवन में ध्वजारोहण करेंगी। इसके उपरांत खेलकूद एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में तिरंगे की लाइटिंग का प्रदर्शन किया गया है।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर सेवानिवृत्त 75 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

## ● आईजी और पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 पिंक सेवा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। संतकबीरनगर

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों तथा जनपद के 75 अच्छे कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को शाल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, प्रभारी महिला थाना सरोज शर्मा, प्रभारी निरीक्षक यूपी 112 मंजू सिंह, प्रभारी निरीक्षक दुधारा सर्वेश राय, प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल जयवर्धन सिंह, प्रभारी निरीक्षक स्वाट धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी रिजर्व पुलिस लाइन उनि अजय सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उनि अमित कुशवाहा सहित अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर से पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सोनम कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में यूपी 112 की दोनों तरफ तिरंगा झण्डा लगी 10 गाड़ियों में सवार 40 पुलिसकर्मियों व पुलिस की महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की पिंक वाहन की 02 गाड़ियों व 45 अन्य पैदल महिला पुलिसकर्मियों की तिरंगा मार्चपास्ट को हरा झण्डा दिखाकर रवाना किया। तिरंगा मार्च पास्ट रिजर्व पुलिस लाइन खलीलाबाद से शुरु होकर कलेक्ट्रेट परिसर, महिला थाना, विकास भवन, तहसील खलीलाबाद परिसर होते हुए पुन: रिजर्व पुलिस लाइन में समाप्त हुआ। तिरंगा मार्च पास्ट के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रभारी महिला थाना सरोज शर्मा, प्रभारी निरीक्षक यूपी 112 मंजू सिंह, प्रभारी रिजर्व पुलिस लाइन उनि अजय सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उनि अमित कुशवाहा सहित अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


पुलिसकर्मी को प्रशस्ति पत्र देते आईजी रेंज बस्ती।

# कारागार मंत्री ने किया पीएचसी शाहपुर का निरीक्षण

**सीतापुर।** कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में भारी खामियां मिलीं। यहां मरीजों के लिए कोई शौचालय नहीं है, रूम टूटा पड़ा है, स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी मिली। कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। एएनएम मीर देवी के सहारे अस्पताल संचालित होता पाया गया। इस बदहाली पर कारागार राज्यमंत्री ने नाराजगी जताई। सफाई कराने के निर्देश दिए। एएनएम मीरा देवी ने बताया कि हमारे पास डिलीवरी कराने के उचित साधन नहीं हैं। हम लोग संसाधनों के अभाव में किसी तरह से डिलीवरी करते हैं। सीएचसी अधीक्षक तम्बौर अनन्त कुमार मिश्रा से से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया जो अनुपस्थित हैं जांच करके स्पष्टीकरण लिया जाएगा।

# हुसैनी मस्जिद के इमाम ने रिमझिम फुहारों के बीच निकाली तिरंगा यात्रा

**रामपुरा** (जालौन)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत और भारत सरकार के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रामपुरा नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगो ने बरसते पानी मे भीगते हुए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। हुसैनी मस्जिद के इमाम जरीफहनफी ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल पूरा होने के उत्सव को इस बार काफी बड़े महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। श्आजादी का अमृत उत्सवश् के तहत इस बार नगर में श्हर घर तिरंगाश्अभियान की शुरूआत की है। जिससे जुड़कर आप भी अपने घर पर तिरंगा लगा सकते हैं। तिरंगा यात्रा में मस्जिद के मदरसे के बच्चों के साथ मुस्लिम भाई हाथ में तिरंगा फहराते हुए डीजे पर देश भक्ति गीतों पर थिरकते हुए जय हिंद के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर मौलाना जरीफहनफी के साथ नगर चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, अमित पुरवार, शानू खान सभासद, रामलला सभासद, अमर सिंह मई, संतोष प्रजापति, मुख्तार, अमीन, आसिफ बब्लू पठान, साहिल, इमरान, बसीम, यासीन आदि सहित सैकड़ों मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, अनेकों गांवों में पहुंची

**रामपुरा** (जालौन)। विकास खण्ड के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर द्वारा शनिवार को ग्राम मकटौरा से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर विकास खण्ड क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों से होते हुए मकटौरा में समापन की। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विकास खण्ड रामपुरा के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर द्वारा शनिवार को गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा का आगाज किया। तिरंगा यात्रा ग्राम मकटौरा से शुरू होकर बहादुरपुरा, ल, उमरी, टीहर, रामपुरा, जगम्मनपुर, हुसेपुरा, लिढ़ऊपुर, लिटावली होते हुए बिलुहा में शहीद स्मारक पर तिरंगा लहराते हुए मकटौरा पर समापन कर दिया। इस भव्य तिरंगा यात्रा में 500 से अधिक क्षेत्रीय लोगो ने अपने वाहनों के साथ हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर वन्दे मातरम के नारे लगाकर रैली में शामिल हुए। ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने डीजे पर देश भक्ति गानों के साथ तिरंगा यात्रा को केशरिया रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा समापन में विधायक ने संबोधित किया।

# युवक ने पिता और दादी पर किया जानलेवा हमला

**बरेली** । शराब के लिए पैसे ना देने पर गुस्साए युवक ने सो रहे पिता और दादी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हमलावर फरार बताया जाता है

सुभाष नगर थाना क्षेत्र के रविंद्र नगर निवासी सुखराम और उसकी मां राजेश्वरी देवी को आज सुबह तड़के इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविंदर ने बताया कि उसका बेटा 21 वर्षीय सचिन शराब शादी है और अक्सर शराब के नशे में घर में हंगामा करता है और शराब पीने के लिए पैसे मांगता है आज सुबह जब घर के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे तो सचिन शराब के नशे में घर आया और उसने हंगामा करते हुए शराब पीने के पैसे मांगे लेकिन सो रहे लोगों ने उसकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया और वह सोते रहे इसी से नाराज सचिन ने चाकू से पिता सुखराम और दादी रामेश्वरी पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने सुखराम बार राजेश्वरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया हमलावर सचिन मौके से फरार हो गया पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है

**घरेलू कलह के चलते महिला ने जहर खाया:** बरेली। पति से हुए मामूली विवाद के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया शाही थाने के गांव हल्दी कला निवासी सोम प्रकाश की 25 वर्षीय पत्नी शीला को आज सुबह घरवालों ने इलाज के लिए बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि शीला का आज सुबह अपने पति सोमप्रकाश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज सोमप्रकाश ने उसकी डांट लगा दी और घर से बाहर चला गया उसके जाने के कुछ देर बाद शीला ने घर में रखा जरीला पदार्थ खा लिया कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी घर वालों ने घटना की जानकारी सोमपाल को दी जो घर वापस लौटा और शीला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे शीला के मायके वालों ने सोमपाल और उसके भाइयों पर आरोप लगाया कि उन्होंने शीला को जबरन जहर दिया है

**पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश:** बरेली। खेत में लगे पेड़ पर युवक की लाश लटकी हुई पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव गिरधारी पुर में आज सुबह जंगल में जा रहे स्थानीय लोगों ने गांव के बाहर स्थित खेत की मेढ पर लगे पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे एक युवक की लाश को लटके देखा मृतक की गर्दन में बंधी रस्सी बंधी थी और उसके धड़ का अधिकतर हिस्सा जमीन पर टिका हुआ था घटना की सूचना जैसे ही गांव के लोगों को मिली बड़ी संख्या मैं लोग मौके पर पहुंच गए और उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी उसकी शिनाख्त नहीं कर सका तब पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा समझा जाता है कि युवक की हत्या करने के बाद उसकी लाश को पेड़ पर लटकाया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है

**दो लोगों पर बंदरो नें किया हमला:** बरेली। दो अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में 2 लोगों पर बंदरों ने हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर निवासी मनजीत सिंह पर आज सुबह बांके बिहारी मंदिर के सामने बंदरों ने घेर कर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए मनजीत सिंह ने बताया कि वह आज सुबह मंदिर के सामने रहने वाले अपने एक दोस्त से मिलने के लिए पैदल ही उसके घर जा रहे थे लेकिन जैसे ही वह बांके बिहारी मंदिर के पास पहुंचे अचानक बंदरों के एक झुंड ने उनको घेर लिया और हमला कर दिया तभी एक बंदर ने उनके पैर में जोरदार तरीके से काटा जिससे उनका पैर घायल हो गये मौके अन्य बंधुओं ने भी उन पर हमला किया मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को लाठी-डंडों से भगाया सूचना मिलने पर मनजीत सिंह के घर वाले मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए

इसके अलावा कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारीपुर निवासी रिटायर्ड शिक्षक हाजी अमीरुद्दीन को भी जिला अस्पताल लाया गया जहां उनके घर वालों ने बताया कि अमीरुद्दीन आज सुबह रोजाना की तरह करने के लिए गांधी उद्यान गए थे जहां उद्यान के अंदर ही बंदरों के झुंड ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और हमला कर दिया जिससे अमीरुद्दीन घायल हो गए पार्क में टहलने आए अन्य लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाया और अमीर उद्दीन के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# डीएम ने लिया तिरंगा यात्रा में हिस्सा

**संवाददाता।** चित्रकूट



**आजादी** की 75 वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रविवार को बरहा के हनुमान मंदिर पंचायत भवन खोही परिक्रमा मार्ग से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने कामदगिरि तिरंगा परिक्रमा यात्रा में शामिल होकर यात्रा को रवाना किया।

पंचायत भवन खोही सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने तिरंगा परिक्रमा यात्रा में शामिल आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि नगरपालिका, नगर पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों द्वारा सभी जगह हर घर तिरंगा का वितरण किया जा चुका है। यह आजादी का अमृत महोत्सव 11 अगस्त से 17 अगस्त तक जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें 13 अगस्त से 15 अगस्त तक विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। जिसमें कल विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा पटेल तिराहा से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई और आज नगर पालिका पर्यटन विभाग के माध्यम से कामदगिरि तिरंगा परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जो यह 'कामदगिरि परिक्रमा तिरंगा यात्रा देश के प्रति श्रद्धा को परिलक्षित करेगी। उन्होंने कहा कि तीर्थ क्षेत्र में काफी विकास कार्य शासन के साथ-साथ जन सहयोग से भी यहां पर किया गया है। यहां के विकास के लिए और कार्य योजना बनाई जा रहे हैं। जिससे परिक्रमा मार्ग और सुंदर बने और पर्यटन को बढ़ावा मिले। इसके लिए जिला प्रशासन कार्य कर रहा है यह धरती मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की तपोस्थली है। हम सब लोग आज यह पर्व मना रहे हैं, इसके साथ ही आज रामघाट पर साइलेंट मार्च का कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सायं काल कराया जाएगा। साथ ही 15 अगस्त को मैराथन दौड़, गणेश बाग में पुरातत्व विभाग की तरफ से वृहद स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ साथ पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। कामदगिरि स्वच्छता समिति एवं गायत्री शक्तिपीठ के डा0राम नारायण त्रिपाठी ने जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों एवं आम जनमानस का इस कामदगिरि परिक्रमा तिरंगा यात्रा में स्वागत किया। तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत किया।

कामदगिरि तिरंगा परिक्रमा यात्रा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उपजिलाधिकारी राजबहादुर, तहसीलदार कर्वी राजेश कुमार पाठक, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी राम अचल कुरील, एसआई के के शुक्ला, जिला समन्वयक शिवा गुप्ता, ग्राम खोही पंचायत के निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य नागरिक साधु संत तथा आम जनमानस शामिल रहा।

# फैक्ट्री में क्रेन से गिर कर हुई इलेक्ट्रीशियन की मौत

**संवाददाता।** सुमेरपुर (हमीरपुर)

**कस्बा** सुमेरपुर के फैक्ट्री एरिया क्षेत्र में संचालित रिमझिम इस्पात फैक्ट्री में क्रेन में काम कर रहे एक इलैक्ट्रीशियन की क्रेन से गिरकर मौत हो गयी।

पुलिस के अनुसार फैक्ट्री में फतेहपुर जनपद के जहानाबाद क्षेत्र के कलानाशराय धरमपुर निवासी बृजेन्द्र स्वरूप पाठक (45) इलेक्ट्रीशियन के पद में पिछले कई वर्षो से काम कर रहा था। शनिवार की रात्रि जब वह क्रेन में काम कर रहा था तभी वह क्रेन की ऊंचाई से अचानक नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर फैक्ट्री प्रबन्धन द्वारा उसे गंभीर हालत में उपचार के लिये ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गयी। खबर सुनकर फैक्ट्री के वर्कर इकठ्ठे होकर नारे बाजी करने लगे और पुलिस ने आकर हंगामे को शांत कराया।बताया गया कि मृतक फैक्ट्री में पिछले एक दशक से इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहा था। मृतक अपने पीछे पत्नी चम्पा पाठक व पुत्र शिवांश पाठक पुत्री वैष्णवि व गौरी तथा दो छोटे भाई गोपाल व बबलू को छोड़ गया। घटना की खबर पाकर सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

## यमुना व बेतवा नदी में बढ़ रहा है पानी

**हमीरपुर।** यमुना नदी में हथिनीकुंड बैराज व बेतवा नदी मे माताटीला बांध से पानी छोड़ जाने से आज रात में दोनो नदियों में करीब तीन मीटर जल स्तर बढ़ने की आशंका व्यक्त की गयी है।

मौदहा बांध के अधिशासी अभियंता करनपाल सिंह ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 2.32 लाख क्यूसिक व माताटीला बांध से बेतवा नदी में दो लाख क्यूसिक पानी छोड़ा गया है जिससे दोनो नदियो में करीब तीन मीटर जल स्तर बढ सकता है,इस समय यमुना नदी का जल स्तर 94.550 मीटर व बेतवा नदी का जलस्तर व बेतवा नदी का जलस्तर 95.220 मीटर है। यह जल स्तर रात में बढ़ सकता है। उन्होने बताया कि यमुना नदी का का खतरे का निशान 103.540 व बेतवा नदी का खतरे का निशान 104.640 मीटर है। निशान 104.640 मीटर है। नदी में बाढ़ आने की आशंका के चलते नदी के किनारे रहने वाले लोगो को चेतावनी जारी कर दी गयी है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस की धूम, निकली तिरंगा यात्रा

**संवाददाता।** कुसमिलिया (जालौन)

**आजादी** के 75वें वर्ष पूरे होने पर जिले भर में कार्यक्रम महोत्सव की धूम है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसे पुरजोर तरीके से मनाने के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को डकोर ब्लाक के मकरेछा गांव में ग्रामीणों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व ग्राम प्रधान धर्मेंद्र राजपूत ने किया। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा को लेकर घर-घर तिरंगा का वितरण किया गया है, सभी से अपील की गई है कि वह अपने घरों में तिरंगा झंडा जरूर लगाएं। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा को लेकर घर-घर तिरंगा का वितरण किया गया है, सभी से अपील की गई है कि वह अपने घरों में तिरंगा झंडा जरूर लगायें गांव में सुबह 10 बजे के आसपास पंचायत भवन में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर तिरंगा लेकर गांव भ्रमण करना शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों ने देशभक्ति के गीत गाते हुए देश के अमर शहीदों को याद किया। साथ ही साथ उनके बलिदान के प्रति आभार जताया। तिरंगा यात्रा निकालने से पहले ग्राम प्रधान ने लोगों के घर घर जाकर कई घरों में खुद तिरंगा झंडा भी लगाया और लोगों से यात्रा में शामिल होने की अपील भी की। ग्राम प्रधान मकरेछा बताया कि अब 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन ग्राम पंचायत कार्यालय में झंडारोहण किया जाएगा। जिसमें अमर बलिदानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धाभाव जताया जाएगा। तिरंगा यात्रा में ग्राम प्रधान धर्मेंद्र राजपूत, पंचायत सहायक नेहा राजपूत, रामश्री , आशा, पार्वती राजपूत सहित सैकडो ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिला आरक्षियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**उरई (जालौन)।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार द्वारा महिला आरक्षीगण एवं बाल सुरक्षा संगठन की तिरंगा यात्रा को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। जिसमें महिला आरक्षियों द्वारा सम्मिलित होकर नगर उरई के विभिन्न स्थानों से होते हुये तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य आम जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना व आम जनमानस में सुरक्षा व शांति हेतु पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास कायम रखना है।

## निषाद पार्टी ने निकाली बाइक रैली

**कालपी (जालौन)।** देश की आजादी के 75 वे वर्षगांठ पर निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा संजय कुमार निषाद के आदेशानुसार कालपी नगर में तिरंगा बाइक रैली निकाल कर मनाया गया।

# अमृत महोत्सव देश के प्रति भावनात्मक जुड़ाव का मूल सूत्रः डा. अनुरागी

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**आजादी** के 75 वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है साथ ही 11 से 15 अगस्त 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के चौथे दिन को जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा व जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रप्रेम से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना से शुभारंभ किया गया। इस दौरान संस्कृत विभाग से कथक नृत्य टीम व छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की मंशा अनुसार देश एवं प्रदेश में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा



कि आजादी का अमृत महोत्सव देश के प्रति भावनात्मक जुड़ाव का मूल सूत्र है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो देशभक्ति का जज्बा देखा गया वह अभूतपूर्व था। उन्होंने कहा कि उसी जोश को हमें अपनी आज की पीढ़ी में आत्मसात करने और राष्ट्र निर्माण के लिए आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव देशभक्ति के जोस का माहौल तैयार कर रहा है और राष्ट्र निर्माण के साथ हमारे युवाओं के भावनात्मक जुड़ाव को स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि नुपुण भारत मिशन के तहत प्रदेश में शिक्षा के प्रति नया आयाम स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को डॉक्टर, ईंजीनियर, टीचर, आईएस आदि बनाना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने हर वर्ग हर समुदाय के बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान हो उसके लिए नुपुण भारत मिशन संचालित की है जो मील का पत्थर भविष्य में साबित होगी। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत ऑडिटोरियम हॉल में एक भव्य आयोजन कराया जा रहा है ताकि आमजन के मन में राष्ट्रप्रेम जागृत रहे। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने किस तरह अंग्रेजों से लड़ाई कर प्राणों की आहुति देकर देश आजाद कराया उनके बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जनपद में भव्य कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। उन्होंने नुपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के सर्जन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी व गणित छात्र छात्राओं को ज्ञान हो गया तो समझे सभी सब्जेक्ट में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि नुपुड भारत मिशन जनपद जालौन में अभियान के तहत शुरुआत की जाए इसमें कार्यक्रम भी कराए जाएं जो भी स्कूल के छात्र छात्राएं का बेहतरीन परफॉर्मेंस रहेगा उन्हें सम्मानित भी किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान से संबंधित दक्षताओं की संप्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजादी व शिक्षा का बहुत बड़ा संबंध है उन्होंने कहा कि अभिभावक चाहते हैं कि हमारे बच्चे डॉक्टर मास्टर इंजीनियर आईपीएस आईएएस आदि अधिकारी बनें जिसके लिए उन्हें गुणवत्ता से पढ़ाई करनी होगी और स्वयं निर्णय लेने होंगे।

## भाजपा सरकार में अराजकता का बोलबालाः फराज खान

**चित्रकूट।** सपा के संस्थापक सदस्य/कई बार के कैबिनेट मंत्री मो आजम खान का जन्मदिवस सपाइयों ने जिला महासचिव फराज खान के आवास पर केक काटकर अपने नेता के दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। रविवार को सपा जिला महासचिव फराज खान ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तो महंगाई व भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस से लेकर खाद्य सामग्री सभी के दाम आसमान चूमने लगे हैं। थाना-कचहरी में जनता की सुनवाई नहीं हो रही। हर तरफ अराजकता व लूट का बोलबाला है। भाजपा धर्म और समाज में जहर फैलाकर सत्ता में आई है। उसी के सहारे सत्ता में बनी रहना चाहती है। विकास, महंगाई, बेरोजगारी जैसे आम जनता के मुद्दों से सरकार को कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने पूरे प्रदेश के किसान, नौजवान, मजदूर और महिलाओं से अधिक से अधिक सदस्यता ग्रहण करने की अपील की।

## जीआईसी स्कूल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**माधौगढ़** (जालौन)। आजादी के अमृत महोत्सव का रंग धीमे धीमे सभी जगह चढ़ने लगा है। आजादी के उत्साह में लवरेज आमजन तिरंगा लेकर जोश से भरा हुआ है। इसमें कोई भी पीछे नहीं रहना चाहता है। जिसमें जीआईसी कॉलेज बंगरा के प्रधानाचार्य जयदेव नगायच के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बलिदान हुए शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, सुखदेव, राजगुरु और चन्द्रशेखर आजाद की झांकी भी निकाली। जो बंगरा स्कूल से शुरू हुई और बंगरा की गलियों में तिरंगा के साथ निकाली गई। स्कूली छात्र-छात्राओं ने भारत माता जय के साथ देश भक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए। तिरंगा यात्रा पर नगर वासियों ने फूल बरसाए। इस दौरान गोविंद वर्मा, श्यामबिहारी वर्मा, इन्द्रप्रताप,योगेंद्र कुमार, अवधेश, अरुण, अमित कुमार, श्रीधर, श्यामसुंदर शर्मा, गौतम बाथम, श्रीप्रकाश आदि शामिल रहे।

## छात्र संघ पदाधिकारियों ने ली शपथ

**जालौन** (उरई)। स्वामी विवेकानंद के छात्र संघ के चुनाव में विभिन्न पदों पर छात्रों का चयन किया गया। उनका शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में छात्रों को दायित्व सौंपने के लिए, छात्र संघ का चुनाव कार्यक्रम संपन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम में सेनापति पद पर अमन तिवारी, उप सेनापति पद पर श्यामजी हिंगवासिया, प्रधानमंत्री विवेक राजावत, उप प्रधानमंत्री कन्हैया मिश्रा एवं वंदना मंत्री यश प्रजापति को चुना गया।

## मोटो का नया फोन लॉन्च

**लखनऊ।** मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज में अपने सबसे लेटेस्ट 5जी स्मार्टफ़ोन मोटो जी62 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की। यह डिवाइस ब्लेज़िंग फ़ास्ट क्वॉलकॉम स्नैपड्रैगन 695 5जी प्रोसेसर के साथ आता है जो कि उपभोक्ताओं के फ़ोन की परफ़ॉर्मेंस को बूस्ट करने के साथ साथ उन्हें सीमलेस एक्सपीरियंस भी प्रदान करता है और वह भी एक शानदार शुरुआती एक्सक्लूसिव कीमत 16249 रुपए के साथ। मोटो जी62 5जी की बिक्री 19 अगस्त 2022 से दो आकर्षक कलर वैरिएंट मिडनाइट ग्रे और फ़्रॉस्टेड ब्लू के साथ एक्सक्लूसिवली फ़्लिपकार्ट तथा लीडिंग रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। फ़ोन दो वेरिएंट 6जीबी128जीबी एवं 8जीबी128जीबी में उपलब्ध होगा।

# तिरंगा बाइक रैली में वीर सपूतों की निकलीं झांकियां



**संवाददाता।** चित्रकूट

**श्री** सदगुरु सेवा संघ जानकीकुंड ने आज 75वें आजादी अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा बाइक रैली धर्मनगरी में निकाली। इस बाइक रैली को सदगुरु सेवा संघ के डायरेक्टर/ट्रस्टी डा बीके जैन व ट्रस्टी मनोज पंड्या मुंबई ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में वीर सपूतों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जो लोगो को आकर्षित कर रहीं थी। रविवार को डा बीके जैन ने इस रैली से सभी चित्रकूटवासियों से हर घर तिरंगा लगाने की अपील की। डा जैन ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मना रहे हैं। आज श्री सदगुरु सेवा संघ ने बाइक तिरंगा रैली निकाल कर चित्रकूटवासियों को संदेश दे रही है कि पूरे हर्षोल्लास के साथ आजादी अमृत महोत्सव मनाए और हर घर झंडा लगाए। ये आजादी पाने को हमारे पूर्वजों ने अपना बलिदान दिया। इस आजादी को हम सभी को बहुत संभाल कर रखना होगा। वहीं मुंबई से आए श्री सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी मनोज पंड्या ने कहा कि ये आजादी हमारे पूर्वजों ने दिलाई है। इस आजादी के अमृत महोत्सव को हमे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाला गया मौन जुलूस

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**देश** के विभाजन और उसके उपरांत हुई त्रासदी के संबंध में रविवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर गांधी बाजार स्थित गांधी चबूतरे तक मौन जुलूस निकाला।

जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ रविवार को शाम 5.30 बजे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर मौन रूप में कलेक्टर परिसर में एकत्रित होकर आंबेडकर चौराहे होते हुए गांधी प्रतिमा पर समाप्त हुई। इसके बाद डीवीसी डिग्री कालेज पर मौन जुलूस का आयोजन किया। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन टाउन हाल में किया गया। जिसमें आजादी के पूर्व देश के विभाजन और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुई दुनिया की सबसे बड़ी मानवीय देशांतर के दृश्यों को प्रदर्शित किया गया। पाकिस्तान से निर्वासित होकर लोग भारत के कई गांवों के आसपास शरणार्थी कैंपों में रुके थे। इनके बारे में भी बताया गया। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन विभीषिका से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन टाउन हाल में किया गया। आजादी की पहली लड़ाई से लेकर आजादी मिलने तक 90 वर्ष के कालखंड में देश ने विभिन्न प्रकार की यातनाएं तत्कालीन शासकों से झेली हैं उनको याद करते हुए सभी ने मौन जुलूस निकाला। इस दौरान सीडीओ अभय कुमार, सीएमओ डा. एनडी शर्मा, उपायुक्त मनरेगा डा. अवधेश दीक्षित, सिटी मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, एडीएम न्यायिक मोतीलाल यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो भाजपा नेताओं की मौत

**संवाददाता।** जालौन (उरई)





**शनिवार** की रात एक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे दो भाजपा नेताओं की बाइक में भिटारा के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दोनों नेताओं की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद निवासी किसान एवं भाजपा के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य आनंद मोहन चतुर्वेदी (43) अपने साथी व किसान व भाजपा नेता देवेश कुमार पटेल (45) हाल निवास आवास विकास कॉलोनी के साथ शनिवार की शाम उरई रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात करीब साढ़े 11 बजे दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। तभी भिटारा से निकलते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक से उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई। हैलमेट न पहने होने एवं सिर में चोट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बता दें, आनंद मोहन चतुर्वेदी के परिवार में पत्नी पूजा के अलावा दो पुत्रियां वैशाली और विशाखा व एक पुत्र सागर (10) है। वहीं, देवेश पटेल के परिवार में पत्नी सुधा, पुत्री साक्षी व पुत्र कार्तिक (15) हैं। उनके निधन की सूचना जब उनके परिवार में पहुंची तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। उधर, हादसे में गांव के दो लोगों के निधन की खबर सुनकर गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। गांव के लोगों दोनों की परिवारों को धैर्य बंधाने के लिए पहुंचे। बता दें, आनंद मोहन चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में प्रचारक के तौर पर भी कार्य किया है।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर्व पर शिक्षकों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**रविवार** को आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के क्रम में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने स्टेशन रोड स्थित शिक्षक भवन से राजकीय मेडिकल कालेज के ऑडीटोरियम हॉल तक तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में विकासखंड डकोर के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुये।

गौरतलब हो कि देश को आजादी मिले 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। जिसे समूचा देश आजादी का अमृत महोत्सव पर्व के रूप में मना रहा है। पिछले सप्ताह भर से ग्रामीणांचल से लेकर शहरी क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा की धूम मची हुयी है। जिसे देखकर हर व्यक्ति देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत होता दिखायी देता है। रविवार को निकाली गयी तिरंगा यात्रा में डकोर ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र राजपूत, ब्लॉक मंत्री राजेश शुक्ला के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा आजादी का अमृत महोत्सव प्राथमिक शिक्षक संघ डकोर की रैली निकाली गयी जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षक रामराजा द्विवेदी, निर्दोष द्विवेदी, दीपक पटेरिया, अमित गुप्ता, गोपाल कृष्ण त्रिपाठी, सिद्धगोपाल राजपूत, केदार स्वर्णकार, सेवानिर्वित अध्यक्ष ओम प्रकाश श्रीवास्तव, महेंद्र भाटिया पूर्व अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, वैभव शुक्ला, अरुणा पांडे, निधि गुप्ता, अजीत शर्मा, देवेंद्र पाल, सौरभ गुप्ता, शाह आलम, हेमंत गुप्ता, नीरज निरंजन, शैलेंद्र त्रिपाठी संदीप दीक्षित सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता कर अपने हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुये चल रहे थे।

# चित्रों में दिखा विभाजन की विभीषिका का दर्द

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**विभाजन** विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का आयोजन टाउन हॉल उरई में किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट कुं. वीरेंद्र कुमार मौर्य एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर लगाए गए लगभग 100 चित्रों द्वारा विभाजन की विभीषिका को प्रदर्शित किया गया।

उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त 1947 को भारत विभाजन के कारण जो सामाजिक आर्थिक भौगोलिक विभाजन हुआ था उससे लगभग 1 करोड़ 40 लाख लोगों को भयंकर यातना एवं त्रासदी का सामना करना पड़ा था 14 अगस्त 1947 का दिन भारत के लिए सबसे मुश्किल दिन था बंटवारे की सीमा रेखा तय नहीं



हुई थी दोनों ओर से भयंकर पलायन एवं असहनीय पीड़ा की घड़ी थी उन्हीं कड़वी यादों से नई पीढ़ी को अवगत कराने के लिए यह विभीषिका प्रदर्शनी आयोजित की गई इस अवसर पर विभाजन से जुड़े परिवारों के तीसरी पीढ़ी के बच्चे बच्चों ने अवलोकन किया इस अवसर पर उई विकास प्राधिकरण के प्रभारी सहायक अभियंता प्रमोद कुमार पटेरिया, अवर अभियंता सुधीर सिंह, अवर अभियंता विजय कुमार, समाजसेवी नफीस अहमद, अवधेश जयशवाल प्राधिकरण के कर्मचारी शंकर, सुमित, धर्मेंद्र, अभिषेक, आर्किटेक्ट संजीव सक्सेना, शुभम नामदेव, शिवम गुप्ता आदि उपस्थित रहे नगर के नगर के गणमान्य नागरिकों में शांति स्वरूप महेश्वरी, लक्ष्मण दास बवानी, विनोद अहिरवार, डॉक्टर कुमारेंद्र सिंगर एवं अन्य अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।